वर्ष 24, अंक 249, पृष्ठ 08, मूल्य: 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | गुरूवार 19 मार्च 2026 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# BHAVYA योजना से मिलेंगे लाखों रोजगार

## हाईवे, हाइड्रो पावर और एमएसपी पर भी हुआ बड़ा फैसला

**नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आज केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में कई अहम फैसले लिये। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक संवाददाता सम्मेलन में सरकार के इन फैसलों की जानकारी दी। देखा जाये तो देश की अर्थव्यवस्था को नई रफ्तार देने और आत्मनिर्भर भारत के सपने को जमीन पर उतारने के लिए मोदी सरकार ने एक साथ कई बड़े और निर्णायक फैसले लेकर यह साफ कर दिया है कि अब विकास केवल नारा नहीं बल्कि ठोस रणनीति बन चुका है। उद्योग, ऊर्जा, आधारभूत संरचना और किसानों के हितों को एक साथ साधने वाली यह श्रृंखला देश की दिशा बदलने की ताकत रखती है।



सबसे बड़ा और सबसे असरदार फैसला है भारत औद्योगिक विकास योजना अर्थात भव्य का शुभारंभ। तैंतीस हजार छह सौ साठ करोड़ रुपये के भारी भरकम निवेश से देशभर में सौ प्लग एंड प्ले औद्योगिक पार्क विकसित किए जाएंगे। यह सिर्फ जमीन पर फैक्टरी लगाने की योजना नहीं है बल्कि उद्योगों के लिए तैयार मंच देने की क्रांति है। अब निवेशक को अनुमति, जमीन, बिजली, पानी और ढांचे के लिए दर दर नहीं भटकना होगा। सब कुछ पहले से तैयार मिलेगा और उद्योग सीधे उत्पादन शुरू कर सकेगा।

यह योजना राज्यों और निजी क्षेत्र की भागीदारी से लागू होगी और एक नई प्रतिस्पर्धा पैदा करेगी जिसमें वही राज्य आगे आएंगे जो सुधार और निवेश के लिए तैयार होंगे। एक करोड़ रुपये प्रति एकड़ तक की सहायता के साथ तैयार कारखाना शेड, गोदाम, परीक्षण प्रयोगशाला और श्रमिक आवास जैसी सुविधाएं उद्योगों को नई ताकत देंगी। यह कदम न केवल रोजगार का विस्फोट करेगा बल्कि भारत को वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनाने की दिशा में निर्णायक मोड़ साबित होगा।

इसके अलावा, ऊर्जा के मोर्चे पर भी सरकार ने साफ संकेत दे दिया है कि अब विकास और पर्यावरण साथ साथ चलेंगे। छोटी जल विद्युत परियोजना के तहत दो हजार पांच सौ चौरासी करोड़ रुपये खर्च कर पंद्रह सौ मेगावाट क्षमता विकसित की जाएगी। खास बात यह है कि यह परियोजनाएं पहाड़ी और पूर्वोत्तर क्षेत्रों में लगेंगी जहां अब तक विकास की गति धीमी रही है।

इन परियोजनाओं से न केवल स्वच्छ ऊर्जा मिलेगी बल्कि दूरदराज के इलाकों में निवेश और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। निर्माण के दौरान 51 लाख व्यक्ति दिवस रोजगार और लंबे समय तक संचालन में रोजगार का स्थायी स्रोत तैयार होगा। यह योजना बिना बड़े विस्थापन और पर्यावरणीय नुकसान के विकास का नया मॉडल पेश करती है।

इसके साथ ही सड़क और संपर्क के क्षेत्र में भी सरकार ने बड़ा दांव खेला है। उत्तर प्रदेश में बाराबंकी से बहराइच तक चार लेन नियंत्रित राजमार्ग के निर्माण को मंजूरी दी गई है जिस पर लगभग छह हजार नौ सौ उनहत्तर करोड़ रुपये खर्च होंगे। यह परियोजना केवल सड़क नहीं बल्कि आर्थिक धमनी साबित होगी। तेज रफ्तार, कम समय, कम ईंधन खर्च और बेहतर सुरक्षा के साथ यह मार्ग नेपाल सीमा तक व्यापार और आवाजाही को नई गति देगा। रुपईडीहा भूमि बंदरगाह तक पहुंच आसान होगी और कृषि व्यापार, पर्यटन तथा सीमापार कारोबार में उछाल आएगा। यह परियोजना लाखों व्यक्ति दिवस रोजगार पैदा करेगी और पूरे क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को नई जान देगी।

इसके अलावा, किसानों के लिए भी सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। कपास किसानों को सीधी राहत देने के लिए सत्रह सौ अठारह करोड़ रुपये से अधिक की सहायता को मंजूरी दी गई है। न्यूनतम समर्थन मूल्य व्यवस्था के तहत कपास निगम किसानों से सीधे खरीद करेगा ताकि बाजार में गिरते दाम के कारण किसानों को नुकसान न उठाना पड़े। हम आपको बता दें कि करीब साठ लाख किसानों और उनसे जुड़े करोड़ों लोगों की आजीविका कपास पर निर्भर है। ऐसे में यह फैसला केवल आर्थिक सहायता नहीं बल्कि किसानों के भरोसे को मजबूत करने वाला कदम है। देश में ग्यारह प्रमुख कपास उत्पादक राज्यों के एक सौ बावन जिलों में पांच सौ आठ खरीद केंद्रों के जरिए यह सुनिश्चित किया गया है कि किसान को अपनी उपज बेचने के लिए परेशान न होना पड़े।

इन सभी फैसलों को एक साथ देखा जाए तो तस्वीर बिल्कुल साफ नजर आती है। एक तरफ उद्योग को गति, दूसरी तरफ ऊर्जा को मजबूती, तीसरी तरफ सड़कों से जुड़ाव और चौथी तरफ किसानों को सुरक्षा। यही समन्वित विकास मॉडल भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की असली कुंजी है। सरकार का यह आक्रामक विकास एजेंडा दिखाता है कि अब लक्ष्य छोटे नहीं हैं। रोजगार, निवेश, निर्यात और आत्मनिर्भरता को एक साथ साधने की यह रणनीति अगर जमीन पर पूरी ताकत से लागू होती है ।

# अली लारिजानी की मौत के बाद फूटा रूस का गुस्सा

**ईरान**

**अमेरिका** और इजराइल की तरफ से ईरान पर हमले लगातार जारी हैं, जबकि ईरान भी जवाबी कार्रवाई कर रहा है. इससे पूरा मध्य पूर्व तनाव की चपेट में है और वैश्विक ऊर्जा संकट गहराता जा रहा है. कल रात और आज तड़के की सबसे बड़ी खबर यह रही कि इजरायल ने ईरान के दो बड़े नेताओं को मार गिराया. इनमें ईरान के सुप्रीम नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल के चीफ अली लारीजानी शामिल हैं, जिनकी मौत की पुष्टि ईरान ने खुद कर दी.



साथ ही ईरान के कुख्यात पैरामिलिट्री फोर्स बसीज के हेड ब्रिगेडियर जनरल गुलामरेजा सुलैमानी भी मारे गए. इजरायल ने दावा किया कि ये दोनों हाई-प्रोफाइल टारगेट पिछले रात के एयर स्ट्राइक्स में एलिमिनेट कर दिए गए और ईरान ने इन मौतों को स्वीकार करते हुए कहा कि ये हमले उसके सीनियर लीडरशिप को निशाना बना रहे हैं।

## सड़क के बीच में छोड़ा हैंडपंप, इंजीनियर्स की लापरवाही

**मिर्जापुर**

**मिर्जापुर** में सरकारी लापरवाही की एक हैरान करने वाली तस्वीर सामने आई है. जहां पीडब्ल्यूडी इंजीनियरों ने सड़क निर्माण के दौरान बीच रास्ते में ही चालू हैंडपंप छोड़ दिया. इस अजीबोगरीब चूक ने न सिर्फ लोगों को चौंकाया, बल्कि सड़क पर चलने वालों के लिए बड़ा खतरा भी खड़ा कर दिया. जानकारी के अनुसार, सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद इलाके के ग्राम प्रधान द्वारा पीडब्ल्यूडी अधिकारियों के कहने पर हैंडपंप को निकाला गया।

# दिल्ली-एनसीआर में बदला मौसम, धूल भरी आंधी के साथ भारी बारिश



**दिल्ली-एनसीआर**

**दिल्ली-एनसीआर** में बुधवार (18 मार्च) की शाम को मौसम का मिजाज बदल गया. दोपहर खिली धूप के बाद शाम को दिल्ली-एनसीआर में धूल भरी आंधी चली. दिल्ली के कुछ इलाकों में भारी बारिश हुई. बारिश की वजह से दिल्ली में कुछ जगहों पर ट्रैफिक भी प्रभावित हुई. इस बीच मौसम विभाग ने कहा कि अगले 2 घंटों के दौरान दिल्ली-एनसीआर सहित हरियाणा, यूपी और राजस्थान के कई इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश, गरज-चमक और बिजली गिरने के साथ 30-50 किमी/घंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की अधिक संभावना है.

गुरुवार और शुक्रवार के लिए येलो अलर्ट जारी

मौसम विभाग के अनुसार बुधवार (18 मार्च) से शुक्रवार (20 मार्च) तक राजधानी में हल्की बारिश और तेज हवाएं चल सकती हैं. इस दौरान तापमान में भी गिरावट आने की संभावना है. क्टऊ ने गुरुवार और शुक्रवार के लिए येलो अलर्ट जारी किया है. हवाओं की रफ्तार 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच सकती है और बीच-बीच में हल्की बारिश हो सकती है. मौसम विभाग ने लोगों को बदलते मौसम को देखते हुए सावधानी बरतने की सलाह दी है.

अगले दो घंटे में कहां-कहां मौसम के बदलने का अनुमान?

हरियाणाः यमुनानगर, कुरुक्षेत्र, कैथल, करनाल, राजौंद, असंध, सफीदों, जींद, पानीपत, गोहाना, गन्नौर, महम, सोनीपत, रोहतक, खरखौदा, भिवानी, चरखी दादरी, मातनहेल, झज्जर, फरुखनगर, कोसली, महेंद्रगढ़।

# 'मुझे निपटाना है तो मुझसे ज्यादा काम करो-केजरीवाल

**नई दिल्ली**

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल गोवा में भाजपा और पीएम नरेंद्र मोदी पर जमकर बरसे. शराब घोटाले में आरोप मुक्त होने पर पणजी में आयोजित बधाई समारोह में उन्होंने कहा कि सच्चाई और ईमानदारी के रास्ते चलकर आम आदमी पार्टी सबसे बड़ी अग्नि परीक्षा को पास कर ली है. अब हम झाड़ू से गोवा समेत पूरे देश को साफ करेंगे.

भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि हमारी टॉप लीडरशीप की छवि खराब करने के लिए हमें भ्रष्ट साबित करने की कोशिश की गई. लेकिन कोर्ट ने कह दिया है कि केजरीवाल और आम आदमी पार्टी कट्टर ईमानदार हैं. इसमें इतना भी सबूत और गवाह नहीं है कि मुकदमा चलाया जा सके.

अरविंद केजरीवाल ने पीएम मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर तीखे हमले बोलते हुए कहा कि इन्हें सत्ता की हवस है.

इसी के चलते इन्होंने हमें गिरफ्तार किया, दिल्ली का काम ठप करके जनता को परेशान किया और दिल्ली का चुनाव चोरी कर लिया।

# 'अभिव्यक्ति की आजादी असीमित नहीं'- अश्विनी वैष्णव

**नई दिल्ली**

**बॉलीवुड** अभिनेत्री नोरा फतेही और संजय दत्त के नए गाने 'सरके चुनर' को लेकर मचा बवाल अब देश की संसद तक पहुँच गया है। बुधवार को केंद्र सरकार ने इस विवादित ट्रैक पर कड़ा रुख अपनाते हुए इसके प्रसारण पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने स्पष्ट किया कि 'अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता' सामाजिक और सांस्कृतिक मयार्दाओं के दायरे में ही होनी चाहिए। सदन में समाजवादी पार्टी के सांसद आनंद भदौरिया द्वारा उठाए गए सवाल का जवाब देते हुए सूचना एवं प्रसारण



मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहाः"गाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। हमें अभिव्यक्ति की आजादी के तहत 'उचित प्रतिबंधों' के अनुसार काम करना चाहिए। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पूर्ण नहीं हो सकती; इसे समाज और संस्कृति के संदर्भ में देखा जाना चाहिए।"

विवाद की जड़ः अश्लील बोल और विजुअल्स

यह गाना आगामी कन्नड़ फिल्म 'KD: The Devil' का हिस्सा है। रिलीज के तुरंत बाद ही इंटरनेट पर इसे लेकर भारी आक्रोश देखा गया। दर्शकों और आलोचकों ने गाने के बोल को "यौन रूप से स्पष्ट" और दृश्यों को "भड़काऊ" बताया था।

डिजिटल प्लेटफॉर्म से हटाया गयाः भारी विरोध के बाद इस गाने के हिंदी वर्शन को YouTube से हटा लिया गया है, हालांकि इसके अन्य क्षेत्रीय भाषाओं के वर्शन अभी भी मौजूद हैं।

सेंसरशिप की चेतावनीः गीतकार रकीब आलम ने खुलासा किया कि उन्होंने मूल कन्नड़ बोलों का केवल अनुवाद किया था और पहले ही निर्देशक प्रेम को चेतावनी दी थी कि ऐसे बोल सेंसर बोर्ड द्वारा पास नहीं किए जाएंगे।

# हवाई यात्रियों को बड़ी राहत! अब 60% उड़ान सीटें पर नहीं लगेगा कोई अतिरिक्त मूल्य

**नई दिल्ली**

**सरकार** ने विमानन कंपनियों से मंगलवार को कहा कि घरेलू उड़ानों में 60 प्रतिशत सीट पर यात्रियों से अतिरिक्त शुल्क न लेने को कहा गया है। इसके अलावा, नागर विमानन मंत्रालय के प्रयासों के तहत यात्रियों की सुविधा बढ़ाने के लिए विमानन कंपनियों से यह सुनिश्चित करने को भी कहा गया है कि एक ही ह्यपीएनआरह्ल (पैसेंजर नेम रिकॉर्ड) पर यात्रा करने वाले यात्रियों को उड़ान में साथ बैठाया जाए।



इन कदमों की घोषणा करते हुए मंत्रालय ने कहा कि नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने विमानन कंपनियों को निर्देश दिया है कि हर उड़ान में कम से कम 60 प्रतिशत सीट बिना अतिरिक्त शुल्क के उपलब्ध कराई जाएं ताकि निष्पक्ष पहुंच सुनिश्चित हो सके। एक विमानन कंपनी के अधिकारी ने बताया कि वर्तमान में केवल 20 प्रतिशत सीट बिना शुल्क के बुक की जा सकती हैं जबकि बाकी सीट के लिए भुगतान करना पड़ता है। मंत्रालय ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा, ह्यह्य एक ही ह्यपीएनआरह्ल पर यात्रा करने वाले यात्रियों को साथ बैठाया जाए या आस-पास की सीट दें। अधिकारी ने बताया कि ये निर्देश घरेलू उड़ानों पर लागू होंगे।

### सीएम ममता बनर्जी के लिए भी बन सकते हैं चुनौती

# हुमायूं कबीर का बड़ा ऐलान, दो जगह से लड़ेंगे चुनाव

**बंगाल**

**तृणमूल** कांग्रेस से निष्कासित और जनता उन्नयन पार्टी के प्रमुख हुमायूं कबीर ने बंगाल विधानसभा चुनाव को लिए 15 उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी की. उन्होंने बताया कि उनकी पार्टी राज्य में 182 सीटों पर चुनाव लड़ेगी. पिछले साल ळटउ से निष्कासित होने के बाद हुमायूं कबीर हाल के महीनों में मुर्शिदाबाद जिले में बाबरी मस्जिद बनाने को लेकर चर्चा में रहे हैं, जिस वजह से बंगाल सहित पूरे देश में राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया था.

ममता बनर्जी के खिलाफ उतारेंगे उम्मीदवार

हुमायूं कबीर ने बताया कि उन्होंने मालदा और मुर्शिदाबाद जिले के विधानसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की है और पूरी लिस्ट रविवार (22 मार्च 2026) को जारी करेंगे. बंगाल की सबसे हॉट सीट भवानीपुर से भी उन्होंने उम्मीदवार उतराने का ऐलान किया है. हुमायूं कबीर ने कहा कि वह सीएम ममता बनर्जी के खिलाफ उनकी पार्टी से गैर-बंगाली मुस्लिम उम्मीदवार पूनम बेगम चुनावी मैदान में होंगी. इस सीट पर ममता बनर्जी के सामने बीजेपी के शुभेंदु अधिकारी हैं, जिस वजह से इस सीट पर पूरे देश की नजर है.



AIMIM के साथ कर सकते हैं गठबंधन

हुमायूं कबीर ने संकेत दिया कि उनकी पार्टी खवढ असदुद्दीन ओवैसी की अक्टक्ट के साथ मिलकर कुछ सीटों पर चुनाव लड़ सकती है. राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि भवानीपुर में एक मुस्लिम उम्मीदवार को मैदान में उतारने का हुमायूं कबीर का फैसला टीएमसी के अल्पसंख्यक वोट बैंक को नुकसान पहुंचाने का प्रयास भी हो सकता है.

खुद दो सीटों पर चुनाव लड़ेंगे हुमायूं कबीर-हुमायूं कबीर खुद मुर्शिदाबाद जिले की दो सीटों रेजिनगर और नाओदा से चुनाव लड़ेंगे. वे अपने पुराने राजनीतिक पकड़ वाले क्षेत्र भरतपुर से अलग होकर चुनाव लड़ेंगे. भरतपुर सीट से वह पिछले चुनाव में टीएमसी उम्मीदवार के रूप में जीत दर्ज की थी।

# टोल कर्मचारियों पर तलवार और बेल्ट से हमला

## तीन आरोपी गिरफ्तार

**लच्छीवाला**

**लच्छीवाला** टोल प्लाजा पर रात दो बजे कुछ अज्ञात लोगों ने कर्मचारियों पर हमला कर दिया. दरअसल, टोल प्लाजा पर ड्यूटी पर तैनात कर्मचारी रोज की तरह काम कर रहे थे. तभी दो गाड़ियां आकर रुकीं और दोनों गाड़ियों से करीब 10 से 12 लोग उतरे. टोल पर कर्मचारियों के साथ झगड़ा किया. ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों के अनुसार, यह घटना महज एक झगड़ा नहीं था यह सुनियोजित दबंगई थी. जिसमें सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया गया, महिला कर्मचारी को धमकाया गया. साथ ही घटना की वीडियो रिकॉर्डिंग तक जबरन डिलीट करवा दी गई.



क्या है पूरा मालमा?

एफआईआर के मुताबिक, सबसे पहले गाड़ियों से उतरे लोगों ने टोल की लाइन नंबर 2 पर तैनात महिला स्टाफ भूमिका के साथ गाली-गलौज और धमकी देना शुरू किया. जब टोल मैनेजर प्रभाकर सिंह और टोल प्रबंधक मनीष नेगी मामले को संभालने पहुंचे, तो प्रभाकर सिंह ने अपने मोबाइल से घटना की वीडियो बनानी शुरू की. बस यही उनकी गलती हो गई. बदमाशों को यह बात नागवार गुजरी और उन्होंने वीडियो बना रहे प्रभाकर सिंह पर ही हाथ उठा दिया.

बदमाशों ने कर्मचारियों पर बेरहमी से किया हमला

घटना का सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि गाड़ियों ने पहले टोल टैक्स चुकाया और आगे बढ़ गईं, लेकिन थोड़ी दूर जाकर वापस लौट आईं. इस बार गाड़ियों से 15 से 20 लोग उतरे और उनके हाथों में बेल्ट, लोहे की घास काटने वाला तलवार और अन्य हथियार थे. कर्मचारियों पर बेरहमी से हमला किया गया. मोबाइल छीनकर वीडियो डिलीट कर दी गई. टोल के बैरियर उखाड़ दिए गए और गाड़ियां जबरन बिना टोल दिए निकाल ली गईं. इस पूरी वारदात से टोल रेवेन्यू का भी भारी नुकसान हुआ।

# यमुना निरीक्षण के लिए दिल्ली सरकार खरीदेगी दो वीआईपी नावें

## 6.2 करोड़ का टेंडर होगा जारी

**नई दिल्ली**

दिल्ली सरकार यमुना नदी के निरीक्षण के लिए दो वीआईपी नावें खरीदने जा रही है. इसके लिए सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण विभाग यानी I&FC की ओर से करीब 6.2 करोड़ रुपये का टेंडर जारी किया जाएगा. प्रत्येक नाव की कीमत करीब 3.10 करोड़ रुपये होगी. टेंडर प्रक्रिया जल्द पूरी होने की संभावना है जबकि सप्लायर तय होने के बाद नावों की खरीद में लगभग 5 महीने का समय लग सकता है. सरकारी अधिकारियों के अनुसार यमुना सफाई अभियान के तहत नदी का निरीक्षण करने के लिए वीआईपी और वरिष्ठ अधिकारियों को इन नावों का उपयोग करना होगा. इन नावों के जरिए यमुना की स्थिति का प्रत्यक्ष जायजा लिया जा सकेगा और सफाई कार्यों की निगरानी की जा सकेगी. इन हाई-एंड नावों में कई आधुनिक सुविधाएं होंगी. नाव में एसी युक्त बंद केबिन होगा जिसमें बिजनेस क्लास जैसी वीआईपी सीटें लगाई जाएंगी. खाने-पीने के लिए पेंट्री की व्यवस्था होगी और वॉशरूम की भी सुविधा उपलब्ध रहेगी. इसके अलावा नाव में 400 लीटर पानी स्टोरेज की क्षमता होगी.



नाव के पीछे एक ओपन डेक भी होगा जहां वीआईपी सार्वजनिक कार्यक्रमों या निरीक्षण के दौरान बैठ सकेंगे. प्रत्येक नाव में 16 से 20 लोगों के बैठने की सुविधा होगी.

यमुना जो दिल्ली में सबसे प्रदूषित नदियों में से एक मानी जाती है उसकी सफाई के लिए वीआईपी निरीक्षण नावों पर 6.2 करोड़ रुपये खर्च करने का यह फैसला चर्चा का विषय बन सकता है. सवाल यह उठता है कि बिजनेस क्लास सीट, पेंट्री और अउ केबिन जैसी सुविधाओं से लैस इन महंगी नावों की जरूरत क्या सिर्फ नदी निरीक्षण के लिए है।

# पति ने पत्नी की धारदार हथियार से की हत्या, गांव में सनसनी, आरोपी गिरफ्तार





अखंड भारत संदेश

**सहसों।** सराय इनायत थाना क्षेत्र के पुलिस चौकी सहसों अंतर्गत बारी ग्रामसभा के पट्टी छींट गांव में बुधवार को एक सनसनीखेज हत्या का मामला सामने आया है। पति ने अपनी ही पत्नी की धारदार हथियार से वार कर निर्मम हत्या कर दी। घटना के बाद पूरे गांव में दहशत और शोक का माहौल है।

मृतका संगीता देवी (32 वर्ष) का आरोपी पति शैलेश कुमार पेंटिंग का काम करता है। दंपति के दो पुत्र हैं बड़ा बेटा शिवम और छोटा बेटा सिद्धार्थ। बताया जा रहा है कि घटना बीती रात घर के अंदर हुई, हालांकि हत्या के कारणों का अभी तक स्पष्ट खुलासा नहीं हो सका है। बुधवार सुबह पड़ोस में रहने वाली अनुपमा जब संगीता को बुलाने उसके घर पहुंची और आवाज देने पर कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली, तो अंदर जाकर देखा कि संगीता मृत अवस्था में रक्त रंजित पड़ी हुई थी। यह देख गांव में हड़कंप मच गया और लोगों की भीड़ जुट गई। दोनों बच्चे अपनी मां के लिए बिलख रहे थे। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक जांच-पड़ताल एवं लिखा पढ़ी के बाद शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए प्रयागराज के मर्चरी हाउस भेज दिया। घटना की जानकारी मिलते ही मृतका के मायके पक्ष के लोग भी मौके पर पहुंच गए। संगीता का मायका फूलपुर थाना क्षेत्र के शेखपुर उर्फ बाबूपुर गांव में है। उसकी बहनें संतरा देवी और छब्बी देवी भी घटनास्थल पर पहुंचीं। घटना के बाद आरोपी पति मौके से फरार हो गया था, लेकिन पुलिस ने मोबाइल लोकेशन के आधार पर



उसे गिरफ्तार कर लिया है। मृतका के भाई संतोष कुमार की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस पूरे प्रकरण की गहनता से जांच कर रही है और हत्या के पीछे के कारणों का पता लगाने में जुटी हुई है।

# आज से आस्था के नौ दिन शुरूः मां दुर्गा की भक्ति में डूबेगा जन-जन, चैत्र नवरात्र का शुभारंभ

## हिंदू नव वर्ष के प्रथम दिन होगी जगत जननी के शैलपुत्री स्वरूप की आराधना

आलोक गुप्ता

**शंकरगढ़।** आध्यात्मिक चेतना और भक्ति के संयोग का प्रतीक चैत्र नवरात्र का पावन पर्व आज से पूरे श्रद्धा और उल्लास के साथ प्रारंभ हो रहा है। शंकरगढ़ सहित आसपास के क्षेत्रों में इसकी व्यापक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है, वहीं घरों में भी साफ-सफाई और पूजा स्थलों को विशेष रूप से सजाया गया है। सुबह श्रद्धालु स्नान-ध्यान कर विधि-विधान से मां शैलपुत्री की पूजा के साथ नवरात्र का शुभारंभ करेंगे।

ज्योतिषाचार्य पंडित त्रियुगीकांत मिश्र ने बताया कि इस बार का चैत्र नवरात्र विशेष फलदायी माना जा रहा है। उन्होंने कहा कि विधि-विधान से की गई कलश स्थापना और अखंड ज्योति जलाने से घर में सुख-शांति और सकारात्मक ऊर्जा का वास होता है। पंडित मिश्र के अनुसार, नवरात्र के दौरान ब्रह्म मुहूर्त में उठकर पूजा करने और दुर्गा सप्तशती का पाठ करने से विशेष पुण्य की प्राप्ति होती है।उन्होंने यह भी बताया कि पहले दिन जौ (जवारे) बोने की परंपरा



का विशेष महत्व है, जो समृद्धि और उन्नति का प्रतीक माना जाता है। इन नौ दिनों में मां दुर्गा के नौ स्वरूपों शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कूष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री की पूजा से जीवन के हर क्षेत्र में संतुलन और सफलता मिलती है।क्षेत्र के प्रमुख मंदिरों में विशेष पूजा-पाठ, हवन, दुर्गा सप्तशती पाठ और भजन-कीर्तन के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कई स्थानों पर रात्रि जागरण और भंडारे का आयोजन भी प्रस्तावित है, जिससे भक्तों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।नवरात्र के अवसर पर बाजारों में भी चहल-पहल बढ़ गई है। पूजा सामग्री, नारियल, चुनरी, माता की मूर्तियां, श्रृंगार सामग्री और फल-फूल की दुकानों पर भीड़ उमड़ रही है। खास बात यह है कि इस बार युवाओं में भी पारंपरिक तरीके से नवरात्र मनाने को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है। कई जगहों पर सोशल मीडिया के माध्यम से भी भजन, आरती और धार्मिक संदेश साझा किए जा रहे हैं।धार्मिक दृष्टि से नवरात्र आत्मशुद्धि और आत्मसंयम का पर्व है। इस दौरान लोग व्रत रखकर सात्विक भोजन करते हैं, क्रोध और नकारात्मक विचारों से दूरी बनाते हैं और अपने भीतर नई ऊर्जा का संचार करते हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यह पर्व मानसिक और आध्यात्मिक संतुलन बनाने का भी एक श्रेष्ठ अवसर है।

### ऐसे करें कलश स्थापना (विधि और शुभ समय)

चैत्र नवरात्र के पहले दिन प्रातःकाल स्नान के बाद घर के पूजा स्थल पर कलश स्थापना की जाती है। एक साफ स्थान पर मिट्टी डालकर उसमें जौ बोए जाते हैं। उसके ऊपर जल से भरा कलश स्थापित कर नारियल और आम के पत्ते रखे जाते हैं।ज्योतिषाचार्य पंडित त्रियुगीकांत मिश्र के अनुसार, ब्रह्म मुहूर्त और अभिजीत मुहूर्त कलश स्थापना के लिए सबसे शुभ माने जाते हैं। इस दौरान विधि-विधान से पूजा करने पर मां दुर्गा की विशेष कृपा प्राप्त होती है।

### नौ दिन, नौ स्वरूप-जानिए महत्व

नवरात्र के नौ दिनों में मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा की जाती है शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कूष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री।मान्यता है कि हर दिन मां का एक अलग स्वरूप जीवन के विभिन्न कष्टों को दूर कर सुख, शांति और समृद्धि प्रदान करता है। श्रद्धालु इन नौ दिनों में व्रत रखकर और भक्ति भाव से पूजा कर अपनी मनोकामनाएं पूर्ण करने की कामना करते हैं।

### नवरात्र में क्या करें:

- रोज सुबह-शाम मां दुर्गा की पूजा और आरती करें
- घर और मन दोनों को साफ-सुथरा रखें
- सात्विक भोजन करें और व्रत नियम का पालन करें
- दुर्गा सप्तशती या देवी मंत्रों का पाठ करें
- जरूरतमंदों की मदद और दान-पुण्य करें

### क्या न करें:

- तामसिक भोजन (मांस, शराब आदि) से दूर रहें
- घर में कलह और नकारात्मक वातावरण न बनाएं
- व्रत के नियमों को हल्के में न लें
- अपशब्द और क्रोध से बचें
- पूजा के समय साफ-सफाई और नियमों की अनदेखी न करें

# ऑटो रिक्शा ठग गिरोह ने महिला को बनाया शिकार....

**प्रयागराज।** शहर भर में सवारियां बैठाने की आड़ में ऑटो रिक्शा में घूमने वाले ठगों के संगठित गिरोह द्वारा एक महिला को झांसा देकर सोने के जेवर हड़पने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने प्राथमिकी दर्ज कराने को नैनी थाने में तहरीर देकर पुलिस से ठगों की गिरफ्तारी व गहने बरामद करने की गुहार लगाई है।

जानकारी के मुताबिक पीड़िता हीरा देवी पत्नी स्व. दुर्गेश मिश्रा यमुनानगर के मेजा तहसील के भटौती, सतन का पुरा गांव की स्थायी निवासी है। मंगलवार सुबह भीरपुर जाने के लिए एडीए मोड़ तिराहा नैनी पर खड़ी थी। इस दौरान वहां हरे रंग का थ्री-व्हीलर (ऑटो) आया। उसमें चालक के अतिरिक्त चार अन्य पुरुष पहले से सवार थे। हीरा देवी भी उसी ऑटो में बैठ गई। कुछ दूर जाने पर गमले की दुकान के पास चालक ने

### सोने के बिस्कुट का लालच देकर कान की बाली और अंगूठी ले उड़े

अचानक गाड़ी रोक दी। कहा कि गाड़ी खराब हो गई है। इतने में एक लड़का पीछे से दौड़ता हुआ आया और हीरा देवी से कहने लगा कि मैडम आपका कोई सामान गिर गया है। लेकिन हीरा देवी के मना करने पर वह लड़का आगे चला गया। इसके तुरंत बाद, एक अन्य व्यक्ति आया जो स्वयं को सोनार बता रहा था। उसने दावा किया कि उसका सोने का बिस्कुट इसी गाड़ी में गिर गया है। इस पर हीरा देवी ने उसे बताया कि एक लड़का अभी यहां आया था जो आगे की ओर भागा है। इतना कहने पर सोनार और ऑटो में बैठे अन्य यात्री उस लड़के को पकड़ने के बहाने गाड़ी घुमाकर पीछे ले गए। आगे जाने पर वही लड़का फिर से मिला और उसने कहा कि आप लोग यह बिस्कुट ले लो और मुझे इसके बदले पैसे दे दो। लड़के के ऑफर पर ऑटो में बैठी अन्य सवारियों ने (जो संभवतः गिरोह का हिस्सा थे) हीरा देवी को विश्वास में लेने के लिए नाटक शुरू किया। उनमें से एक ने अपने गले की चेन और 30,000 रुपये नकद देकर एक बिस्कुट ले लिया। इसके बाद उन लोगों ने हीरा देवी को भी उकसाया। उनके झांसे में आकर उसने अपनी पहनी हुई सोने की बाली और सोने की अंगूठी उतारकर उस लड़के को दे दी और बदले में एक बिस्कुट ले लिया। इसके तुरंत बाद ऑटो चालक ने कहा कि पुलिस के आने से पहले गाड़ी बदल लो वरना परेशानी होगी। चालक ने स्वयं एक अन्य गाड़ी रुकवाकर पीड़िता को भीरपुर के लिए बैठा दिया। हीरा देवी जब भीरपुर पहुँची और अपने पुत्र को फोन पर पूरी बात बताई। तब संदेह होने पर बिस्कुट की जाँच की गई। जाँच में वह सोने का बिस्कुट पूरी तरह से नकली निकला। तब हीरा देवी को अहसास हुआ कि ऑटो चालक और उसमें सवार अन्य सभी व्यक्ति एक संगठित गिरोह के सदस्य थे। जिन्होंने सुनियोजित तरीके से उसके जेवरात हड़प लिए। पीड़िता ने तहरीर के माध्यम से गुहार लगाई है कि उक्त घटना की रिपोर्ट दर्ज कर दोषियों के विरुद्ध कठोर विधिक कार्रवाई की जाए तथा एडीए मोड़ से भीरपुर मार्ग पर लगे सीसीटीवी कैमरों की जाँच की जाए। ताकि उस हरे रंग के ऑटो और ठग गिरोह की पहचान हो सके। साथ ही पीड़िता के जीवन भर की कमाई (सोने के जेवरात) बरामद की जा सके।

# मार्ग दुर्घटना में घायल बच्ची ने इलाज के दौरान अस्पताल में तोड़ा दम

### हफ्ते भर पहले पसना में अज्ञात बोलेरो की टक्कर से हुई थी घायल

**पसना।** कोरांव थाना क्षेत्र के पसना में 11 मार्च को हुए सड़क हादसे में घायल बच्ची ने एक सप्ताह तक जीवन-मृत्यु से संघर्ष करने के बाद दम तोड़ दिया। बच्ची का इलाज प्रयागराज के स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय में चल रहा था, जहां आज दोपहर बाद उसकी मृत्यु हो गई। मृतक बच्ची की पहचान 7 वर्षीय पल्लवी के रूप में हुई है, जो मेजा के हरगढ़ निवासी मुकेश कोल की पुत्री थी। वह अपनी मां



पुष्पा के साथ पसना स्थित अपने नाना स्वामी शरण के घर रह रही थी। 11 मार्च की दोपहर को सड़क पर एक अज्ञात तेज रफ्तार बोलेरो वाहन ने लापरवाही से उसे टक्कर मार दी थी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई थी। पल्लवी के सिर में गंभीर चोट आई थी। इसी चोट के कारण इलाज के दौरान आज दोपहर बाद अस्पताल में उसकी मृत्यु हो गई। पल्लवी के मामा संतोष कुमार ने बताया कि परिवार के सदस्य एक सप्ताह से अस्पताल में ही थे, इसलिए अभी तक दुर्घटना की सूचना स्थानीय थाने को नहीं दी जा सकी है। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम और अंतिम संस्कार के बाद वाहन चालक के खिलाफ कोरांव थाने में प्राथमिकी दर्ज करने के लिए प्रार्थना पत्र दिया जाएगा।

# न्यूज झरोखा

## भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक की कथा सुनकर भावविभोर हुए बरना निवासी

**जंघई।** वरुणेश्वर महादेव मंदिर बरना में शिव सेवा समिति बरना द्वारा आयोजित श्रीराम कथा में कथा व्यास हरिप्रप्पन्नाचार्य महाराज ने मुख्य यजमान ग्राम प्रधान प्रतिनिधि हरभानपुर भुलेश्वर नाथ तिवारी एवं उपस्थित श्रोताओं को भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक का प्रसंग सुनाकर



भाव विभोर कर दिया। महाराज ने कहा कि 14 वर्ष का वनवास पूर्ण कर जब भगवान श्रीराम माता सीता और अनुज लक्ष्मण के साथ अयोध्या लौटे तो पूरी नगरी दीपों से जगमगा उठी। चारों ओर हर्षोल्लास का वातावरण छा गया। भगवान राम के अयोध्या आगमन पर नगरवासियों ने उनका स्वागत किया। गुरु वशिष्ठ की उपस्थिति में विधि-विधान के साथ भगवान श्रीराम का राज्याभिषेक संपन्न हुआ। इसके साथ ही अयोध्या में रामराज्य की स्थापना हुई। सभी लोग सुखी, समृद्ध और धर्म के मार्ग पर चलने वाले थे। भगवान श्रीराम का जीवन सत्य, मयार्दा का प्रतीक है। यदि मनुष्य उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतार ले तो समाज में शांति और सद्भाव स्थापित हो सकता है। कथा के दौरान श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। अंत में आयोजकों द्वारा श्रोताओ के प्रति आभार ज्ञापित किया गया।

## राजराजेश्वरी मंदिर रधईपुर, महरछा में नवरात्रि की तैयारी जोरों पर

**जंघई।** रधईपुर, महरछा गांव में राजराजेश्वरी दुर्गा माता मंदिर में नवरात्रि की तैयारी जोरों पर है। मंदिर में स्थापित माँ की भव्य मनमोहक एवं आकर्षक मूर्ति भक्तों का मन मोह लेती है। मंदिर के प्रांगण में हर नवरात्रि में सैकड़ों भक्तों द्वारा भगवती की वैदिक मंत्रोच्चारण से पूजा और अर्चना की जाती है, भक्त दूर दूर से माँ राजराजेश्वरी का दर्शन पूजन करने आते हैं और भगवती से अपनी मनोकामना पूर्ण करने की मन्नत मानते हैं



माँ के आशीर्वाद से लोगों की मन्नत पूरी होती है। मंदिर के संस्थापक राजमणि त्रिपाठी पत्रकार ने कहा कि माँ दुर्गा का यह पावन मंदिर सबका है सभी भक्तों को मनोवांक्षित फल देवी मां प्रदान करें यही प्रार्थना है।

## राहुल और अनमोल जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में सफल

### मेजा कॉन्वेंट स्कूल के छात्र है दोनों चयनित, विद्यालय एवं क्षेत्र में हर्ष का माहौल

**पसना।** प्रयागराज के मेजा खास स्थित मेजा कॉन्वेंट स्कूल के दो छात्रों राहुल कोटार्य और अनमोल यादव का जवाहर नवोदय विद्यालय की कक्षा 6वीं में चयन हुआ है। इस




उपलब्धि से विद्यालय परिवार और क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

विद्यालय ने एक बार फिर उत्कृष्ट परिणाम देकर अपनी पहचान स्थापित की है। यह उल्लेखनीय है कि पूर्व में भी मेजा कॉन्वेंट स्कूल के कई छात्र नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में सफल हो चुके हैं। यह वर्तमान उपलब्धि विद्यालय द्वारा प्रदान की जाने वाली गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और अनुशासन का प्रमाण है। चयन की सूचना मिलते ही विद्यालय में हर्ष का वातावरण बन गया। विद्यालय के शिक्षकों और अभिभावकों ने चयनित छात्रों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक और हाईकोर्ट अधिवक्ता श्री जय नारायण सिंह व अधिवक्ता व समाजसेवी अशोक मिश्र ने कहा कि यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए बड़ी प्रेरणा का स्रोत बनेगी और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करेगी।

## सांसद उज्ज्वल रमण का कोरांव आगमन आज

### तहसील परिसर में सांसद निधि से अधिवक्ता भवन का करेंगे शिलान्यास, बढ़वारी में सड़क का लोकार्पण भी, पयासी

**पसना।** आज दोपहर 11 बजे तहसील परिसर कोरॉव में अपनी सांसद निधि से बनने वाले अधिवक्ता भवन का भूमिपूजन शिलान्यास सांसद प्रयागराज कुँवर उज्ज्वल रमण सिंह जी करेगे। कोरांव बार के शपथ समारोह में पिछले वर्ष बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित हुए माननीय सांसद जी ने बार अध्यक्ष राम बहादुर पटेल मंत्री संजय शुक्ला की माँग पर अधिवक्ताओं एवं वादकारियों के हित हेतु एक बड़ा अधिवक्ता भवन देने का वायदा किया था,आज उसी क्रम में 16 लाख की लागत से बनने वाले अधिवक्ता भवन का भूमिपूजन शिलान्यास कार्यक्रम के लिए सांसद 11 बजे तहसील परिसर कोरॉव मे समस्त अधिवक्ताओं के बीच सम्मिलित होंगे यह जानकारी बार एसोसियेशन कोरांव ने एक प्रेस विज्ञप्ति के द्वारा दी है साथ ही ग्राम पंचायत बढ़वारी कला में लगभग 11 लाख की लागत से नव निर्मित इंटरलॉकिंग सड़क का लोकार्पण करेगे साथ ही ग्रामीणों से भेंट वार्ता करेंगे और लोगों के सुख दुख में सम्मिलित होंगे उक्त कार्यक्रम की जानकारी सांसद के करीबी चर्चित समाजसेवी क्रांतिकारी सपा नेता वार्ड 80 से जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी प्रमोद मिश्र पयासी ने दिया है और सभी सम्मानित लोगों से उक्त कार्यक्रम में उपस्थित होने के लिए निवेदन किया है।

# नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रमोद सिंह ने बांटी खुशियां सीता पहाड़ी पर भक्ति और सेवा का उमड़ा सैलाब

**शंकरगढ़।** शंकरगढ़ क्षेत्र के प्रसिद्ध और अति प्राचीन स्थल सीता पहाड़ी पर बुधवार को भक्ति, उल्लास और सेवा का अद्भुत संगम देखने को मिला। जय श्री राम योगा संस्थान के नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रमोद सिंह के निर्वाचित होने की खुशी में उनके द्वारा भव्य भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें दर्जनों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया।पूरे पहाड़ी क्षेत्र में ह्लजय श्री रामह्व के जयकारों से माहौल गूंज उठा और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के बीच उत्साह का अलग ही नजारा देखने को मिला। इस आयोजन ने न सिर्फ भक्ति का संदेश दिया, बल्कि सामाजिक एकता की भी मिसाल पेश की, जहां हर वर्ग के लोग एक साथ बैठकर प्रसाद ग्रहण करते नजर आए।संस्थान के अध्यक्ष प्रमोद सिंह ने बताया कि सीता पहाड़ी पर स्थापित प्राचीन हनुमान जी की मूर्ति क्षेत्र की आस्था का प्रमुख केंद्र है। अपने नवनिर्वाचित होने की खुशी में उन्होंने यह भंडारा आयोजित कर सेवा, समर्पण और समाज को साथ लेकर चलने का संदेश देने का प्रयास किया





है।भंडारे में आए लोगों ने आयोजन की सराहना करते हुए इसे धार्मिक आस्था के साथ-साथ सामाजिक सौहार्द का प्रतीक बताया। पूरे आयोजन के दौरान अनुशासन और व्यवस्था भी देखने लायक रही।इस मौके पर संस्थान के उपाध्यक्ष सुनील केसरवानी, महामंत्री जय केसरवानी, कोषाध्यक्ष विनोद केसरवानी, कमलाकर सिंह, सुधीर केसरवानी,राजेश केसरवानी, राजू केसरवानी, राजन गुप्ता, यादवेंद्र सिंह (नेता जी), पिंटू, विनोद, प्रहलाद, वंदना केसरवानी, किरन, सुमन, साधना केसरवानी समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# कांग्रेस की मनरेगा बचाओ संग्राम चौपाल केंद्र सरकार पर जमकर साधा निशाना

अखंड भारत संदेश

**सहसों।** कांग्रेस पार्टी गंगापार द्वारा बुधवार को अहियापुर, फूलपुर में ह्यमनरेगा बचाओ संग्राम चौपालह्न का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और स्थानीय लोग शामिल हुए। चौपाल को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष अशफाक अहमद ने कहा कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) वर्ष 2005 में लागू किया गया था, जिसके तहत ग्रामीणों को 100 दिनों के रोजगार की गारंटी दी गई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार इस योजना के मूल स्वरूप को बदलने का प्रयास कर रही है, जिसे जनता अब भली-भांति समझ चुकी है। उन्होंने कहा कि मनरेगा मजदूर अब अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हो चुके हैं और किसी भी प्रकार के बदलाव को बर्दाश्त नहीं करेंगे। कांग्रेस पार्टी इस मुद्दे को लेकर लगातार चौपालों के माध्यम से जनता



की आवाज उठाती रहेगी और जब तक सरकार इस नीति को वापस नहीं लेती, आंदोलन जारी रहेगा। अशफाक अहमद ने केंद्र सरकार पर महंगाई और बेरोजगारी के मुद्दे पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि एक ओर आम जनता महंगाई और बेरोजगारी से परेशान है, वहीं दूसरी ओर एलपीजी गैस की किल्लत ने लोगों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। उन्होंने इसे केंद्र सरकार की विफल नीतियों का परिणाम बताया। कार्यक्रम के दौरान आगामी 22 मार्च को भारतगंज में आयोजित होने वाली ह्यसंविधान बचाओ, किसान बचाओ, मनरेगा बचाओह्न रैली को सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक संख्या में कार्यकताओं से पहुंचने की अपील की गई। कार्यक्रम का संचालन जिला महासचिव सुनील पाण्डेय एवं अध्यक्षता चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह पटेल ने की। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष निशा सिंह, सद्दाम हुसैन सिद्दीकी, संगीता पटेल, मनोरमा पाल, शीला मौर्या, गुड़िया मौर्या, पुष्पा चौधरी, सितारा देवी, गीता देवी, पूनम यादव, नीलिमा गुप्ता, जगत नारायण पाल, अशोक मिश्रा, हरिभान सिंह पाल, रागेंद्र बहादुर पटेल, विमल कुमार, रमेश पाल, सीताराम पाल, राज बहादुर पाल, विजय पटेल, रमन कुमार यादव सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## प्राथमिक विद्यालय की छात्रा रागिनी का निधन, विद्यालय में शोक सभा आयोजित

**सहसों।** विकासखंड सहसों के प्राथमिक विद्यालय जगदेवपुर बरेठी की कक्षा तीन की छात्रा रागिनी भारतीया (12 वर्ष) का मंगलवार को निधन हो गया। इस दुखद घटना से परिजनों में कोहराम मच गया और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। बताया जाता है कि रागिनी कुछ दिन पूर्व एक कार्यक्रम में गई थी, जहां अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई। घर लौटने के बाद उसका उपचार चल रहा था, लेकिन हालत में सुधार नहीं हो सका और मंगलवार को उसने दम तोड़ दिया। छात्रा के असामयिक निधन की सूचना मिलते ही विद्यालय परिवार भी गहरे शोक में डूब गया। बुधवार को विद्यालय परिसर में शोक सभा का आयोजन कर प्रधानाध्यापिका बेबी लता सिंह, शिक्षक विवेक सिंह सहित अन्य शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। खंड शिक्षा अधिकारी वरुण कुमार मिश्रा ने भी रागिनी के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया।

# राजन महाराज की कथा का निमंत्रण पत्र उप मुख्यमंत्री को सौंपा





**जंघई।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की जीवन गाथा श्रीराम कथा की अमृत वर्षा का आयोजन 28 मार्च से 5 अप्रैल तक कथा स्थल देवबरा धाम, पिपरी, धनूपुर प्रयागराज में आयोजित किया गया है। जिसमें सुप्रसिद्ध कथावाचक प्रेमभूषण जी महाराज के कृपापात्र अंतरराष्ट्रीय कथावाचक पूज्य राजन जी महाराज नौ दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा की अमृत वर्षा करेगें। राजन जी महाराज की होने वाली कथा के लिए तैयारियां तेजी से चल रही हैं। इन तैयारियों में कथा स्थल पंडाल, टेंट, और अन्य व्यवस्थाएं शामिल हैं। कथा के लिए एक विशेष फायर-प्रूफ टेंट तैयार करवाया जा रहा है जो कि नौ दिनों तक चलने वाली कथा के लिए एक महत्वपूर्ण व्यवस्था है। राजन जी महाराज की यह कथा धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व रखती है, जिसमें वे भक्ति की महत्ता पर प्रकाश डालेंगे। आयोजन को सफल बनाने के लिए देवबरा धाम निवासी कथा के संयोजक राधे मोहन पांडेय सहित बड़ी संख्या में सहयोगियों द्वारा प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आयोजकों ने कथा का निमंत्रण पत्र उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक को लखनऊ में जाकर सौंपा। बृजेश पाठक ने कथा शामिल होने का आश्वासन आयोजन समिति को दिया है।

## पीपीजीसील प्रीमियम लीग 2026 का भव्य आगाज,20 टीमें दिखाएंगी दमखम

**शंकरगढ़।** पीपीजीसीएल खेल एवं सांस्कृतिक समिति के तत्वावधान में आयोजित पीपीजीसीएल प्रीमियम लीग 2026 के द्वितीय



संस्करण का शानदार आगाज किया गया। 17 मार्च, 2026 को सायं 7:00 बजे उत्साहपूर्ण माहौल में उद्घाटन मैच खेला गया।उद्घाटन समारोह प्रयाग विहार स्थित क्रिकेट ग्राउंड में आयोजित हुआ, जहां कार्यक्रम का शुभारंभ पीपीजीसीएल बारा पॉवर प्लांट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) एवं वरिष्ठ प्रबंधन टीम द्वारा किया गया। आयोजन स्थल पर खिलाड़ियों और दर्शकों में खासा उत्साह देखने को मिला।इस लीग में विभिन्न बिजनेस एसोसिएट्स की कुल 20 टीमें हिस्सा ले रही हैं, जो आगामी मुकाबलों में अपनी खेल क्षमता और रणनीति का प्रदर्शन करेंगी। प्रतियोगिता के दौरान रोमांचक मैचों के साथ खिलाड़ियों के प्रदर्शन और टीम समन्वय की झलक देखने को मिलेगी।आयोजकों के अनुसार, यह टूनार्मेंट खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के साथ-साथ आपसी सहयोग और प्रतिस्पर्धात्मक भावना को मजबूत करेगा। आने वाले दिनों में लीग के मुकाबले खेल प्रेमियों के लिए आकर्षण का केंद्र बने रहेंगे।

# स्वरूपरानी अस्पताल का औचक निरीक्षण, कई खामियां उजागर, व्यवस्थाएं सुधारने के निर्देश

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बुधवार को जिले के कई अपर जिलाधिकारियों ने स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए साफ-सफाई, चिकित्सकों की उपस्थिति, दवा वितरण और उपचार व्यवस्था को परखा गया। इस दौरान कुछ कमियां सामने आईं, जिन्हें तत्काल दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए।

अपर जिलाधिकारी नजूल संजय पाण्डेय ने इमरजेंसी और ट्रामा सेंटर का निरीक्षण किया। यहां साफ-सफाई तो संतोषजनक मिली, लेकिन ट्राइएज रूम में कंसल्टेंट इंचार्ज अनुपस्थित पाए गए। साथ ही ड्यूटी चार्ट प्रदर्शित नहीं था। इस पर उन्होंने निर्देश दिए कि जूनियर डॉक्टरों का ड्यूटी चार्ट एक दिन पहले तैयार कर सुबह आठ बजे से पहले प्रदर्शित किया जाए। पैथोलॉजी लैब में टेक्नीशियन अनुपस्थित मिला, जबकि एक्स-रे कक्ष का दरवाजा टूटा पाया गया, जिससे स्टाफ की सुरक्षा पर खतरा बना हुआ था। इसे तत्काल ठीक कराने के निर्देश दिए गए।

अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे संजीव कुमार शाक्य ने पुराने भवन के वार्डों का निरीक्षण किया। यहां शौचालयों और वार्डों में साफ-सफाई अच्छी पाई गई। मरीजों को पेयजल और अधिकांश दवाएं अस्पताल से उपलब्ध कराई जा रही थीं। कुछ दवाएं अमृत फार्मेसी और जनऔषधि केंद्र से दी जा रही हैं। एक्स-रे फिल्म की कमी के चलते मरीजों को रिपोर्ट मोबाइल या कागज पर दी जा रही है।

नई बिल्डिंग का निरीक्षण अपर जिलाधिकारी प्रशासन पूजा मिश्रा और अपर जिलाधिकारी आपूर्ति विजय शर्मा ने किया। निरीक्षण के दौरान न्यूरोलॉजी ओपीडी में वरिष्ठ चिकित्सक अनुपस्थित मिले, जबकि जूनियर डॉक्टर मरीजों का इलाज करते पाए गए। वार्डों में ड्यूटी चार्ट तो लगा था, लेकिन समय अंकित नहीं था। अस्पताल में लगे कुछ सीसीटीवी कैमरे भी बंद पाए गए।

अपर जिलाधिकारी नगर सत्यम मिश्र ने अस्पताल परिसर में साफ-सफाई व्यवस्था को संतोषजनक बताया। अधिकांश डॉक्टर और पैरामेडिकल स्टाफ ड्यूटी पर मौजूद मिले। उन्होंने निर्देश दिए कि बिना अनुमति कोई भी कर्मचारी अनुपस्थित न रहे। साथ ही अस्पताल में अनधिकृत पार्किंग को हटाने और फायर व इलेक्ट्रिक सेफ्टी ऑडिट कराने की आवश्यकता जताई।

अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व विनीता सिंह ने भी निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाओं को संतोषजनक पाया, लेकिन सभी कर्मचारियों को समय से उपस्थित रहने के निर्देश दिए। दवाओं का वितरण काउंटर से नियमित रूप से किया जाता पाया गया।

अधिकारियों ने कहा कि अस्पताल की व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के लिए समय-समय पर निरीक्षण जारी रहेगा, ताकि मरीजों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें।

## दुष्कर्म के आरोपी पिता पर पॉक्सो की धाराएं बढ़ीं, जेल भेजा गया

**मांडा।** चार बेटियों से यौन शोषण के आरोप में दर्ज प्राथमिकी में पुलिस ने आरोपी पिता को न्यायालय के समक्ष पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। मंगलवार को बड़ी बेटी का मेडिकल परीक्षण कराने के साथ ही मजिस्ट्रेट के समक्ष उसका बयान दर्ज कराया गया। इंस्पेक्टर अनिल कुमार वर्मा ने बताया कि पीड़िता के बयान के आधार पर आरोपी पिता के खिलाफ दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट की धाराएं बढ़ा दी गई हैं। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि वर्ष 2017 से उसके साथ शोषण हो रहा था। उस समय वह नाबालिग थी, इसलिए पॉक्सो की धाराएं जोड़ी गईं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर सोमवार को प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था। मंगलवार को उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

## भारतगंज में तीन सभासद शासन से मनोनीत,

**मांडा।** नगर पंचायत भारतगंज में लगभग तीन वर्ष के इंतजार के बाद शासन द्वारा तीन सभासदों का मनोनयन किया गया है। इन सभासदों को क्षेत्र के विकास कार्यों की निगरानी और जनकल्याणकारी योजनाओं के निष्पक्ष क्रियान्वयन के उद्देश्य से नियुक्त किया गया है। भारतगंज नगर पंचायत में पहले से ही जनता द्वारा चुने गए 13 सभासद कार्यरत हैं। इन तीन नए मनोनीत सभासदों के जुड़ने से अब नगर पंचायत में कुल सभासदों की संख्या 16 हो गई है। शासन द्वारा प्रदीप सोनी, अखिलेश केशरी और सुभाष कनौजिया को सभासद के रूप में मनोनीत किया गया है। इस मनोनयन को स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों ने नगर के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया है। मनोनीत सभासदों को बधाई देने के लिए कई लोग पहुंचे। इस अवसर पर सभासद शुभम केशरी, सभासद तबस्सुम अंसारी, जितेंद्र केशरी, के. के. जायसवाल, शांति द्विवेदी और रवि भूषण द्विवेदी सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने शुभकामनाएं दीं। उन्होंने उम्मीद जताई कि तीनों सभासद जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए विकास कार्यों को गति देंगे। क्षेत्रवासियों ने विश्वास व्यक्त किया है कि ये नए मनोनीत सभासद नगर पंचायत भारतगंज के सर्वांगीण विकास में सक्रिय भूमिका निभाएंगे और सरकारी योजनाओं का लाभ आम जनता तक पहुंचाने में योगदान देंगे।

# सांसद उज्जवल रमण सिंह की पहल पर लोकसभा में सुर्खियों में रहा कठौली अंडरपास का मुद्दा

**कहा - रेल विभाग के अधिकारियों की मनमानी और अड़ियल रवैए से बंद हुआ है कठौली का फाटक संख्या 26 सी-3 ई, अंडरपास अथवा फ्लाई ओवरब्रिज निर्माण न होने से कठौली और समहन गांव के ग्रामीणों के सामने है आवागमन की गंभीर समस्या शीघ्र ही किया जाय अंडरपास पुल का निर्माण**

**गांव के वरिष्ठ समाजसेवी एवं पूर्व प्रधान हरिशंकर शर्मा (पप्पू टिकैत भईया) के बार बार अनुरोध पर प्रयागराज सांसद ने अंडरपास पुल निर्माण हेतु देश की लोकसभा में प्रमुखता से उठाया आवागमन की समस्या का गंभीर मुद्दा**

**अखंड भारत संदेश**





समाजसेवी पप्पू टिकैत भईया के अनुरोध पर लोकसभा में ग्रामीणों के आवागमन की समस्या के निदान हेतु अंडरपास का मुद्दा उठाते सांसद उज्जवल रमण सिंह



**मेजा।** ग्राम पंचायत कठौली के समीप दिल्ली - हावड़ा रेल मार्ग पर स्थित फाटक रेल विभाग के अधिकारियों की मनमानी एवं अड़ियल रवैए के चलते बंद कर दिए जाने से ग्रामीणों के समक्ष आवागमन हेतु बना वर्षों पुराना अंडरपास निर्माण मांग मुद्दा को लेकर ग्रामीणों में एक बार नई उम्मीद जगी है। कठौली गांव के पूर्व प्रधान एवं समाजसेवी हरिशंकर शर्मा (पप्पू भईया जी) के बार बार अनुरोध पर प्रयागराज के बहुचर्चित एवं लोकप्रिय सांसद कुंवर उज्जवल रमण सिंह ने बीते 16 मार्च 2026 को इस बेहद अहम मुद्दे को देश की सदन (लोकसभा) में प्रमुखता से उठाया है जो काफी सुर्खियों में बना रहा। उन्होंने ग्रामीणों के आवागमन को

बाधित करने में रेल अधिकारियों की मनमानी एवं उनके अड़ियल पन का लोकसभा भवन में उपस्थित स्पीकर महोदय, रेल मंत्री तथा अन्य जनप्रतिनिधियों के सामने पूरे जोर शोर से विस्तार पूर्वक जिक्र किया और कठौली फाटक संख्या 26 सी / 3 ई पर ग्रामीणों की इस समस्या के समाधान हेतु अविलंब अंडरपास निर्माण कराने का आग्रह किया। इतना ही नहीं प्रयागराज सांसद ने यमुनापार में कठौली गांव के अलावा कई अन्य स्थानों पर भी अंदरपार और ओवरब्रिज निर्माण के साथ मांडा और मेजारोड रेलवे स्टेशनों पर यात्री ट्रेनों के ठहराव का भी मुद्दा उठाया है। गौरतलब है कि केंद्र सरकार द्वारा देश भर में चलाई जा रही योजनाओं के बाद भी कठौली फाटक गांव पर अंडरपास एवं फ्लाई ओवरब्रिज न बनाया जाना सरकार की योजनाओं पर जहां बड़ा सवाल का परिणाम है कि कठौली के ग्रामीणों को वर्षों से इस समस्या का सामना करना पड़ रहा है जबकि इस गंभीर समस्या को लेकर कठौली गांव के पूर्व प्रधान एवं वरिष्ठ समाजसेवी हरिशंकर शर्मा (पप्पू टिकैत भईया जी) के नेतृत्व और मार्गदर्शन में कई बार रेल विभाग और शासन प्रशासन के विरुद्ध बड़ी संख्या में कठौली और समहन गांव के ग्रामीणों ने धरना प्रदर्शन करते हुए अंडरपास अथवा फ्लाई ओवरब्रिज निर्माण की मांग की थी रेल विभाग का जिम्मेदार महकमा और स्थानीय प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर आकर पूरा आश्वाशन भी दिए थे लेकिन लोगों की आशा और उम्मीद पर अधिकारियों के झूठे आश्वासन ने पानी पानी फेर दिया था। ऐसे में कठौली गांव के समाजसेवी एवं पूर्व प्रधान पप्पू टिकैत ने हार नहीं मानी और लगातार प्रयागराज के लोकप्रिय सांसद के संपर्क में रहकर अंडरपास निर्माण हेतु विनम्र अनुरोध के साथ अथक प्रयास करते रहे जिसका नतीजा है कि सांसद उज्जवल रमण सिंह द्वारा गत दिनों देश की लोकसभा में मुद्दा उठा और कठौली के ग्रामीणों में एक बार फिर अंडरपास निर्माण को लेकर नई आशा एवं उम्मीद जगी है। उल्लेखनीय है कि प्रयागराज सांसद श्री सिंह के इस सराहनीय पहल से जहां कठौली गांव के लोग बेहद उत्साहित हैं वहीं पंचायत चुनाव में वोट बैंक के कथित टीकेदार कहे जाने वाले गांव के कुछ चंद्र लोग इस मुद्दे पर राजनीतिक रोटियां सेक रहे हैं और स्वयं को समाजसेवी बताकर श्रेय लेते हुए गांव की जनता में भ्रम फैला रहे हैं। हालांकि संसद उज्जवल रमण सिंह के इस प्रशंसनीय पहल से गदगद समाजसेवी पप्पू टिकैत भईया जी ने आनन फानन में गांव के प्रबुद्ध जनों और ग्रामीणों की एक बैठक आयोजित कर सांसद कुंवर उज्जवल रमण सिंह आभार जताते उन्हें बधाई दिया है।

# उरुवा के शुक्लापुर गांव में श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का भव्य आयोजन आज

**अंतरराष्ट्रीय लोक गायक सुजीत तिवारी और मंजीत तिवारी (तिवारी बंधु) होंगे कथा के मुख्य आयोजक**

**अखंड भारत संदेश**



**मेजा।** विकासखंड उरुवा के शुक्लपुर गांव में श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ का भव्य आयोजन 19 मार्च से होगा। आयोजन का शुभारंभ गुरुवार को भव्य कलश यात्रा के साथ किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं भक्तगण शामिल होंगे। भागवत कथा के आयोजक अंतरराष्ट्रीय लोक गायक सुजीत तिवारी एवं मंजीत तिवारी (तिवारी बंधु) ने बताया कि 20 मार्च से मुख्य कथा का आयोजन होगा जिसमें कथा व्यास कुलगुरु पं. अरुणेश कुमार त्रिपाठी एवं कुल पुरोहित शिव महराज पाण्डेय की मौजूदगी में आचार्य अमित कुमार शुक्ल वेदज्ञ श्रद्धालुओं को कथा का रसपान कराएंगे।

कथा में मुख्य यजमान शीतला प्रसाद तिवारी उर्फ बेंचू तिवारी के साथ चिंतामणि तिवारी, श्रीमती निर्मला तिवारी, साहब लाल तिवारी, श्रीमती नेहुला तिवारी, छेदी लाल तिवारी, श्रीमती बिनोजा तिवारी, सूबा लाल तिवारी व श्रीमती कुसुम तिवारी शामिल रहेंगी। आयोजन के क्रम में 27 मार्च को पूणार्हुति एवं हवन होगा, और 28 मार्च को महाप्रसाद वितरण व विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। आयोजक सुजीत तिवारी व मंजीत तिवारी ने बताया कि कथा का उद्देश्य समाज में धार्मिक व सांस्कृतिक मूल्यों का प्रसार करना है। उन्होंने कहा कि भागवत कथा से लोगों में भक्ति, सदाचार और आपसी भाईचारे संचार होगा। दोनों तिवारी बंधुओं ने संयुक्त रूप से क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कथा श्रवण कर पुण्यलाभ प्राप्त करने की अपील किया है।

## ई-रिक्शा गंगा में गिरा, छह यात्री सुरक्षित,

**डेंगुरपुर-धनतुलसी पीपा पुल की ढलान पर बड़ा हादसा टला, बाल- बाल बचे**



**मांडा।** इलाकाई मांडा थाना क्षेत्र के डेंगुरपुर-धनतुलसी गंगा पीपा पुल पर एक बड़ा हादसा टल गया। और लोग बाल बाल बच गए,पुल की तीव्र ढलान पर अनियंत्रित होकर एक ई-रिक्शा सीधे गंगा नदी में जा गिरा। गनीमत रही कि रिक्शे में सवार सभी छह यात्री सुरक्षित हैं, हालांकि उन्हें मामूली चोटें आई हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ढलान पर अचानक संतुलन बिगड़ने से ई-रिक्शा चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा। वाहन रेलिंग तोड़ते हुए नदी में समा गया। यात्रियों की चीख-पुकार सुनकर मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों और मछुआरों ने तत्काल नदी में छलांग लगाकर सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। यह पहली बार नहीं है जब पीपा पुल की खतरनाक ढलान पर ऐसी घटना हुई है। इससे पहले भी यहां छोटी-मोटी दुर्घटनाएं होती रही हैं। स्थानीय प्रशासन और पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की है कि वे पीपा पुल और ढलान वाले संवेदनशील मार्गों पर वाहन चलाते समय गति धीमी रखें और विशेष सतर्कता बरतें।

## शंकराचार्य की जमानत के विरोध में 883 पन्नों का जवाबःआशुतोष महाराज ने कोर्ट में रखा अपना पक्ष, देरी के लिए माफीनामा दिया



**प्रयागराज।** नाबालिग बटुकों से यौन उत्पीड़न के आरोपी स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद की गिरफ्तारी पर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने रोक लगाई हुई है। कोर्ट ने केस दर्ज कराने वाले वादी आशुतोष महाराज से अपना पक्ष और साक्ष्य रखने को कहा था। मंगलवार को कड़ी सुरक्षा के बीच आशुतोष महाराज ने करीब 883 पन्नों का जवाब हाईकोर्ट में दाखिल किया है। शंकराचार्य की जमानत का विरोध और तत्काल गिरफ्तारी की मांग करते हुए आशुतोष महाराज ने दस्तावेजों का पुलिंदा हाईकोर्ट में दिया है। 883 पेज के जवाब में क्या, इसे लेकर आशुतोष महाराज का कहना है कि उन्होंने कई महत्वपूर्ण तथ्य, साक्ष्य दस्तावेजों के रूप में कोर्ट में दिया है। आशुतोष महाराज इस केस की पैरवी में अपना वकालतनामा भी लगाए हैं। आशुतोष महाराज ने अपने जवाब में शंकराचार्य की जमानत का विरोध करते हुए बटुकों की सुरक्षा का मामला उठाया है। उन्होंने कहा कि न्यायालय में बहुत ही अहम जवाब दाखिल किया है। इससे उम्मीद है कि उन्हें न्याय मिलेगा।

**12 मार्च को जाने से किया था इंकार-** स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के खिलाफ यौन उत्पीड़न का केस दर्ज कराने वाले आशुतोष महाराज अब यूपी पुलिस पर ही नाराजगी जताते हुए हमलावर हो रहे हैं। यहां तक की आशुतोष महाराज ने हाईकोर्ट में अपना पक्ष नहीं रखा। अविमुक्तेश्वरानंद की गिरफ्तारी पर रोक और अग्रिम जमानत दिए जाने के मामले में आशुतोष महाराज को 12 मार्च तक हाईकोर्ट में अपना पक्ष रखना था, सबूत पेश करना था और जरूरी दस्तावेज दाखिल करने थे। आशुतोष महाराज ने कोर्ट में अपना पक्ष नहीं रखा। बल्कि इसका सारा इल्जाम प्रशासन पर लगा दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि उन्हें सुरक्षा मुहैया नहीं कराई गई। उनकी जान को खतरा है। रीवां एक्सप्रेस में हमला होने के बाद से आशुतोष महाराज अज्ञात स्थान पर ठहर गए हैं। उनका कहना है कि बार-बार प्रशासन से मांग करने के बाद भी उन्हें पर्याप्य सुरक्षा प्रदान नहीं की गई।

# प्रयागराज विकास प्राधिकरण की 142वीं बोर्ड बैठक, शहर विस्तार व ड्रोन सर्वे पर जोर

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** विकास कार्यों को नई गति देने और शहरी क्षेत्र के व्यवस्थित विस्तार को लेकर प्रयागराज विकास प्राधिकरण (पीडीए) की 142वीं बोर्ड बैठक बुधवार को गांधी सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मंडलायुक्त एवं प्राधिकरण अध्यक्ष सौम्या अग्रवाल ने की। इस दौरान जिलाधिकारी मनीष वर्मा, उपाध्यक्ष ऋषि राज, नगर आयुक्त साई तेजा, सचिव अजीत सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।बैठक में मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण एवं नवीन शहर प्रोत्साहन योजना के तहत शहर के समग्र विकास और प्राधिकरण क्षेत्र के विस्तार पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि आवश्यकता का आकलन कर शीघ्र प्रस्ताव तैयार किया जाए।प्राधिकरण क्षेत्र की भूमि व्यवस्था को पारदर्शी और प्रभावी बनाने के लिए ड्रोन सर्वेक्षण कराने का निर्णय लिया गया। इसके तहत शहरी सीमा निर्धारण और इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट की भूमि का परीक्षण कर अभिलेखों का डिजिटलीकरण किया जाएगा। ड्रोन से प्राप्त चित्रों को उपलब्ध नक्शों से मिलान कर किसी भी विसंगति की सटीक पहचान की जा सकेगी। अधिकारियों को राजकीय, नजूल और अन्य सरकारी भूमि का ऑनलाइन रिकॉर्ड तैयार करने के निर्देश भी दिए गए।बैठक में प्राधिकरण की आवासीय योजनाओं में खाली पड़े फ्लैटों की बिक्री पर भी चर्चा हुई। सदस्यों ने सुझाव दिया कि निजी बिल्डरों की दरों का अध्ययन कर फ्लैटों के मूल्य का पुनर्निर्धारण किया जाए, ताकि आम लोगों को राहत मिल सके। अध्यक्ष ने आश्वासन दिया कि मूल्य निर्धारण शासन के दिशा-निर्देशों और बाजार की स्थिति के अनुरूप किया जाएगा।इसके अलावा, विभिन्न परियोजनाओं की निगरानी और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट (पीएमयू) के चयन के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। साथ ही भूमि संबंधी कार्यों में तकनीकी और प्रशासनिक सहयोग के लिए परामर्शदाता नियुक्त करने पर भी सहमति बनी। अधिकारियों का मानना है कि इन निर्णयों से विकास कार्यों में तेजी आएगी और समयबद्ध तरीके से योजनाओं को पूरा किया जा सकेगा।

## मन्दिरों की साफ सफाई तेज,मां शैलपुत्री की पूजा की तैयारी में जुट भक्त

**मांडा।** चैत्र नवरात्रि की तैयारी को लेकर मन्दिरों की साफ सफाई बड़ी तेजी से की गई। वही चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिन गुरुवार को मां शैलपुत्री की विधि विधान से पूजा अर्चना की तैयारी में भक्त जुटे रहे। जहां कि मांडा क्षेत्र के महेवा कला, बामपुर, बादपुर, डेंगुरपुर, नरवर आदि गंगा घाटो पर श्रद्धालुओं डुबकी लगाएगे' और प्राचीन मंदिरों मां मांडवी धाम एवं घरों में मां शैलपुत्री की विधि विधान से पूजा अर्चना की एवं उपवास भी रहे है।

## सूचना

मेरी पत्नी शालिनी शर्मा (Salini Sharma) का नाम आधार कार्ड व शैक्षिक प्रमाणपत्रों में अंकित जो कि सही है, जबकि मेरे सर्विस रिकार्ड में त्रुटिवश मेरी पत्नी का नाम (Shalini Sharma) अंकित है जो कि गलत है। मेरी पत्नी शालिनी शर्मा (Salini Sharma) व (Shalini Sharma) एक ही महिला का नाम है। मेरी पत्नी का नाम सर्विस रिकार्ड में शालिनी शर्मा (Shalini Sharma) शालिनी शर्मा के स्थान पर (Salini Sharma) किया जाना अति आवश्यक है।

**प्रीत कुमार शर्मा पुत्र कन्धई लाल शर्मा, निवासी-ग्राम बरवॉं, बमरौली प्रयागराज।**

## न्यूज झरोखा

### क्षेत्र में बंदरों का आतंक दो वर्षीय मासूम पर हमला, ग्रामीणों में आक्रोश

**सहसों।** क्षेत्र के दामोदरपुर उर्फ तिवारीपुर गांव में लंबे समय से बंदरों का आतंक बना हुआ है। आए दिन बंदरों के हमलों से ग्रामीण घायल हो रहे हैं, जिससे लोगों में भय और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है। समस्या को लेकर ग्रामीणों ने कई बार प्रशासन से शिकायत की, यहां तक कि आईजीआरएस पोर्टल, समाचार पत्रों और सोशल मीडिया के माध्यम से भी आवाज उठाई गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है। प्रशासन की लापरवाही का खामियाजा अब मासूम बच्चों को भी भुगतना पड़ रहा है। ताजा मामला गांव निवासी शिवम शुक्ला के दो वर्षीय भतीजे शिवेन शुक्ला का है, जो घर के बाहर खेल रहा था। इसी दौरान अचानक बंदरों के झुंड ने उस पर हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद परिजनों में दहशत और ग्रामीणों में आक्रोश का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते प्रशासन द्वारा बंदरों को पकड़ने की कार्रवाई की गई होती, तो इस तरह की घटना नहीं होती। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं किया गया, तो हालात और गंभीर हो सकते हैं। स्थिति केवल गांव तक ही सीमित नहीं है, बल्कि सहसों बाजार में भी सैकड़ों की संख्या में बंदरों का जमावड़ा हो गया है। बंदरों के डर से लोग छत, आंगन और दरवाजे पर जाने से भी कतराने लगे हैं। कई लोग बंदरों के हमले से बचने के प्रयास में गिरकर घायल हो चुके हैं। सबसे ज्यादा चिंता छोटे बच्चों को लेकर है, जो रोजाना स्कूल जाने के लिए घर से निकलते हैं, लेकिन हर समय बंदरों के हमले का डर बना रहता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द बंदरों को पकड़वाकर इस समस्या का स्थायी समाधान किया जाए, ताकि भविष्य में किसी और के साथ ऐसी घटना न हो सके।

### फूलपुर तहसील बार एसोसिएशन के चुनाव को ससमय कराने के लिए बनी रणनीति

**फूलपुर।** फूलपुर तहसील बार एसोसिएशन की एक बैठक बुधवार को फूलपुर तहसील में एसोसिएशन के अध्यक्ष शिवपूजन त्रिपाठी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में बार एसोसिएशन का चुनाव ससमय कराए जाने के विषय में अधिवक्ताओं ने विस्तार से चर्चा की। अधिवक्ताओं ने बताया कि पिछले वर्ष महाकुंभ के चलते उच्च न्यायालय के निदेर्शानुसार चुनाव में विलंब हुआ परंतु इस बार संगठन का चुनाव समय से संपन्न हो सके इसके लिए अभी से लगना जरुरी है। अध्यक्ष शिवपूजन त्रिपाठी ने अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि अधिवक्ता साथी का हित सर्वोपरी है। चुनाव अपने निर्धारित समय पर हो सके इसके लिए राज्य विधिक आयोग से मिलकर एल्डर कमेटी के गठन पर जोर दिया जाएगा। इसलिए अधिवक्ता साथी राज्य विधिक आयोग से अपना सीओपी अविलंब प्राप्त कर ले जिससे उनका नाम मतदाता सूची में शामिल हो सके। उन्होंने बताया की एल्डर कमेटी के द्वारा ही चुनाव अधिकारियो का चयन कर चुनाव की प्रकिया को पूर्ण कराया जाएगा। बैठक में एडवोकेट विक्रम प्रजापति,एडवोकेट लालजी पाण्डेय, एडवोकेट रविंद्र प्रताप सिंह,एडवोकेट दिलीप कुमार आजाद,रामबाबू भारतीया, राजीव वर्मा, एडवोकेट बृजेश गौतम, कुलदीप सिंह, एडवोकेट कृष्ण चन्द्र, सहित बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी के सदस्यों के साथ ही तहसील के अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

### अनंत ऊर्जा की स्रोत हैं पराशक्ति माँ नवदुर्गा : शांडिल्य दुर्गेश



**प्रयागराज।** माँ विंध्यवासिनी में गहरी आस्था व विज्ञान सम्मत गूढ़ जानकारी रखने वाले शांडिल्य दुर्गेश ने भगवती के स्वरूप को अध्यात्म व विज्ञान के समन्वय के माध्यम से स्पष्ट करने का एक प्रयास किया है।शांडिल्य दुर्गेश के अनुसार नवरात्रि मात्र पराशक्ति की आराधना का ही नही बल्कि स्वयं को जानने व स्वयं को प्रकृति से जोड़ने का भी अनुष्ठान है।यदि क्वांटम भौतिकी के दृष्टि से देखा जाये तो ब्रह्मांड ऊर्जा का एक जाल है।देवी दुर्गा को ऊर्जा का अनंत स्रोत माना जाता है और उनका ध्यान,जप इत्यादि ऊर्जा के इस जाल से जुड़ने का एक तरीका है।नवरात्रि के समय भक्त बीज मंत्रों का जप करते हैं,जो तरंग(कंपन)पैदा करते हैं।ये कंपन ऊर्जा के जाल में गूंजते हैं और माना जाता है कि वे सकारात्मक ऊर्जा को आकर्षित करते हैं।जब हम ॐ का उच्चारण या दुर्गा सप्तशती का पाठ करते हैं तो यह ध्वनि तरंगें हमारे चारो तरफ कम्पन उत्पन्न करती हैं,क्वांटम भौतिकी में इसे स्ट्रिंग वाइब्रेशन कहा जाता है,जिसमें कम्पन से ऊर्जा उत्पन्न होती है।नवरात्रि में नवदुर्गा की आराधना ऊर्जा,तरंग कण द्वैतता और चेतना सिद्धांत से गहराई से जुड़ी है।माँ दुर्गा को शक्ति की अधिष्ठात्री देवी व प्रकृति का स्वरूप माना जाता है जो अनंत और असीम है।प्रकृति की तरह उनकी भी ऊर्जा कभी समाप्त नहीं होती है।जिस प्रकार प्रकृति अपना रूप बदलती रहती है उसी प्रकार माँ दुर्गा के भी कई रूप हैं।भारतीय दर्शन में,ऊर्जा को तीन गुणों में विभाजित किया गया है जो सात्विक (शुद्ध),राजसिक (गतिशील) और तामसिक (अंधकारमय) है।माँ दुर्गा को इन तीनों गुणों का संतुलन माना जाता है जो ब्रह्मांड में समन्वय बनाये रखती हैं।

### शार्ट सर्किट से कपड़े की दुकान में लगी आग,लाखों का सामान खाक

**बारा, प्रयागराज।** बारा में शनिवार दोपहर शार्ट सर्किट से कपड़े की दुकान में आग लग गई। इसमें लाखों रुपए के कपड़े आदि जल कर खाक हो गए। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। बारा खास में राजेश कुमार केसरवानी की कपड़े की दुकान है। शनिवार को वह ग्राहकों के साथ बातचीत कर रहे थे। अचानक शॉर्ट सर्किट से आग लग गई ।आग की लपटों को देख कर ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी। ग्रामीणों ने आग को बुझाने में कामयाब हो गए किन्तु लाखों रुपए का नुकसान हो गया है। ग्रामीणों के अनुसार यह संयोग ही था कि आग पर समय रहते काबू हो गया था अन्यथा बड़ी घटना घट सकती थी।

### अच्छे दिनों का सपना दिखाने वाली भाजपा सरकार जनता को कर रही हलाकान : प्रतिमा रावत

**फूलपुर।** भाजपा सरकार में प्रदेश की जनता जहां महगाई व अन्य समस्याओं से त्रस्त है वही सत्ता दल के नेता मस्त हैं। उन्हें जनता की समस्याओ से कोई सरोकार नहीं है। घर की रसोई जल सके इसके लिए जनता सिलेंडर पाने की जद्दोजहद कर रही तो शासन व प्रशासन सब कुछ ठीक है का राग अलाप रहा है। यह बाते बुधवार को प्रदेश में गैस की किल्लत व कालाबाजारी के खिलाफ फूलपुर में आयोजित धरने में अपनी आवाज बुलंद करते हुए समाजवादी महिला सभा की गंगापार जिलाध्यक्ष प्रतिमा रावत ने कही। बढ़ती महगाई व जनता की प्रमुख समस्याओं से सम्बोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को देते हुए उन्होंने कहा की अच्छे दिनों का ख्वाब दिखाकर सरकार ने प्रदेश की जनता को ठगने का काम किया है। इस सरकार से त्रस्त जनता अब पूरे मन से सपा की सरकार को लाने का मन बना चुकी है। धरना प्रदर्शन के कार्यक्रम को प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कमला यादव,जिला महासचिव पदमा यादव, फूलपुर विधान सभा अध्यक्ष सुनीता यादव प्रतापपुर विधानसभा अध्यक्ष राजकुमारी यादव,हंडिया विधानसभा अध्यक्ष प्रमिला यादव माधुरी गोतम सुषमा पासी, नीलम बिंद, सुधा शुक्ला, एडवोकेट सुनील यादव,सौरभ कुमार चंदन यादव,अवधेश नारायण व राम नरेश पाल ने भी सम्बोधित किया। वहीं सैकडों की संख्या में जुटे सपाइयों ने गैस सिलेण्डर को लेकर जनता की मूलभूत समस्याओं को उजागर किया। मौके पर सैकड़ो की संख्या में सपा नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# विकास के 9 साल पूरे, प्रतापगढ़ में लाभार्थियों को मिला योजनाओं का लाभ : विधायक सदर

**अखंड भारत संदेश**




**प्रतापगढ़।** मुख्यमंत्री द्वारा लोकभवन लखनऊ उत्तर प्रदेश सरकार के ह्लनवनिर्माण के 9 वर्षह्न पूर्ण होने के उपलक्ष्य में वार्षिक पुस्तक ह्लनवनिर्माण के 9 वर्षह्न का भव्य विमोचन किया गया। इस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण जनपद प्रतापगढ़ के विकास भवन सभागार में किया गया, जहां जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, आम नागरिकों एवं विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

इस अवसर पर सदर विधायक राजेन्द्र कुमार मौर्य ने कहा कि पिछले 9 वर्षो में उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था, निवेश, बुनियादी ढांचे, कृषि, रोजगार, सामाजिक सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण और तकनीक पर आधारित सुशासन के क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन हुआ है। प्रदेश में गरीब, निर्धन, असहाय परिवार की बेटियों के लिये मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत 1 लाख रुपए की सहायता प्रदान की जा रही है। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत लाभार्थियों को प्रमाण पत्र एवं सामग्री वितरित की गई। इनमें प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के स्वीकृति पत्र, आयुष्मान भारत योजना के कार्ड, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (कोविड-19) के अंतर्गत लैपटॉप, वृद्धावस्था पेंशन स्वीकृति पत्र, कस्टम हायरिंग सेंटर की चाभी, पीएम कुसुम योजना के सोलर पंप प्रमाण पत्र, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के तहत 10 लाख रुपये के स्वीकृति पत्र, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के प्रमाण पत्र, मशरूम प्रशिक्षण प्राप्त लाभार्थियों के प्रमाण पत्र तथा एकीकृत बागवानी विकास मिशन के अंतर्गत पावर ट्रिलर की चाभियां शामिल रहीं। इसके अतिरिक्त महाकुंभ मेले में उत्कृष्ट कार्य करने वाले होमगाड्र्स को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लाभार्थियों ने सरकार की योजनाओं से प्राप्त लाभ के लिए आभार व्यक्त किया और इसे अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन का आधार बताया। परियोजना निदेशक डीआरडीए दयाराम यादव ने जानकारी दी कि 18 मार्च से 26 मार्च तक जनपद में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा जो ब्लॉक व जनपद स्तर तक आयोजित होंगे। जनपद स्तर पर 23 से 25 मार्च तक तुलसी सदन (हादीहाल) में वृहद कार्यक्रम आयोजित होंगे, जिनमें लाभार्थियों, उद्यमियों, जनसामान्य और जनप्रतिनिधियों की व्यापक भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। कार्यक्रम के अंत में परियोजना निदेशक डीआरडीए ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में विश्वनाथगंज विधायक जीत लाल पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, परियोजना निदेशक डीआरडीए दयाराम यादव, प्रभारी जिला विकास अधिकारी सन्तोष कुमार सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## विवाहिता की हत्या को लेकर नामजद आरोपी समेत अज्ञात के खिलाफ केस

**प्रतापगढ़।** नहर में विवाहिता के मंगलवार को बरामद हुए शव को लेकर पुलिस ने अपहरण के दर्ज मुकदमें में हत्या की धारा में बढोत्तरी की है। वहीं पुलिस ने मृतका की मां की तहरीर पर सांगीपुर थाना क्षेत्र के सांगीपुर निवासी अनुज सिंह व उसके कुछ अज्ञात सहयोगियों के खिलाफ हत्या के मुकदमे मे आरोपी नामजद किया है। लालगंज थाना क्षेत्र के मदनगढ़ बेलहा निवासी स्व0 पारस नाथ गुप्ता की पत्नी शकुंतला देवी ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि उसकी पुत्री बबिता 25 बीती पन्द्रह मार्च को सुबह ग्यारह बजे इलाज कराने के लिए लालगंज निकली। इसके बाद पीड़िता की पुत्री घर वापस नही लौटी। देर शाम उसका फोन बंद हुआ तब परिजन परेशान हो उठे। पीड़िता व उसकी बेटी ललिता लालगंज में एक अल्ट्रासाउण्ड केंद्र पर मृतका का पता लगाने आयी पर उसकी जानकारी नही हो सकी। विधवा मां की तहरीर पर पुलिस ने अगले दिन सोलह मार्च को बबिता की गुमशुदगी दर्ज की। मंगलवार को संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के गोदवा गांव के समीप शारदा सहायक नहर में दोपहर बबिता का शव उतराया मिला। शव का शिनाख्त होने पर मृतका के ससुराल व मायके पक्ष के लोग विलाप करते वहां पहुंचे। परिजनों के काफी हंगामे के बाद किसी तरह पुलिस ने शव को पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया। घटना को लेकर बुधवार को मृतका की मां ने लालगंज कोतवाली पहुंचकर तहरीर सौंपी। तहरीर में सांगीपुर निवासी अनुज सिंह पर बबिता का अपहरण कर निर्ममतापूर्वक हत्या किये जाने की बात कही गयी है। आरोपी अनुज से लालगंज स्थित एक पेट्रोल पम्प के पास गाड़ियों के एलाइमेंट का कार्य किया करता है। आरोप है कि अनुज ने मृतका की हत्या कर उसके शव को सहयोगियों के साथ मिलकर नहर में फेंक दिया। बबिता का विवाह करीब एक वर्ष पूर्व पडोसी जिले रायबरेली के सलोन थाना अन्तर्गत अर्रो रतासो गांव में सुशील कुमार साहू के साथ हुआ था। मृतका छः माह की गर्भवती भी थी। विवाहिता के गर्भ में पल रहे छः माह के अजन्मे की भी मौत को लेकर महिलाओं को संवेदनशील देखा गया। घटना को लेकर तरह तरह की चर्चा भी देखी सुनी जा रही है। वहीं मृतका का शव पीएम के बाद देर शाम उसकी ससुराल सलोन थाना के अर्रो रतासो गांव परिजन लेकर रवाना हुए। पारिवारिक सूत्रों के मुताबिक गुरूवार को उसका शव यहां मायके मदनगढ़ लाया जाएगा। गुरूवार को ही मृतका के अंतिम संस्कार किये जाने की संभावना जतायी गयी है। पुलिस ने घटना के नामजद आरोपी को पूछताछ के लिए हिरासत में ले रखा है। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि केस दर्ज किया गया है, शीघ्र ही घटना का खुलासा कर आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## न्यूज झरोखा

### दुष्कर्म के वांछित आरोपी को पुलिस ने दबोचा



**पट्टी।** जनपद में अपराध और अपराधियों के खिलाफ सख्त रुख अपनाए हुए पुलिस प्रशासन को एक और सफलता हाथ लगी है। दुष्कर्म जैसे गंभीर अपराध में वांछित चल रहे एक अभियुक्त को पट्टी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ दीपक भूकर के निर्देशन में जनपद भर में अपराधियों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी शैलेन्द्र लाल तथा क्षेत्राधिकारी पट्टी मनोज कुमार सिंह रघुवंशी के कुशल पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी पट्टी आनंद पाल सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम लगातार वांछित अभियुक्तों की तलाश में जुटी हुई है। इसी दौरान बुधवार को उपनिरीक्षक सरनाम सिंह अपनी टीम कांस्टेबल हरिकेश पाल व केहरी सिंह के साथ क्षेत्र में गश्त व वांछित अभियुक्तों की तलाश में निकले थे। तभी उन्हें मुखबिर के माध्यम से सूचना मिली कि दुष्कर्म के मामले में वांछित आरोपी बेला गेट के पास पट्टी-चांदा मार्ग पर मौजूद है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान अजय चैरसिया पुत्र राजेन्द्र प्रसाद चैरसिया निवासी ग्राम रामपुर बेला थाना पट्टी, जनपद प्रतापगढ़ के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार आरोपी काफी समय से फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार प्रयासरत थी।

### एनएसएस शिविर में वाद विवाद प्रतियोगिता में हुई सार्थक परिचर्चा



**प्रतापगढ़।** सरस्वती विद्या मंदिर एवं विज्ञान प्रौद्यौगिकी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में संचालित हो रही राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर में बुधवार को मेधावियों के बीच वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें राष्ट्र के निर्माण में युवाओं की भूमिका पर सार्थक विचार प्रस्तुत हुए। प्रतियोगिता में प्रियांशी पाण्डेय को प्रथम तथा पूर्वा शुक्ला को द्वितीय एवं सान्या मिश्रा को तृतीय स्थान मिला। प्राचार्य डॉ0 अमित सिंह ने सफल मेधावियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण में भारतीय युवाओं की रचनात्मक भूमिका का अप्रतिम योगदान है। डॉ0 अनीता त्रिपाठी एवं डॉ0 रोहिणी त्रिपाठी व डॉ0 रघुनायक मिश्र ने प्रतियोगिता का सफल संयोजन किया। निदेशक डॉ0 संदीप मिश्र विशिष्ट अतिथि रहे। संचालन कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 सुरभि सिंह व संयोजन कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 धर्मेन्द्र बहादुर सिंह व कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 रजनीश पाण्डेय ने किया। इस मौके पर डॉ0 बीना सिंह, डॉ0 प्रकाश सिंह, डॉ0 ओपी द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

### संयुक्त अधिवक्ता संघ के चुनाव में तय हुई गाईडलाइन, चुनाव समिति का हुआ गठन



**लालगंज।** संयुक्त अधिवक्ता संघ के चुनाव को लेकर बुधवार को एल्डर कमेटी की बैठक हुई। इसमें पहली बार निर्णय लिया गया कि संघ के आगामी चुनाव में अध्यक्ष पद पर बारह वर्ष तथा उपाध्यक्ष एवं महामंत्री पदों पर आठ वर्ष तथा अन्य पदों पर चार वर्ष के प्रैक्टिस करने वाले अधिवक्ता चुनाव लड़ सकेंगे। वहीं इन पदों पर चुनाव लड़ने वाले अधिवक्ताओं को सीओपी धारक होना अनिवार्य किया गया है। बैठक की अध्यक्षता एल्डर कमेटी के अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद मिश्र ने किया। बैठक में आगामी बीस मार्च से तीस मार्च तक मतदाता सदस्यता अभियान संचालित कराए जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में चुनाव समिति का भी गठन किया गया। इसके तहत एल्डर कमेटी के वरिष्ठ सदस्य राममोहन सिंह को समिति का अध्यक्ष एवं देवी प्रसाद मिश्र को महामंत्री चयनित किया गया। प्रवक्ता ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने बताया कि रामलगन यादव व कालिका प्रसाद पाण्डेय उपाध्यक्ष तथा शिवाकांत उपाध्याय कोषाध्यक्ष एवं बेनीलाल शुक्ल आय व्यय निरीक्षक चयनित किये गये। पूर्व अध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह अगई को संरक्षक चयनित किया गया। पूर्व अध्यक्ष राव वीरेन्द्र सिंह, निवर्तमान अध्यक्ष अनिल तिवारी महेश, राधारमण शुक्ल व टीपी यादव समिति के सदस्य चयनित हुए। एल्डर कमेटी में केबी सिंह को वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं अजय शुक्ल गुडडू को उपाध्यक्ष तथा संतोष पाण्डेय को महामंत्री चयनित किया गया। इस मौके पर संदीप सिंह, विकास मिश्र समेत एल्डर कमेटी के सदस्य मौजूद रहे।

### 15 स्वयं सहायता समूह गठित, 180 महिलाएं लखपति दीदी योजना से जुड़ीं




**कुंडा।** मुख्य विकास अधिकारी के निर्देश पर विकासखंड कुंडा अंतर्गत ग्राम पंचायत महाराजपुर में बुधवार को स्वयं सहायता समूह गठन हेतु एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का नेतृत्व उपायुक्त स्वतः रोजगार एवं खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) प्रवीण श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को संगठित कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाना रहा। शिविर में ग्राम पंचायत सचिव आलोक शुक्ल, ग्राम प्रधान नरेन्द्र बहादुर सिंह एवं उचित दर विक्रेता के सहयोग से व्यापक स्तर पर महिलाओं को जागरूक करते हुए कुल 15 स्वयं सहायता समूहों का गठन किया गया। इस दौरान लगभग 180 महिलाओं को समूहों से जोड़कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई। बीडीओ प्रवीण श्रीवास्तव ने बताया कि प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना ह्यलखपति दीदीह्न के तहत महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं में बचत की आदत विकसित होगी, साथ ही उन्हें बैंकिंग प्रणाली से जोड़कर आसान ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि समूहों के माध्यम से महिलाएं सिलाई, डेयरी, पशुपालन, लघु उद्योग, खाद्य प्रसंस्करण जैसे विभिन्न व्यवसाय अपनाकर अपनी आय बढ़ा सकती हैं। ग्राम प्रधान नरेन्द्र बहादुर सिंह ने कहा कि यह पहल गांव की महिलाओं के जीवन स्तर को सुधारने में मील का पत्थर साबित होगी। वहीं, सचिव आलोक शुक्ल ने सभी महिलाओं से समूहों को सक्रिय बनाए रखने और नियमित बैठक व बचत पर जोर दिया। कार्यक्रम के अंत में अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि गठित स्वयं सहायता समूहों को निरंतर मार्गदर्शन, प्रशिक्षण एवं वित्तीय सहयोग प्रदान किया जाएगा, जिससे महिलाएं ह्यलखपति दीदीह्न योजना के तहत अपनी पहचान बना सकें और परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत कर सकें।

### वार्षिकोत्सव में प्रस्तुतियों पर मंत्रमुग्ध हुए अभिवावक, मेधावी हुए सम्मानित

**लालगंज।** नगर के पूरे हरिकिशुन वार्ड में स्थित सरोजनी कान्वेंट स्कूल एण्ड कालेज का वार्षिकोत्सव मंगलवार की देर शाम रंगारंग प्रस्तुतियों के बीच मनमोहक दिखा। कार्यक्रम का शुभारंभ कालेज के प्रबंधक अधिवक्ता अजय कुमार श्रीवास्तव एवं प्रधानचार्या प्रियंका श्रीवास्तव ने दीप प्रज्वलन कर किया। कार्यक्रम में विद्यालय में टॉप फाइप मेधावियों को अंक पत्र एवं विशेष अवार्ड से पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि रायबरेली के सलोन एवं सूची ब्रांच की सरोजनी कान्वेंट स्कूल के प्रबंधक अशोक कुमार श्रीवास्तव व अंजनी कुमार श्रीवास्तव द्वारा आल इण्डिया सैनिक स्कूल की प्रवेश परीक्षा में सफल मेधावियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सर्वश्रेष्ठ छात्रा का पुरस्कार कक्षा आठ की सिद्धि तिवारी (99.2 प्रतिशत) व बेस्ट स्टूडेण्ट आफ द ईयर आर्या यादव को भी प्रबंधक अजय कुमार श्रीवास्तव ने सम्मान सौंपा। वहीं अजय प्रियंका श्रीवास्तव ने शिक्षिका रूपा सिंह को बेस्ट अध्यापक अवार्ड एवं बेस्ट डीओटी अवार्ड रेदा फातमा व बेस्ट अट्रक्शन आफ पेरेंटस अवार्ड आयुष श्रीवास्तव एवं बेस्ट केयर टेकर आफ कंसट्रक्शन अवार्ड विनोद श्रीवास्तव तथा प्रोग्राम प्रेपरेशन अवार्ड पूजा यादव व श्वेता श्रीवास्तव को मिला। प्रबंधक अजय श्रीवास्तव ने कहा कि आज का समय प्रतिस्पर्धा का है। उन्होने कहा कि इस प्रतिस्पर्धा के बीच में हमें बच्चों की शिक्षा के साथ साथ व्यवहारिक ज्ञान प्रदान करने पर जोर देना होगा। कार्यक्रम में नौनिहालों द्वारा राष्ट्रीय एकता पर आधारित कार्यक्रमों पर अभिवावकों की जमकर तालियां भी गूंजी। इस मौके पर नीरज वर्मा, राहुल वर्मा, सौरभ सिंह, उत्कर्ष मौर्य, ऋचा श्रीवास्तव, रवि यादव, अम्बुज तिवारी, राहुल विश्वकर्मा, शिवेन्द्र, संगीता, सोनी जायसवाल, ऋतिक श्रीवास्तव, सोनल तिवारी, शायना परवीन, प्रिया वर्मा, जुबैरिया, सृष्टि, काजल सिंह, ज्योती, प्रतिभा, सविता, आकांक्षा, अंशु, राधा, अंजु, नवीन पाण्डेय व राहुल मिश्र आदि मौजूद रहे।

# चौराहे से जर्जर पर्यटन सांकेतिक बोर्ड हटाने की शिकायत



**बेलखरनाथ धाम।** विकास खंड बाबा बेलखरनाथ धाम क्षेत्र के दीवानगंज पूरे पांडेय निवासी अधिवक्ता विजय कुमार गुप्ता ने बुधवार को डीएम से शिकायत करते हुए कहा कि दीवानगंज चैराहे पर लगभग सात साल पहले बाबा बेलखरनाथ धाम जाने वाली सड़क की तरफ पर्यटन विभाग द्वारा सांकेतिक बोर्ड लगाया गया था। पिछले एक साल से लोहे का पोल पूरी तरह से जर्जर हालत में है। नीचे पूरी तरह जंग लगने से खराब है। आसपास ठेले पर व्यापारी फल बेचते हैं तथा टैम्पो सवारियां लेने के लिये खड़े होते हैं। ऐसी हालत में जर्जर अवस्था में खड़ा लोहे के पोल से किसी दिन बडी दुर्घटना हो सकती है। बीते साल नवंबर में इस मामले की शिकायत स्थानीय बाजार के लोगों ने की थी, लेकिन जर्जर पर्यटन विभाग का सांकेतिक बोर्ड व पोल हटाया नहीं जा सका। बुधवार को अधिवक्ता ने डीएम शिव सहाय अवस्थी से शिकायत करते हुए चैराहे पर लगा सांकेतिक बोर्ड व ध्वस्त हो चुके लोहे के पोल को हटाएं जाने की मांग की है।

# जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट के विभिन्न पटलों व परिसर का किया निरीक्षण

## कलेक्ट्रेट में अव्यवस्था पर डीएम का सख्त एक्शन, कर्मचारियों को दी चेतावनी

**अखंड भारत संदेश**



**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने बुधवार को कलेक्ट्रेट परिसर का औचक निरीक्षण कर प्रशासनिक व्यवस्था की हकीकत परखी। निरीक्षण के दौरान कई पटलों में अव्यवस्था, गंदगी और पत्रावलियों के रख-रखाव में लापरवाही सामने आने पर डीएम ने सख्त नाराजगी जताते हुए जिम्मेदार कर्मचारियों को फटकार लगाई। डीएम ने नजारत, अंग्रेजी दफ्तर, जनसुनवाई कक्ष, एसडीएम कोर्ट, मुहाफिज खाना और एडीएम कोर्ट सहित विभिन्न पटलों का बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान कई जगहों पर फाइलों का रख-रखाव अस्त-व्यस्त मिला और साफ-सफाई की स्थिति भी संतोषजनक नहीं पाई गई। इस पर उन्होंने नाजिर को चेतावनी दी, जबकि डिप्टी नाजिर को कड़ी फटकार लगाते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी व्यवस्थाएं आज ही दुरुस्त की जाएं, अन्यथा विभागीय कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। फौजदारी कार्यालय के अभिलेखागार का निरीक्षण करते समय फाइलों का रख-रखाव खराब पाया गया, जिस पर कर्मचारी पारसनाथ को कड़ी फटकार लगाई गई। वहीं एनएचआई कार्यालय के निरीक्षण में भी पत्रावलियों के सुव्यवस्थित रख-रखाव के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। निरीक्षण के दौरान कलेक्ट्रेट परिसर में बेतरतीब ढंग से खड़ी मोटरसाइकिलों पर भी डीएम ने नाराजगी जताई। उन्होंने तत्काल जिला होमगार्ड कमांडेंट को मौके पर बुलाकर व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए, साथ ही होमगार्ड जवानों को अपने-अपने तैनाती स्थल पर पूरी मुस्तैदी से ड्यूटी निभाने और परिसर में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न होने देने के निर्देश दिए। वाहनों को निर्धारित पार्किंग में खड़ा कराने पर विशेष जोर दिया गया। निरीक्षण के बाद जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट सभागार में सभी कर्मचारियों के साथ बैठक की और कार्यप्रणाली में सुधार लाने पर जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी कर्मचारी अपनी-अपनी पत्रावलियों की पूरी जानकारी रखें और रिकॉर्ड को व्यवस्थित बनाए रखें। साफ-सफाई को प्राथमिकता देने के भी निर्देश दिए गए। सभी पेशकारों को स्पष्ट आदेश दिए गए कि जिन कार्यों की प्रविष्टि ऑर्डर शीट पर पूर्ण नहीं है, उन्हें संबंधित अधिकारियों से हस्ताक्षर कराकर तत्काल पूरा किया जाए। साथ ही सभी कंप्यूटर सिस्टम को सुचारु रूप से कार्यशील रखने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में एडीएम ने भी सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि कोई भी कर्मचारी बिना कार्य पूर्ण किए कार्यालय से न जाए। उन्होंने सभी को समयबद्ध तरीके से कार्य निष्पादन सुनिश्चित करने की चेतावनी दी। इवसर पर अपर जिलाधिकारी (वि0ध्रा0) आदित्य प्रजापति, मुख्य राजस्व अधिकारी अजय कुमार तिवारी भी उपस्थित रहे।

# जिला कारागार बायोमेडिकल वेस्ट सिस्टम लगाने वाली बनी प्रदेश की पहली जेल

**अखंड भारत संदेश**



**प्रतापगढ़।** जिला कारागार प्रतापगढ़ ने सुधार, स्वच्छता और आधुनिक सुविधाओं के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए 3 आईएसओ प्रमाणपत्र प्राप्त किए हैं। यह प्रमाणपत्र दिल्ली की क्वालिटी रिसर्च ऑर्गनाइजेशन द्वारा पिछले दो वर्षों में किए गए व्यापक मूल्यांकन के बाद प्रदान किए गए। जेल अधीक्षक ऋषभ द्विवेदी ने बताया कि कारागार में स्वच्छता, हरित वातावरण और बंदियों के पुनर्वास पर विशेष ध्यान दिया गया है। परिसर में 263 पुराने वृक्षों के संरक्षण के साथ 300 नए पौधे लगाए गए हैं। साफ-सफाई के लिए हर बैरक और संभावित स्थानों पर डस्टबिन लगाए गए हैं तथा नगर पालिका के सहयोग से प्रतिदिन कूड़ा निष्पादन सुनिश्चित किया जाता है। जिला कारागार प्रतापगढ़ उत्तर प्रदेश की पहली जेल बन गई है जहां बायोमेडिकल वेस्ट डिस्पोजल सिस्टम स्थापित किया गया है। जेल अस्पताल में थर्ड पार्टी के माध्यम से सभी मेडिकल वेस्ट का नियमानुसार निस्तारण किया जाता है, जिससे स्वच्छता बनी रहती है। बंदियों के पुनर्वास के लिए शिक्षा और कौशल विकास पर भी जोर दिया जा रहा है। शिवनादर फाउंडेशन के सहयोग से निरक्षर बंदियों के लिए साक्षरता कार्यक्रम चलाया जा रहा है, जिसमें आधुनिक तकनीकों जैसे प्रोजेक्टर और डिजिटल सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। साथ ही कंप्यूटर प्रशिक्षण के माध्यम से बंदियों को आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होने बताया है कि सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए जेल परिसर में 87 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। स्वास्थ्य सुविधाओं के तहत हेल्थ एटीएम की स्थापना की गई है, जिससे विशेषज्ञ डॉक्टरों से परामर्श संभव हो पा रहा है। बंदियों की नियमित स्वास्थ्य जांच, जिसमें एचआईवी जांच भी शामिल है, कराई जाती है। भोजन व्यवस्था को आधुनिक बनाते हुए ऑटोमैटिक मशीनों का उपयोग किया जा रहा है और जेल की बागवानी से ताजी सब्जियां उपलब्ध कराई जाती हैं। बेहतर गुणवत्ता के कारण कारागार को एफएसएसएआई द्वारा ह्लईट राइट कैंपस 4 स्टारह्व प्रमाणपत्र भी प्राप्त हुआ है। इसके अलावा जेल में आंवला से बने उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद तैयार किए जा रहे हैं, जिन्हें ह्लआंवलाकृतिह्व ब्रांड के तहत बाजार में बेचा जा रहा है। ये उत्पाद महाकुंभ प्रयागराज और स्थानीय आयोजनों में भी बिक्री के लिए भेजे गए। जेल प्रशासन सुधार और नवाचार के इन प्रयासों को आगे भी निरंतर जारी रखा जाएगा, ताकि कारागार को एक आदर्श सुधारगृह के रूप में स्थापित किया जा सके।

## राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका सशक्त : आरपी मिश्र



**लालगंज।** नगर के अझारा स्थित भागवतदत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बुधवार को राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाईयों के विशेष शिविर का समापन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व प्राचार्य डॉ0 आरपी मिश्र एवं संरक्षक प्रकाशचंद्र मिश्र तथा प्रबंधक सुनीता मिश्रा ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन कर किया। शिविरार्थी छात्राओं खुशी तिवारी व महक केसरवानी द्वारा सरस्वती वंदना, स्वागत गान तथा भजन व भाषण की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गयी। मुख्य अतिथि डॉ0 आरपी मिश्र ने राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका को सशक्त करार दिया। विशिष्ट अतिथि एनएसएस के जिला नोडल अधिकारी डॉ0 फणीन्द्र नारायण मिश्र ने समाज एवं देश के निर्माण में सशक्त भावी पीढ़ी के निर्माण पर जोर दिया। वरिष्ठ अधिवक्ता ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने भारतीय संस्कृति एवं सामूहिक एकता की मजबूती को सुदृढ़ बनाने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। संस्थापक रमेशचंद्र मिश्र, गौरव मिश्र, रीमा मिश्रा व सीमा मिश्रा ने शिविर में स्वयंसेवको द्वारा विविध प्रस्तुतिकरण की सराहना की। अध्यक्षता करते हुए संरक्षक प्रकाशचंद्र मिश्र ने कहा कि युवा शक्ति पर ही देश के स्वर्णिम भविष्य की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। प्राचार्य डॉ0 पूनम त्रिपाठी ने समारोह में विविध क्षेत्रों में योगदान के लिए अतिथियों को सम्मानित किया। कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 प्रतिमा उपाध्याय ने शिविर के उददेश्य पर प्रकाश डाला। कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 लक्ष्मीकांत द्विवेदी ने विशेष शिविर की कार्यवृत्ति का खाका प्रस्तुत किया। संचालन प्रवक्ता डॉ0 लक्ष्मीकांत तिवारी ने किया। इस मौके पर राहुल सिंह, लक्ष्मीकांत पाण्डेय, डॉ0 रेखा पाण्डेय, डॉ0 शालिनी शुक्ला, डॉ0 अरविन्द शर्मा, रामचंद्र पाण्डेय, ऋषिकेश पाण्डेय, रामकृष्ण शुक्ल, राजेश सिंह, दयाशंकर मिश्र, तीर्थराज शुक्ल, रूचि शुक्ला, राघवेंद्र पाण्डेय, आकाश यादव, हृदय पाण्डेय, संतोष शुक्ल, विनोद पाण्डेय, सुशील सिंह, धर्मेन्द्र मिश्र आदि मौजूद रहे।

# राजनैतिक ताकत के बिना समाज का विकास संभव नहीं

## जायसवाल समाज के होली मिलन समारोह में बोले वक्ता



**बेलखरनाथ धाम।** किसी भी समाज को आगे बढ़ाने मे उसमें राजनैतिक हिस्सेदारी होना बहुत जरूरी है। बिना राजनैतिक हिस्सेदारी के समाज का विकास संभव नहीं हो सकता।यह बातें जायसवाल समाज मदाफपुर के तत्वावधान में बच्चा साहु मैरिज हॉल में आयोजित होली मिलन समारोह के दौरान वक्ताओं ने कहीं । इस दौरान प्रतापगढ़ सहित अन्य जनपदों से आये समाज के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रचलन कर समारोह का उद्घाटन समाज के संरक्षक अरविंद जायसवाल उर्फ पप्पू ने किया, जिसकी अध्यक्षता विनोद जायसवाल तथा संचालन अजय जायसवाल ने किया। प्रधान संघ मंगरौरा के अध्यक्ष विपिन जायसवाल उर्फ सोनू प्रधान ने कहा कि समाज में खुशहाली लाने के लिए सभी वर्गों का सहयोग जरूरी है। होली मिलन समारोह के दौरान समाज के बच्चों ने अनेक कार्यक्रम प्रस्तुत किया । इस दौरान आराध्या अक्कू तथा अनन्या के द्वारा ग्रुप डांस कर होली आई रे गीत पर ग्रुप डांस किया जिसने सबका मन मोह लिया इसके शिव तांडव, शिव पार्वती विवाह सहित तथा राधा कृष्ण पर अनेक मनोहारी कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये । पप्पू जायसवाल पट्टी की मिमिक्री ने सबको हंसाया । कार्यक्रम में जायसवाल समाज सुल्तानपुर के अध्यक्ष राकेश कुमार जायसवाल, प्रतापगढ़ के जिलाध्यक्ष श्याम जी जायसवाल, जिला पंचायत सदस्य गिरीशचंद्र जायसवाल, दयाशंकर जायसवाल, कृष्ण कुमार, अमृत लाल आदि ने सम्बोधित किया। नगर पंचायत गड़वारा के ओम प्रकाश जायसवाल को शासन द्वारा नामित किये जाने पर उनका स्वागत किया गया । इस दौरान श्याम किशोर जायसवाल, राजा जायसवाल, भक्तराज जायसवाल, अंजनी जायसवाल, शैलेंद्र जायसवाल, रोहित जायसवाल, विशाल जायसवाल सहित समाज के अनेक लोग मौजूद रहे । समापन पत्रकार सोनू जायसवाल ने किया ।

# अफीम कोठी सभागार में भव्य विशाल ऋण शिविर एवं वित्तीय जागरूकता कार्यक्रम संपन्न



**प्रतापगढ़।** जनपद के क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान अफीम कोठी के सभागार में आयोजित भव्य विशाल ऋण शिविर एवं वित्तीय जागरूकता कार्यक्रम अत्यंत सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संयुक्त आयोजन एसएलबीसी, अग्रणी जिला प्रबंधक बैंक ऑफ बडौदा तथा जिला उद्योग केंद्र प्रतापगढ़ द्वारा किया गया। कार्यक्रम में लगभग 4418 पात्र लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत कुल रुपए 153 करोड़ 22 लाख की ऋण राशि स्वीकृत एवं वितरित की गई। लाभार्थियों को औपचारिक रूप से स्वीकृति पत्र, चेकध्डेमो चेक प्रदान किए गए। परियोजना निदेशक डीआरडीए दयाराम यादव ने अपने उद्बोधन में कहा कि बैंकिंग योजनाओं का उद्देश्य केवल ऋण वितरण नहीं, बल्कि स्वरोजगार, उद्योग, कृषि एवं लघु व्यवसायों को प्रोत्साहित कर जनपद की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करना है। उन्होंने लाभार्थियों से आह्वान किया कि ऋण का सदुपयोग करें, समय पर पुनर्भुगतान सुनिश्चित करें और आत्मनिर्भर बनकर अन्य लोगों के लिए प्रेरणा स्रोत बनें। उन्होंने उपस्थित शाखा प्रबंधकों व बैंक के सभी अधिकारियों से अपील किया कि माननीय मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप, जनपद के सीडी रेशियो को इस वित्तीय वर्ष में ही 40 प्रतिशत तक बढ़ाने के प्रयास में, अपना सार्थक योगदान सुनिश्चित करेंगे। एलडीएम नीरज सिंह ने बताया कि इस ऋण वितरण शिविर के माध्यम से जनपद में ऋण प्रवाह को गति मिली है तथा सीडी रेशियो को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। आयोजन को लेकर जनपद के नागरिकों में उत्साह देखा गया और इसे आर्थिक विकास की दिशा में एक सार्थक पहल बताया गया। महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र साहब शरण रावत, वरिष्ठ प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक, जिला समन्वयक बैंक ऑफ बड़ौदा, जिला समन्वयक पंजाब नेशनल बैंक विकास पंकज, जिला समन्वय उत्तर प्रदेश ग्रामीण बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान के निदेशक रवि रंजन सहित जनपद के वरिष्ठ अधिकारीगण, बैंक शाखा प्रबंधक, उद्यमी, व्यापारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शिशिर खरे द्वारा किया गया।

# हिंदू आस्था का महापर्व चैत्र नवरात्रि की शुरुआत आज से

सुबोध केशरवानी



**कौशांबी।** हर साल आने वाला चैत्र नवरात्रि का पर्व मां दुर्गा की भक्ति और शक्ति का प्रतीक होता है।शक्ति की साधना के इस पावन पर्व में देवी के नौ रूपों की पूजा होती है और घर-घर में मां भगवती के स्वागत की तैयारी होती है। नवरात्रि के पहले दिन घटस्थापना के साथ इस महापर्व की शुरूआत होती है। साल 2026 में चैत्र नवरात्रि की शुरुआत 19 मार्च 2026 गुरुवार से हो रही है।इन नौ पवित्र दिनों में भक्त दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा करते हैं और व्रत रखकर देवी की आराधना करते हैं मान्यता है कि सच्चे मन से की गई पूजा से जीवन में सुख-समृद्धि शक्ति और सकारात्मक ऊर्जा का आगमन होता है.साल 2026 में चैत्र नवरात्रि 19 मार्च से शुरू होकर 27 मार्च 2026 तक चलेगी। चैत्र नवरात्र का मुख्य उद्देश्य शक्ति की आराधना करना और जीवन में सुख,शांति और समृद्धि की कामना करना है.धार्मिक मान्यता के अनुसार,इस दौरान देवी की पूजा करने से नकारात्मक शक्तियों का नाश होता है और सकारात्मक ऊर्जा बढ़ती है.इस नवरात्र मां दुर्गा पालकी पर सवार होकर आने वाली है.तो आइए अब जानते हैं कि चैत्र नवरात्र कितने दिन की रहेगी,तिथि क्या रहेगी और विशेष दिन कौन कौन से रहेंगे.पंचांग के अनुसार,चैत्र नवरात्र की प्रतिपदा तिथि की शुरुआत 19 मार्च गुरुवार को सुबह 6 बजकर 52 मिनट पर होगी और तिथि का समापन 20 मार्च को सुबह 4 बजकर 52 मिनट पर होगा.चैत्र नवरात्र के दिन घटस्थापना का सबसे पहला शुभ मुहूर्त सुबह 6 बजकर 52 मिनट से शुरू होगा और समापन सुबह 7 बजकर 43 मिनट पर होगा.दूसरा अभिजीत मुहूर्त रहेगा जिसका समय दोपहर 12 बजकर 5 मिनट से लेकर 12 बजकर 53 मिनट तक रहेगा.तीसरा गोधूलि मुहूर्त रहेगा जिसका समय शाम 6 बजकर 35 मिनट से लेकर 6 बजकर 59 मिनट तक रहेगा.ज्योतिषियों के अनुसार, साल 2026 की चैत्र नवरात्र 9 दिनों की रहेगी,जिसका समापन रामनवमी की तिथि के साथ होगा.यानी 19 मार्च से लेकर 27 मार्च तक नवरात्र का पर्व मनाया जाएगा नवरात्रि के नौ दिन और देवी के स्वरूप में नवरात्रि के नौ दिनों में मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा की जाती है, जिन्हें नवदुर्गा कहा जाता है। चैत्र नवरात्र के दिन घर की साफ-सफाई करके पूजा स्थल को गंगाजल से शुद्ध किया जाता है और चौकी पर लाल कपड़ा बिछाकर मां दुर्गा की प्रतिमा या तस्वीर स्थापित की जाती है.इसके बाद कलश स्थापना की जाती है,जिसमें मिट्टी के पात्र में जौ बोकर उस पर जल से भरा कलश रखा जाता है और उस पर आम के पत्ते व नारियल स्थापित किया जाता है.फिर श्रद्धालु संकल्प लेकर व्रत और पूजा का आरंभ करते हैं.नवरात्र के नौ दिनों तक प्रतिदिन दीपक जलाकर,धूप-अगरबत्ती कर-के,फूल,फल और नैवेद्य अर्पित कर मां दुर्गा के अलग-अलग स्वरूपों की पूजा की जाती है तथा दुर्गा चालीसा या सप्तशती का पाठ किया जाता है घटस्थापना से पहले घर और पूजा स्थल की सफाई करें। सुबह स्नान करके साफ कपड़े पहनें, अगर संभव हो तो बिना सिलाई वाले वस्त्र पहनें। अब पूजा स्थल पर उत्तर या पूर्व दिशा की ओर मुंह करके बैठें मिट्टी में बालू और सात प्रकार की मिट्टी मिलाकर छोटा चबूतरा बनाएं।कलश को साफ करके उस पर स्वास्तिक बनाएं और सिंदूर लगाएं-कलश के गले में मोली बांधें और उसमें जौ और सात अनाज रखें।फिर उसमें साफ जल भरें,साथ ही चंदन फूल सुपारी,पान सिक्का,और सर्व औषधियां डालें।अब पंच पल्लव आम के पत्ते या अन्य पत्ते)रखें एक मिट्टी के बर्तन में चावल भरें और उसे कलश के ऊपर रखें।अंत में एक नारियल लेकर उस पर लाल कपड़ा लपेटें और कलश के ऊपर रखें। पूजा के साथ कलश स्थापना करे अब पूरे श्रद्धा भाव से पूजा करें और कलश को देवताओं का प्रतीक मानते हुए उसमें सभी शक्तियों का आह्वान करें। भगवान वरुण देवी पृथ्वी,देवगण वेद दिक्पाल सभी को कलश में आमंत्रित किया जाता है। यह प्रार्थना की जाती है कि नवरात्रि के नौ दिन कोई विघ्न न आए और पूजा सही ढंग से पूरी हो।कलश स्थापना के बाद से ही मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा का क्रम शुरू होता है। हर दिन अलग-अलग रूपों का पूजन किया जाता है। नवरात्रि के पहले दिन मां शैलपुत्री की आराधना होती है। नवरात्रि के न सिर्फ पहले दिन बल्कि पूरे 9 दिनों में मां भगवती के सामने दीपक जलाकर धूप-दीप और नैवेद्य अर्पित करें। रोज सुबह और शाम मां की आरती और दुर्गा सप्तशती का पाठ करें।नवरात्रि के नौ दिनों में मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा की जाती है,जिन्हें नवदुर्गा कहा जाता है प्रथम दिन 19 मार्च को मां शैलपुत्री द्वितीय दिन 20 मार्च को मां ब्रह्मचारिणी तृतीय दिन 21 मार्च को मां चंद्रघंटा चतुर्थ दिन 22 मार्च को मां कूष्मांडा पंचम दिन 23 मार्च को मां स्कंदमाता षष्ठी दिन 24 मार्च को मां कात्यायनी सप्तम दिन 25 मार्च को मां कालरात्रि अष्टम दिन 26 मार्च को मां महागौरी अष्टमी और नवम दिन 27 मार्च को मां सिद्धिदात्री की पूजा की जाती है नवम दिन राम नवमी का भी पर्व मनाया जाता है दशमी तिथि 28 मार्च 2026 शुक्रवार को नवरात्रि व्रत पारण किया जाता है।

## खोए चोरी हुए 92 मोबाइल बरामद मालिकों को लौटाई गई 22 लाख की संपत्ति

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार के निर्देशन और पुलिस टीम की मेहनत का परिणाम सामने आया है। जनपद के सभी थानों की संयुक्त कार्रवाई में विभिन्न कंपनियों के कुल 92 मोबाइल फोन अनुमानित कीमत करीब 22 लाख रुपये बरामद कर उनके मालिकों को सुपुर्द किया गया। सीईआईआर पोर्टल व सर्विलांस तकनीक की मदद से पुलिस टीम ने मोबाइल चोरी व गुमशुदगी के मामलों का सफल खुलासा किया। थानों पर तैनात कंप्यूटर ऑपरेटर व सीसीटीएनएस टीम ने तकनीकी विश्लेषण कर भूमिका निभाई।इस अभियान में सबसे बेहतर प्रदर्शन थाना कोखराज 14 मोबाइल करारी 12 मोबाइल व पश्चिम शरीरा व संदीपनघाट 11-11 मोबाइल ने बरामद किया। उत्कृष्ट कार्य करने वाली पुलिस टीम को एसपी राजेश कुमार द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।एसपी ने कहा कि आम जनता उएक्रपोर्टल के माध्यम से अपने खोए या चोरी हुए मोबाइल की सूचना दर्ज कराकर उसे ट्रैक करवा सकती है। यह सफलता जनपद पुलिस की सतकर्ता, तकनीकी दक्षता और जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है। हालांकि 92 मोबाइल बरामद करने में एक भी चोर गिरफ्तार नहीं हुआ है मोबाइल कहां से बरामद हुआ है इस बात का भी खुलासा पुलिस ने नहीं किया है।

## पैसा लेंकर के भैंस लदी ओवर लोड पिकअप एट्री के नाम पर छोड़ा

**कौशांबी।** भैंस के आवागमन में पुलिस का भी बड़ा रोल दिखाई पड़ रहा है जिले में आए दिन भैंस चोरी की घटनाएं होती हैं जिनका खुलासा नहीं हो रहा है ताजा मामला सैनी कोतवाली क्षेत्र के अझुवा पुलिस चौकी के सिपाहियों का है जहां पिकअप से बुधवार को कुछ लोग भैंस लेकर जा रहे थे भैंस कहां से ला रहे थे किससे खरीदे थे कोई कागजात नहीं थे भैंस लादी पिकअप वाहन के चालक से अझुवा पुलिस चौकी के सिपाहियों ने एंट्री के नाम पर पैसा लेकर पिकअप को छोड़ दिया है जिले में आए दिन पिकअप वाहन से भैंस की चोरी होती है जिससे पशु पालक परेशान है लेकिन भैंस कहां से लाई जाती है किसकी है इसकी जांच करने के बजाय एंट्री के नाम पर केवल भैंस लादी वाहनों से वसूली करने तक सिपाही सीमित रह गए हैं।



## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 103 जोड़े वैवाहिक बंधन में बधें

**कौशांबी।** प्रदेश सरकार के नव निर्माण के नौ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भागवत सुन्दर रिसार्ट, सराय अकिल में आयोजित भव्य मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन हुआ मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में कुल 103 जोड़े वैवाहिक बंधन में बधें, जिसमें 01 मुस्लिम जोड़ा समुदाय से सम्मिलित हैं। समारोह में वैदिक मन्त्रोच्चार एवं सभी धर्मां के पारम्परिक रीति-रिवाजों के साथ विवाह संपन्न कराया गया। उपस्थित लोगों ने नवदम्पतियों को आशीवाद देते हुए ईश्वर से सुखमय समृद्ध एवं सफल वैवाहिक जीवन की मंगल कॉमना की।जिला समाज कल्याण अधिकारी दिलीप कुमार ने बताया कि शासन द्वारा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत प्रति जोड़ा एक लाख रूपए का प्राविधान किया गया है। जिसमें 60 हजार कन्या के खाते में हस्तान्तरित किया जाता है,25 हजार रूपए से घरेलू सामान दिया जाता है एवं 15 हजार रूपए आयोजन पर व्यय किया जाता है। यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए अत्यन्त लाभकारी है।भाजपा जिलाध्यक्ष धमर्राज मौर्य सदस्य उ0प्र0 अनुसूचित जाति जनजाति आयोग जितेन्द्र कुमार शिव मोहन मौर्य सहित तमाम लोगों ने नव दम्पत्तियों को आशीर्वाद दिया है।

# सड़क किनारे जा रही महिला को ऑटो ने मारी टक्कर, मौत

अखंड भारत संदेश



**हररायपुर कौशांबी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के मालक मोहिद्दीन पुर मंहगांव के पास सड़क किनारे जा रही एक महिला को तेज रफ्तार अनियंत्रित ऑटो चालक ने जोरदार टक्कर मार दी है टक्कर लगते ही महिला सड़क पर गिर गई है और गंभीर रूप से घायल हो गई है दुर्घटना देखकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे मामले की सूचना थाना पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल महिला को एंबुलेंस से इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा जहां उसकी मौत हो गई है मौत के बाद पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक रामकली देवी उम्र लगभग 60 वर्ष पत्नी हनुमान प्रसाद निवासी मलाक मोहिद्दीनपुर बुधवार की दोपहर गांव के समीप सड़क पार कर रही थी इसी बीच तेज गति आ रहे ऑटो चालक ने महिला को जोरदार टक्कर मार दिया जिससे महिला घायल हो कर सड़क पर गई है घायल महिला को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भती कराया क्या है जहां उसकी मौत हो गई है मौत की जानकारी मिलते ही घर परिवार में कोहराम मच गया है पुलिस ने मृतक महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है घटना की जानकारी के बाद परिजन भी रोते बिलखते पहुंच गए हैं।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार सिपाही हुआ घायल

**हर्रायपुर कौशाम्बी।** संदीपनघाट थाना क्षेत्र में बुधवार की शाम को महगांव के पास बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दिया जिससे बाइक सवार युवक सड़क पर गिर गया और घायल हो गया स्थानीय लोगों ने एम्बुलेंस के माध्यम से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मूरतगंज में भती कराया जहां घायल युवक का इलाज चल रहा है। संदीपनघाट थाना क्षेत्र में युगल कुमार उर्फ पंकज उम्र लगभग 45 वर्ष पुत्र शिवनाथ निवासी जौनपुर यूपी पुलिस में सिपाही पद में बिंदकी फतेहपुर में पोस्ट था । घर से वापसी जाते समय संदीपनघाट थाना क्षेत्र के पास बुधवार को अज्ञात गाड़ी ने टक्कर मार दिया जिससे वह सड़क पर गिर गया और घायल हो गया स्थानीय लोगों ने एम्बुलेंस के माध्यम से घायल को मूरतगंज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भती कराया गया जहां इलाज चल रहा है।

## बस चालक ने अचानक लगाई ब्रेक पीछे से आ रही कार टकराई कार हुई छतिग्रस्त

**हर्रायपुर कौशाम्बी।** संदीपनघाट थाना क्षेत्र में बुधवार शाम एक रोडवेज बस ने बीच सड़क पर बैक लगा दिया जिससे पीछे आ रही कार की टक्कर हो गई। हर्रायपुर चौराहे के समीप हुई इस घटना में कोई गम्भीर घायल नहीं हुआ, लेकिन गुस्साए लोगों ने बस चालक की पिटाई कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया।यह हादसा तब हुआ जब प्रयागराज से कानपुर की ओर जा रही रोडवेज बस के चालक ने सवारी बैठाने के लिए हर्रायपुर चौराहे के पास अचानक बीच सड़क पर ब्रेक लगा दिए। बस के बीच सड़क पर रुकने से पीछे आ रही एक कार उससे जा टकराई। टक्कर काफी तेज थी।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार,बस चालक की लापरवाही के कारण यह दुर्घटना हुई। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों में आक्रोश फैल गया और उन्होंने बस चालक की पिटाई कर दी। कुछ देर के लिए घटनास्थल पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया सूचना मिलते ही संदीपनघाट पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला।पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त बस और कार दोनों को अपने कब्जे में लेकर थाने भेज दिया। पुलिस दोनों पक्षों से पूछताछ कर रही है।इस संबंध में थाना प्रभारी इंद्रदेव ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने आश्वस्त किया कि जांच के बाद दोषी पाए जाने वाले व्यक्ति के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## संदिग्ध दशा में अधेड़ ने फांसी लगाकर किया आत्महत्या

**हर्रायपुर कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के काजीपुर गांव में बुधवार सुबह एक व्यक्ति ने संदिग्ध परिस्थिती में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया परिजनों ने संदीपन घाट पुलिस को सूचना दी सूचना मिलने पर पुलिस पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार परमेश्वर दयाल पुत्र अलोपी निवासी काजीपुर ने बुधवार सुबह किसी वजह से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली परिजनों ने संदीपन घाट पुलिस को सूचना दी सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## प्रदेश सरकार के नव निर्माण के नौ वर्ष पूर्ण होने पर लाभार्थियों को किया गया लाभान्वित

### लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम का किया गया सजीव प्रसारण

**कौशांबी।** प्रदेश सरकार के नव निर्माण के नौ वर्ष पूर्ण होने पर कलेक्ट्रेट परिसर में विभिन्न विभागों के विभागीय योजनाओं की प्रदशनी लगाई गई जिसमें गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार प्रदान किया व बच्चों का अन्नप्राशन कराया।प्रदेश सरकार के ह्लनव निर्माण के नौ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर उदयन सभागार में आयोजित वृहद ऋण मेला कार्यक्रम में सीएम युवा उद्यमी योजना के लाभाथिर्यां को डमी चेक/स्वीकृत पत्र प्रदान किया गया।प्रदेश सरकार के नव निर्माण के नौ वर्ष पूर्ण होने पर लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम का उदयन सभागार में सजीव प्रसारण किया गया तथा उपस्थित लागों ने मुख्यमंत्री एवं उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व बृजेश पाठक के उद्बोधन को सुना।इस अवसर पर डीएम जिलाध्यक्ष धर्म राज मौर्या अध्यक्ष नगर पालिका परिषद भरवारी कविता पासी मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी नेता उपस्थित रहे।

# बसपा नेता का आतंक खुलेआम गुंडई विधवा महिला वा उसके बेटे पर हमला

## जमीन की कीमत दिए बिना जमीन बैनामा करने का विधवा महिला पर बनाया दबाव

अखंड भारत संदेश



**टेढ़ी मोड़/कौशांबी।** बसपा के एक नेता का भाजपा की सरकार में इन दिनों जोरदार आतंक व्याप्त है जिससे आम जनता पीड़ित परेशान है अझुवा कस्बे की विधवा महिला संगीता देवी पत्नी अमरनाथ केसरवानी व उसके बेटे हर्ष केसरवानी की जमीन को बसपा नेता राजू गौतम निवासी अट सराय ने 50 लाख रुपए में संजय कबाड़ी के माध्यम से तय किया था लेकिन बयाना के नाम पर नगद वा चेक के माध्यम से 4 लाख 80 हजार रुपए महिला और उसके बेटे को दिया 45 लाख रुपए जमीन का महिला को नहीं दिया गया और जमीन अपने कब्जे में लेने और तहसील में रजिस्ट्री करने का दबाव बनाया जाने लगा जमीन खरीदने के बाद शेष पैसा 45 लाख रुपए से अधिक महिला को देने के बजाय महिला से जमीन बैनामा कराने का राजू गौतम वा उसका साथी संजय कबाड़ी दवाब बनाने लगा बुधवार को महिला के होटल में राजू गौतम साथी के साथ पहुंचा और कहां चलो जमीन बैनामा कर दो जब महिला ने बिना पैसा लिए जमीन बैनामा करने से इनकार किया तो विधवा महिला के होटल ढाबे में महिला और उसके बेटे के साथ बसपा नेता राजू गौतम और संजय कबाड़ी द्वारा मारपीट की गई गाली गलौज किया गया जान से मारने की धमकी दी गई होटल में जिस तरह से बसपा नेता और उसके साथी ने आतंक अत्याचार खुलेआम किया है कानून व्यवस्था पर सवाल खड़ा कर रहा है जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है अब सवाल उठता है कि विधवा महिला को उसकी जमीन की कीमत दिए बिना जमीन का बैनामा करवाने की बात कहां से उत्पन्न हो रही है यह तो खुलेआम गुन्डई हैं आप जनता के साथ आतंक अत्याचार है कि जमीन भी ले लेंगे पैसा भी नहीं देंगे बसपा नेता की इस गुड़ाई पर चारों तरफ निंदा हो रही है बसपा नेता का आतंक इस कदर है कि विधवा महिला और उसके बेटे के साथ मारपीट लड़ाई झगड़ा के बाद कानून व्यवस्था से भयभीत होने के बजाय राजू गौतम सैनी कोतवाली पहुंच गया पुलिस को शिकायती पत्र देकर विधवा महिला पर ही आरोप लगाने लगे हैं 45 लाख हड़पने की नियत रखने वाले राजू गौतम अनुसूचित जाति में फसाने की तहरीर देने लगे हैं जिससे इनके आतंक अत्याचार का अंदाजा लगाया जा सकता है उसके बाद महिला भी सैनी कोतवाली पहुंची और राजू गौतम वा संजय कबाड़ी के विरुद्ध शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है राजू गौतम और उसके साथी संजय कबाड़ी की खबर लिखे जाने तक गिरफ्तारी नहीं हुई है।

## निर्माणाधीन रामवन गमन मार्ग व प्रयागराज एयरपोर्ट-कौशाम्बी मार्ग एवं सोशल सेक्टर की डीएम ने की बैठक

**कौशांबी।** जिलाधिकारी डॉ.अमित पाल ने कार्यालय कक्ष में निर्माणाधीन रामवन गमन मार्ग व प्रयागराज एयरपोर्ट-कौशाम्बी मार्ग एवं सोशल सेक्टर की समीक्षा बैठक की।जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता, लो.नि.वि. निर्माण खण्ड दयाशंकर से निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि उप जिलाधिकारी से समन्वय कर भूमि से सम्बन्धित समस्याओं को निस्तारित कराते हुए निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ समयबद्ध पूर्ण कराया जाए।

डीएम ने समाज कल्याण विभाग,पिछड़ा वर्ग कल्याण, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग व दिव्यांगजन सशक्तिकरण की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा के दौरान सम्बन्धित अधिकारियों को विभागीय योजनाओं में शत-प्रतिशत प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने राजकीय आश्रम पद्यति विद्यालयों में कराए जा रहें कार्यो को शीघ्र पूर्ण करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने नोडल अधिकारियों को नियमित रूप से राजकीय आश्रम पद्यति विद्यालयों का निरीक्षण कर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला समाज कल्याण अधिकारी को वृद्धाश्रम में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कन्या सुमंगला योजना के अन्तर्गत लम्बित आवेदनों को निस्तारित कराकर पात्रों को लाभान्वित करने के भी निर्देश दिए।

## न्यूज झरोखा

### ईद के त्योहार को लेकर संदीपन घाट थाना प्रभारी ने पुलिस बल के साथ हर्रायपुर चौराहा पर किया पैदल गस्त



**हर्रायपुर कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाना प्रभारी इंद्रदेव ने हर्रायपुर चौराहा पर पुलिस बल के साथ किया पैदल गस्त ईद के त्योहार को लेकर व सुरक्षा व्यवस्था को लेकर थाना पुलिस लगातार दिन से रात तक भ्रमण दौड़ भाग करती देखी जा रही है बुधवार को संदीपन घाट थाना क्षेत्र के हर्रायपुर चौराहे पर सांदीपन घाट थाना प्रभारी इंद्रदेव ने भारी पुलिस बल के साथ पैदल गस्त कर कानून व्यवस्था की जानकारी ली भ्रमण के दौरान उन्होंने नगर के व्यापारियों से वार्ता कर कानून व्यवस्था की जानकारी ली इसके साथ थाना अध्यक्ष ने संधिग्ध वाहनों की चेकिंग किया पैदल भ्रमण के दौरान थाना अध्यक्ष ने लोगों से कहा कि वह निभीक होकर व्यापार करें व शांति पूर्वक त्योहार मनाये व किसी प्रकार की समस्या होने पर पुलिस के फोन नंबर पर सूचित करें उन्होंने अराजक तत्वों को स्पष्ट संदेश दिया है कि वह अपराध छोड़ दें वरना उन पर कठोर कारवाई होगी इस मौके पर शंकरम दरोगा व आदि पुलिस बल मौजूद रहे।

### छात्रों एवं प्रधानाध्यापक का विदाई समारोह आयोजित



**भरवारी कौशांबी।** मंझनपुर विकासखंड क्षेत्र के कोतारी पश्चिम विद्यालय में तैनात प्रधानाध्यापक रामचंद्र 31 मार्च को रिटायर हो रहे हैं जिस पर विद्यालय में विदाई समारोह का आयोजन किया गया विद्यालय में आयोजित विदाई समारोह कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक रामचंद्र को माला पहनकर उनका स्वागत किया गया उनके कार्यो की सराहना की गई इसी के साथ कक्षा 8 में पढ़ने वाले विद्यार्थियों का भी विदाई समारोह का आयोजन किया गया है जिसमें छात्रों को भी सम्मान पूर्वक विद्यालय से विदा किया गया है इस मौके रामनरेश चंद्रबली रैना अनुज वर्मा ओमदत्त त्रिपाठी अनूप वर्मा सौम्या अवस्थी लव कुश चतुर्वेदी अतुल प्रकाश सहित तमाम शिक्षक मौजूद रहे।

### जिलाधिकारी ने की बाल कल्याण समिति की समीक्षा बैठक

**कौशांबी।** जिलाधिकारी डॉ.अमित पाल ने उदयन सभागार में बाल कल्याण समिति एवं किशोर न्याय बोर्ड की समीक्षा बैठक की बैठक में सदस्य,बाल कल्याण समिति ने बताया कि परिवार में पुनर्वासित 41 बच्चों तथा संस्थानों में आवासित 26 बच्चे का फॉलोअप लिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि माह फरवरी में 09 नए मामले आये है, जिनमें से 04 मामलों का निस्तारण कर दिया गया।जिलाधिकारी ने बाल कल्याण समिति को निर्देशित किया कि देखरेख एवं संरक्षण से सम्बन्धित परिवार में पुनर्वासित बच्चों का नियमानुसार फॉलोअप करते हुए लम्बित प्रकरणों को समयबद्ध निस्तारित किया जाए। वन स्टाप सेन्टर में आवासित पीड़िताओं के पुनर्वासन के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही पूर्ण कराते हुए उनका पुनर्वासन कराया जाय। उन्होंने जिला प्रोबेशन अधिकारी को उ0प्र0 रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष योजनान्तर्गत लम्बित प्रकरणों में नियमानुसार कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी,श्रम प्रवर्तन अधिकारी,सदस्य किशोर न्याय बोर्ड सहित सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## छिनैती की दो वारदातों का खुलासा एक आरोपी गिरफ्तार, दूसरा फरार

**कौशांबी।** सराय अकिल थाना और करारी थाना क्षेत्र में हुई दो छिनैती की घटनाओं का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इन घटनाओं के बाद इलाके में दहशत का माहौल बन गया था और पुलिस पर जल्द से जल्द मामले के खुलासे का दबाव बढ़ता जा रहा था जानकारी के मुताबिक,पहली घटना जरैनी गांव के पास हुई थी,जहां दिनदहाड़े एक महिला से मंगलसूत्र लूट लिया गया था। वहीं दूसरी वारदात लक्ष्मणपुर तिराहे पर हुई,जहां एक अन्य महिला को बदमाशों ने अपना शिकार बनाया। दोनों ही घटनाओं को अपाचे मोटरसाइकिल सवार दो शातिर बदमाशों ने सुनियोजित तरीके से अंजाम दिया था पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए सीसीटीवी फुटेज खंगाले, स्थानीय स्तर पर पूछताछ की और सर्विलांस की मदद से आरोपियों की पहचान की। इसके बाद तिल्हापुर-नहर मार्ग पर घेराबंदी कर पुलिस टीम ने एक आरोपी को धर दबोचा गिरफ्तार आरोपी की पहचान मो. सैफ उर्फ बाटे निवासी कौधियारा, प्रयागराज के रूप में हुई है, जो लंबे समय से आपराधिक गतिविधियों में सक्रिय था हालांकि,उसका साथी मौके का फायदा उठाकर बाइक छोड़कर झाड़ियों के रास्ते फरार हो गया पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी के कब्जे से लूटे गए मंगलसूत्र के दो लॉकेट और घटना में प्रयुक्त सफेद अपाचे मोटरसाइकिल बरामद की है। पूछताछ में यह भी खुलासा हुआ है कि आरोपी छिनैती के साथ-साथ प्रयागराज और मंझनपुर क्षेत्रों में मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं में भी शामिल रहे हैं चोरी की बाइकों का इस्तेमाल कर ये बदमाश लूट की वारदातों को अंजाम देते थे।फिलहाल फरार आरोपी की तलाश में पुलिस की टीमें लगातार दबिश दे रही हैं और जल्द गिरफ्तारी का दावा किया जा रहा है पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार ने इस सफल खुलासे पर पुलिस टीम की सराहना करते हुए 25 हजार रुपये का इनाम भी घोषित किया है।

# त्वरित सरल सस्ता व प्रभावी समाधान प्रदान करती हैं स्थायी लोक अदालतें : आस्था मिश्रा

अखंड भारत संदेश

### तहसील चायल सभागार में आयोजित हुआ विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर




**कौशांबी।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में दिनांक 18 मार्च 2026 को तहसील चायल के सभागार में स्थायी लोक अदालत विषय पर विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।डॉ.नरेन्द्र दिवाकर ने शिविर को संबोधित करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की।स्थायी लोक अदालत के सदस्य सिकंदर ने स्थायी लोक अदालत में शामिल किए जाने वाले सार्वजनिक उपयोगिता सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की।तहसीलदार चायल पुष्पेन्द्र गौतम ने तहसील विधिक सहायता क्लीनिक चायल में प्रदान की जाने वाली सेवाओं के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए कहा कि शीघ्र ही क्लीनिक में पीएलवी पुनः नियमित से रूप से बैठेंगे जिससे पीड़ितों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। तहसील चायल के पैनल अधिवक्ता सगीर अहमद एडवोकेट ने कहा कि तहसील स्तर पर किसी भी विधिक सहायता और मुकदमों की निःशुल्क पैरवी के लिए आप हमसे संपर्क कर सकते हैं। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कौशाम्बी श्रीमती आस्था मिश्रा ने कहा कि स्थायी लोक अदालत एक निरंतर चलने वाला निकाय है, जो सार्वजनिक उपयोगिता सेवाओं यथा बिजली, पानी, डाक, परिवहन, टेलिफोन बिल, गृह कर आदि से जुड़े मामलों का त्वरित सरल,सस्ता और प्रभावी समाधान के लिए गठित किया गया। इसके अंतर्गत आम जन की शिकायतें बिना अनावश्यक देरी के मुकदमेबाजी के पूर्व सुलह-समझौता के आधार पर निष्पक्ष एवं संतोषजनक तरीके से निस्तारित की जाती हैं।स्थायी लोक अदालत मामलों का निपटारा दोनों पक्षों के मध्य सुलह समझौता के आधार पर करती हैं। समझौता न होने पर भी स्थायी लोक अदालत स्वयं अवार्ड देकर मामले का निपटारा करती है।ये अदालतें सुलह के साथ-साथ गुण-दोष के आधार पर एक करोड़ रुपये तक के मामलों पर अंतिम फैसला सुनाती हैं।सार्वजनिक उपयोगिता वाली सेवाओं से जुड़े मामलों का निस्तारण मध्यस्थता के माध्यम से सुलह समझौता के द्वारा निपटारा कराया जा सकता है। एसडीएम चायल अरुण कुमार ने कहा कि आप इस तरह के मामलों के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कौशाम्बी के कार्यालय में अपनी बात रख सकते हैं या फिर इस तरह की किसी भी निःशुल्क विधिक सहायता के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वाराप्रत्येक तहसीलों में नियुक्त पराविधिक स्वयंसेवकों/ पीएलवी से मिलकर भी मदद ले सकते हैं। पीड़ित स्थायी लोक अदालत में जाने से पहले ही पीएलवी के माध्यम से हमसे संपर्क कर मामले का निस्तारण करवा सकते हैं कार्यक्रम का संचालन डॉ.नरेन्द्र दिवाकर और धन्यवाद ज्ञापन एसडीएम चायल ने किया। इस अवसर पर पीएलवी ममता दिवाकर, अमरदीप दिवाकर सहित बड़ी संख्या में वादकारी,अधिवक्ता और आम जन उपस्थित रहे।

## सम्पादकीय

### सोनम वांगचुक की रिहाई के मायने

**क्या** राष्ट्रीय सुरक्षा की परिभाषा भी अब भाजपा की सुविधा के अनुसार तय होगी, यह गंभीर सवाल पर्यावरण कार्यकर्ता और मैगसेसे पुरस्कार विजेता सोनम वांगचुक की रिहाई के फैसले के बाद उठा है। 26 सितंबर 2025 को सोनम वांगचुक को हिरासत में लिया गया था। पहले तो यह सरकार यह बताने ही तैयार नहीं थी कि वे किस जेल में रखे गए हैं। फिर बताया गया कि वे जोधपुर जेल में हैं। सरकार ने उन्हें राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बताते हुए उन पर राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) लगाया था। लेकिन शनिवार को अचानक मोदी सरकार को यह ज्ञान प्राप्त हुआ कि अब वांगचुक देश की सुरक्षा के लिए खतरा नहीं हैं और उनकी रिहाई का आदेश दिया गया।

पहले तो यह बात समझ से परे थी कि अपने राज्य के हक की बात करने में देश की सुरक्षा को कैसे खतरा हो सकता है। बता दें कि 2019 में जम्मू-कश्मीर से लद्दाख को अलग करने और उसे केंद्र शासित प्रदेश बनाने का फैसला मोदी सरकार ने लिया था। तब वहां की जनता को भरोसा दिलाया गया था कि अब उन्हें अच्छे से हक मिलेंगे और उनके राज्य की तरक्की होगी। लेकिन लद्दाखी जनता से किए वादे केंद्र सरकार ने पूरे नहीं किए और न ही उनकी मांगों का अब तक कोई समाधान निकाला गया। लद्दाख के लोगों की कुछ प्रमुख मांगें हैं, जैसे-लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा मिले। संविधान की छठी अनुसूची में शामिल किया जाए, ताकि आदिवासी क्षेत्रों की सुरक्षा मिले। लेह और करगिल दोनों के लिए अलग-अलग परिषद हों और सरकारी नौकरियों की खाली जगहें भरी जाएं। इन्हीं मांगों को लेकर सोनम वांगचुक बीते साल से अलग-अलग मौकों पर आमरण अनशन और दिल्ली तक मार्च कर चुके हैं। अक्तूबर 2024 में उन्होंने लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा देने और इसे छठवीं अनुसूची में शामिल करने के लिए लद्दाख से दिल्ली तक पैदल मार्च निकाला था। हालांकि दिल्ली पुलिस ने सिंधु बॉर्डर से उन्हें हिरासत में ले लिया था। साल 2025 में इसी मांग को लेकर 35 दिन की उनकी भूख हड़ताल के 15वें दिन 24 सितंबर को लेह में आंदोलन हिंसक हो गया जिसमें 4 लोगों की मौत हो गई थी और तकरीबन 50 लोग घायल हुए थे। इसके लिए सोनम वांगचुक को जिम्मेदार ठहराते हुए और उन्हें राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बताते हुए हिरासत में लिया गया। उनकी हिरासत पर सवाल उठाते हुए उनकी पत्नी गीतांजलि जे एंग्मो ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी, लेकिन इस पर सरकार बार-बार टालमटोल कर रही थी। आखिरकार न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति पी बी वराले की पीठ ने कह दिया था कि वे 17 मार्च को इस पर अंतिम सुनवाई करेंगे। पीठ ने यह भी कहा था कि सोनम वांगचुक के भाषणों के वीडियो इस बृहस्पतिवार को देखेंगे और उन्होंने रजिस्ट्रार से स्क्रीनिंग की व्यवस्था करने को कहा था। हालांकि केंद्र और केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख प्रशासन की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के. एम. नटराज ने कहा था कि सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता अस्वस्थ हैं और उन्होंने मामले में सुनवाई स्थगित करने का अनुरोध किया है।

# राजनीतिक जंग के आगाज में लोकतांत्रिक मूल्य फिर दांव पर

-: ललित गर्ग:-

**भारत** जैसे विशाल लोकतांत्रिक देश में चुनाव केवल सत्ता परिवर्तन की प्रक्रिया नहीं होते, बल्कि वे लोकतंत्र की परिपक्वता, जनविश्वास और राजनीतिक संस्कृति की परीक्षा भी होते हैं। जब किसी राज्य या क्षेत्र में चुनाव की घोषणा होती है तो स्वाभाविक रूप से राजनीतिक गतिविधियां तेज हो जाती हैं, आरोप-प्रत्यारोप का दौर चलता है और दल अपने-अपने एजेंडे को लेकर जनता के बीच पहुंचते हैं। किंतु इस पूरी प्रक्रिया के केंद्र में एक संस्था की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है-भारत का चुनाव आयोग। यही संस्था सुनिश्चित करती है कि चुनाव स्वतंत्र, निष्पक्ष और हिंसा-मुक्त वातावरण में संपन्न हों। इस बार असम, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और केरल जैसे चार बड़े राज्यों तथा केंद्रशासित प्रदेश पुडुचेरी में विधानसभा चुनावों की घोषणा के साथ ही देश की राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। इन पांचों स्थानों की कुल 824 विधानसभा सीटों पर मतदान होना है और देश के 17.4 करोड मतदाताओं के मन एवं मानसिकता की जानकारी भी मिलेगी। पिछली बार की तुलना में इस बार मतदान कम चरणों में संपन्न कराया जा रहा है, जो प्रशासनिक दृष्टि से एक महत्वपूर्ण परिवर्तन माना जा सकता है। असम, केरल और पुडुचेरी में जहां 9 अप्रैल को मतदान प्रस्तावित है, वहीं तमिलनाडु की सभी 234 सीटों पर 23 अप्रैल को मतदान होना है। दूसरी ओर पश्चिम बंगाल में चुनाव दो चरणों में आयोजित किए जा रहे हैं-पहले चरण में 23 अप्रैल को 152 सीटों पर और दूसरे चरण में 29 अप्रैल को 142 सीटों पर मतदान होगा। इन चुनावों की ओर पूरे देश की निगाहें लगी हुई हैं, क्योंकि इनके परिणाम केवल इन राज्यों की राजनीति ही नहीं बल्कि राष्ट्रीय राजनीतिक परिदृश्य को भी प्रभावित कर सकते हैं।

इन चुनावों का महत्व केवल राजनीतिक सत्ता परिवर्तन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह देश के लोकतांत्रिक स्वास्थ्य की भी परीक्षा है। विशेष रूप से पश्चिम बंगाल में लंबे समय से राजनीतिक संघर्ष और टकराव की स्थिति देखने को मिलती रही है। वहां सत्तारूढ़ दल तृणमूल कांग्रेस और मुख्य विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी के बीच तीखी राजनीतिक प्रतिस्पर्धा है। इस प्रतिस्पर्धा के कारण कई बार चुनावी हिंसा और राजनीतिक तनाव की घटनाएं भी सामने आती रही हैं। इसलिए यह चुनाव केवल सत्ता की लड़ाई नहीं बल्कि यह भी एक कसौटी है कि क्या लोकतांत्रिक प्रक्रिया हिंसा और भय से मुक्त रहकर संपन्न हो सकती है। लोकतंत्र का मूल आधार यह है कि प्रत्येक मतदाता बिना किसी दबाव, भय या प्रलोभन के अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके। भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में इस आदर्श को बनाए रखना आसान नहीं है। चुनाव आयोग के सामने सबसे बड़ी चुनौती यही होती है कि चुनाव प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्ष और पारदर्शी बनी रहे। इसके लिए आयोग को सुरक्षा बलों की तैनाती, मतदान केंद्रों की व्यवस्था, इलेक्ट्रॉनिक मतदान मशीनों की सुरक्षा और मतदाता सूची की शुद्धता जैसे अनेक पहलुओं पर लगातार निगरानी रखनी पड़ती है। इसके अतिरिक्त राजनीतिक दलों और उनके कार्यकताओं के आचरण पर भी नजर रखना जरूरी होता है ताकि चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन न हो।



इन चुनावों के संदर्भ में पश्चिम बंगाल विशेष चर्चा का विषय बना हुआ है। लंबे समय से वहां राजनीतिक हिंसा और टकराव की घटनाएं सामने आती रही हैं। कई विश्लेषकों का मानना है कि इस बार वहां सत्ता परिवर्तन की संभावना के कारण राजनीतिक संघर्ष और तीखा हो सकता है। सत्तारूढ़ नेतृत्व का प्रतिनिधित्व करने वाली ममता बनर्जी की सरकार के सामने सत्ता बनाए रखने की चुनौती है, वहीं विपक्ष अपनी पकड़ मजबूत करने की कोशिश कर रहा है। इस परिस्थिति में चुनाव आयोग की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है कि वह मतदान प्रक्रिया को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण बनाए रखे। दूसरी ओर केरल और तमिलनाडु की राजनीति भी अपने विशिष्ट स्वरूप के कारण चर्चा में रहती है। केरल में आमतौर पर सत्ता दो प्रमुख राजनीतिक मोर्चों के बीच बदलती रही है, जबकि तमिलनाडु की राजनीति क्षेत्रीय दलों के प्रभाव के लिए जानी जाती है। इन राज्यों में चुनावी प्रतिस्पर्धा तीव्र होती है, किंतु अपेक्षाकृत शांतिपूर्ण वातावरण में मतदान की परंपरा भी देखने को मिलती है। असम की स्थिति भी अलग है, जहां पूर्वोत्तर भारत की राजनीति के संदर्भ में चुनाव के परिणाम महत्वपूर्ण माने जाते हैं। यदि वहां सत्तारूढ़ दल फिर से सत्ता में लौटता है तो यह क्षेत्रीय राजनीति के लिए एक महत्वपूर्ण संकेत माना जाएगा। हालांकि इन सभी चुनावों के संदर्भ में एक प्रश्न लगातार उठता है कि क्या राजनीतिक दल लोकतंत्र की मयार्दाओं का पालन करने के लिए पर्याप्त गंभीर हैं। चुनावी राजनीति में प्रतिस्पर्धा स्वाभाविक है, किंतु जब यह प्रतिस्पर्धा हिंसा, घृणा और असहिष्णुता में बदल जाती है तो लोकतंत्र की मूल भावना को चोट पहुंचती है। दुर्भाग्य से कई बार राजनीतिक दल चुनाव जीतने की होड़ में लोकतांत्रिक शालीनता को नजरअंदाज कर देते हैं। आरोप-प्रत्यारोप, व्यक्तिगत हमले और हिंसक घटनाएं इस प्रवृत्ति के उदाहरण हैं। इस स्थिति में यह केवल चुनाव आयोग की जिम्मेदारी नहीं रह जाती कि वह चुनाव को निष्पक्ष बनाए। राजनीतिक दलों और उनके नेताओं की भी उतनी ही जिम्मेदारी है कि वे लोकतंत्र की गरिमा को बनाए रखें। यदि दल स्वयं ही आचार संहिता का सम्मान करें और अपने कार्यकताओं को संयमित आचरण के लिए प्रेरित करें तो चुनावी प्रक्रिया कहीं अधिक स्वस्थ और सकारात्मक बन सकती है। लोकतंत्र की सफलता केवल संस्थाओं पर निर्भर नहीं करती, बल्कि राजनीतिक संस्कृति और सामाजिक चेतना पर भी निर्भर करती है।

इसके साथ ही मतदाताओं की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। लोकतंत्र में अंतिम निर्णय जनता के हाथ में होता है। यदि मतदाता जागरूक और सजग हों तो वे ऐसे नेताओं और दलों को प्रोत्साहित करेंगे जो लोकतांत्रिक मूल्यों का सम्मान करते हैं। मतदाताओं को यह समझना होगा कि उनका वोट केवल एक राजनीतिक विकल्प नहीं बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था की दिशा तय करने वाला निर्णय भी है। इन पांच क्षेत्रों में होने वाले चुनाव इसलिए भी महत्वपूर्ण हैं क्योंकि वे यह संदेश देंगे कि भारत का लोकतंत्र किस दिशा में आगे बढ़ रहा है। यदि ये चुनाव शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न होते हैं तो यह न केवल देश के लिए बल्कि दुनिया के लिए भी एक सकारात्मक उदाहरण होगा। भारत को अक्सर दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में देखा जाता है, इसलिए यहां होने वाली चुनावी प्रक्रिया पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी नजर रहती है।

निश्चित तसौर पर यह कहा जा सकता है कि चुनाव केवल राजनीतिक प्रतिस्पर्धा का मंच नहीं हैं, बल्कि वे लोकतंत्र के मूल्यों की परीक्षा भी हैं। असम, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी में होने वाले चुनाव इस दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। यदि इन चुनावों में राजनीतिक दल संयम और जिम्मेदारी का परिचय दें, चुनाव आयोग अपनी निष्पक्षता और दृढ़ता बनाए रखे तथा मतदाता जागरूकता के साथ मतदान करें, तो यह लोकतंत्र की शक्ति को और अधिक सुदृढ़ करेगा। प्रश्न यह है कि क्या हम इन चुनावों के माध्यम से एक ऐसा आदर्श प्रस्तुत कर पाएंगे, जिसमें लोकतंत्र केवल मतपेटियों तक सीमित न रहकर शालीनता, सहिष्णुता और जनविश्वास की भावना को भी मजबूत करे। यही वह कसौटी है जिस पर इन चुनावों की सफलता या असफलता का वास्तविक मूल्यांकन किया जाएगा।

# मोदी को आ रही हैं आत्मा की आवाजें, लोगों की नहीं

शकील अख्तर

**बंगाल** में दांव ममता का भी नहीं मोदी का लगा है। हार और जीत उन पर असर डालेगी। वहां ममता की वापसी मतलब मोदी की कमजोरी पर मोहर। विपक्ष का दिल्ली का रास्ता आसान। यह बात लेफ्ट को भी समझना चाहिए। इस समय बंगाल उसकी और कांग्रेस की प्रतिष्ठा से नहीं जुड़ा। बंगाल केवल मोदी के वापस ताकतवर होने या उनका जादू खतम होने का चुनाव है। जीत कर ममता वहीं की वहीं रहेंगी। कांग्रेस पार्टी समाचार



शरीर मिथ्या है आत्मा अमर है! इसलिए पूरे देश से निकल रहीं एलपीजी, तेल की किल्लत की आवाजें सुनाई नहीं दे रहीं। मगर बंगाल की आत्मा की आवाज ड्डारूर सुनाई दे रही है।

और जब प्रधानमंत्री मोदी ने उसे अच्छी तरह सुन लिया और उसका खूब प्रचार कर दिया कि बंगाल बदलाव चाहता है तो चुनाव आयोग ने वहां सहित पांच राज्यों में चुनाव का अनाउंस कर दिया।

सारी समस्याएं इस समय बंगाल में हैं। यहां तक कि वहां की सरकार भी अपराधी चला रहे हैं। मगर कोई यह नहीं पूछ सकता कि केन्द्र की सरकार कौन चला रहा है? अमेरिका!

सब कुछ तो उसके आदेश अनुसार हो रहा है। रुस से तेल खरीदना बंद करो। बंद हो गया। 30 दिन के लिए खरीद सकते हो खरीदने लगे। लेकिन यह सब किसी को दिखाई नहीं दे रहा है। ठीक कोविड की तरह। लोग मर रहे हैं। आक्सीजन सिलेंडर नहीं हैं, दवा नहीं है, अस्पताल में बेड नहीं है। और मर जाएं तो शमशान नहीं। लाशें पुल से नीचे फेंक दी गईं। गंगा किनारे रेत में गाड़ दी गईं। मगर मोदी मोदी की आवाजों में कोई कमी नहीं आई। यहां तक कह दिया कि जो मर रहे हैं वे सीधे स्वर्ग जाएंगे।

नफरत का नशा ऐसा ही होता है। पहले नोटबंदी में देखा। पूरा देश परेशान हो गया। फिर कोविड में जिन्दगी और मौत के बीच कोई फर्क नहीं रह गया। और अब रसोई गैस की कमी के दौरान। जनता की परेशानियों से कोई मतलब नहीं। उसकी आवाज पहले तो निकलती ही नहीं है और जो थोड़ी बहुत आहें कराहें आती हैं वह सुनने के बदले जहां अपनी सरकारें नहीं हैं वहां की आत्मा की आवाजें सुन रहे हैं।

नफरत के नशे का यह आखिरी इम्तहान इस बार बंगाल में होगा। अगर यहां मोदी सफल नहीं हुए तो समझ लीजिए देश भर से नफरत का नशा टूटना शुरू हो गया है। पांच राज्यों में चुनाव है। मगर बीजेपी को सबसे ज्यादा उम्मीद बंगाल में है। विपक्ष शासित राज्यों में केरल और तमिलनाडु में कोई संभावना नहीं। यह दोनों राज्य एक बात और साबित करते हैं कि दक्षिण के लोग नफरत से कितने दूर हैं। हम क्यों नफरत में जी और मर रहे हैं यह दक्षिण के राज्यों को देखकर जरा सोचना चाहिए।

बंगाल में प्रधानमंत्री को जो जो कहना था सब कह लिया। उन्हें बातों से ही भरोसा है। आखिर बातों के दम पर ही वे 12 सालों से देश में शासन कर रहे हैं। जहां चुनाव होते हैं वे बातों का तूमार बांध देते हैं। चुनाव के बाद न उन्हें बिहार याद है न दिल्ली, कोई प्रदेश नहीं। जिसको मन चाहा मुख्यमंत्री बनाया। हटाया जैसे बिहार में हटा रहे हैं, मध्यप्रदेश से शिवराज को हटाया। कोई पूछने वाला नहीं।

प्रधानमंत्री को दो बातों पर भरोसा है। एक हिन्दू-मुसलमान का जो जहर उन्होंने फैलाया है उससे उन्हें लगता है कि कुछ भी करें इस जहर के नशे में डूबी जनता अब कुछ भी देखने-समझने काबिल नहीं रही। उसे काल्पनिक डर दिखाओ वह उस डर में जीते हुए मोदी ही बचाएंगे की सोच में उनका समर्थन करती रहेगी।

दूसरी बात उन्हें खासतौर से बंगाल के संदर्भ में यह लगता है कि वहां टीएमसी के खिलाफ लेफ्ट और कांग्रेस के भी होने से उन्हें मदद मिलेगी। पता नहीं लेफ्ट और कांग्रेस क्या सोचते हैं मगर यह बात सही है कि अगर बंगाल में ममता हार गईं तो उनके लिए दिल्ली और दूर हो जाएगी।

बंगाल का चुनाव ममता के अस्तित्व के लिए नहीं है। ममता बनी रहेंगी तो देश में कोई बड़ा फर्क नहीं पड़ जाएगा। लेकिन अगर ममता हार गईं तो मोदी फिर से ताकतवर हो जाएंगे। एक तरह से पुनर्जन्म हो जाएगा।

मोदी इस समय बहुत कमजोर हैं। अमेरिका के सामने सरेंडर तो राहुल गांधी बहुत दिनों से कह रहे थे। आपरेशन सिंदूर बीच में रोकने के समय से ही। मगर अब जब अमेरिका और इजरायल के ईरान पर हमले के कारण देश में एलपीजी और तेल की समस्या आई तो लोगों की समझ में राहुल गांधी की बातें आने लगीं। राहुल गांधी ने कहा था बहुत बड़ा तूफान आने वाला है वह आ गया। असर सीधा मध्यम वर्ग पर है। और वह अपनी सुविधा के लिए कभी भी किसी को भी छोड़ सकता है।

मध्यम वर्ग ने ही अन्ना हजारे का साथ देकर मोदी को लाया था और अब सारी समस्याएं उसी के सिर पर गिर रही हैं। गरीब लकड़ी जलाकर रोटी बना ले रहा है। मगर मिडिल क्लास के फ्लैट में लकड़ी कोयला नहीं जल सकता। उसे एलपीजी चाहिए।

मोदी को इसलिए ईरान के राष्ट्रपति से बात करना पड़ी। उन्होंने ईरान पर हमले की निंदा नहीं की। सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई की जिस तरह ट्रम्प ने हत्या करवाई और उसकी खुशी मनाई उस पर एक शब्द नहीं बोला। शोक तक व्यक्त नहीं किया। नए सुप्रीम लीडर चुने गए उसकी बधाई नहीं। जैसा अमेरिका ने कहा मोदी जी ने मान लिया। मगर अमेरिका गैस नहीं दिला पाया। हार्मुज स्ट्रेट जलडमरू मध्य से भारतीय जहाज नहीं निकलवा पाया। भारतीय मीडिया ने जरूर कोशिश की। खबरें चला दीं। मगर उससे जहाज नहीं चले। प्रधानमंत्री को खुद बात करना पड़ी।

ईरान से ऐतिहासिक संबंध रहे हैं। मगर मुस्लिम के खिलाफ माहौल बनाने के चक्कर में वहां से संबंध ही तोड़ लिए। चंद भक्त और पुलिस वाले खुश हो गए। संभल के एक पुलिस अधिकारी यह कहते सुने गए कि ईरान की बात करने पर मैं यह कर दूंगा, वह कर दूंगा। मगर प्रधानमंत्री ने बात कर ली। अब क्या करेंगे?

प्रधानमंत्री भक्तों का दिल तोड़ रहे हैं। अभी ईरान से पहले यूजीसी मामले में भक्त बहुत भड़के हुए थे। अभी भी हैं। प्रधानमंत्री मोदी सहित पूरी भाजपा के लिए वह गालियां इस्तेमाल कर रहे हैं जो उन्हें कांग्रेस, दलित, ओबीसी, महिला, मुस्लिम के लिए सिखाई गईं थी। आप हिंसा, क्रूरता, नफरत, गालियां सिखाओ और सोचो कि वे आप तक नहीं आएंगी तो ऐसा नहीं हो सकता।

मोदी चारों तरफ से फंसे हुए हैं। एपस्टीन फाइल से लेकर अडानी पर अमेरिका में हुए क्रिमिनल केस तक। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी बहुत आक्रामक हैं। प्रधानमंत्री लोकसभा में नहीं आ रहे। राहुल कह रहे हैं आएंगे भी नहीं। उन पर जार्ज सौरेस से पैसे लेने के आरोप बीजेपी लगाती रहती है। इस बार राहुल वे डाक्यूमेंट ले आए हैं कि मोदी के मंत्री हरदीप पुरी की बेटी को सौरेस से कितना पैसा मिला। सरकार कमजोर हो रही है। राहुल को अंदर से खबरें मिलना शुरू हो गईं हैं। यह इकबाल के खत्म होने का संकेत होता है।

अब इससे बचने का वापसी का मोदी के पास एक ही रास्ता है। अपनी पार्टी, प्रशासन पूरी व्यवस्था को यह बताना कि जनता पर उनका जादू अभी भी बरकरार है। बंगाल में इसलिए उन्होंने पूरी ताकत झोंक दी है। ममता कांग्रेस का विरोध करती हैं इसमें कोई दो राय नहीं। लेकिन क्या इस समय कांग्रेस को भी ममता का उतना ही विरोध करना चाहिए? इस समय ममता को एक आने नुकसान पहुंचाने का मतलब है मोदी को 16 आने फायदा पहुंचाना। पुराना मुहावरा है आने पाई वाला मगर जब लकड़ी और कोयले के पुराने दिन वापस आ गए तो पुराने मुहावरों में भी कोई बुराई नहीं है।

बंगाल में दांव ममता का भी नहीं मोदी का लगा है। हार और जीत उन पर असर डालेगी। वहां ममता की वापसी मतलब मोदी की कमजोरी पर मोहर। विपक्ष का दिल्ली का रास्ता आसान। यह बात लेफ्ट को भी समझना चाहिए। इस समय बंगाल उसकी और कांग्रेस की प्रतिष्ठा से नहीं जुड़ा। बंगाल केवल मोदी के वापस ताकतवर होने या उनका जादू खतम होने का चुनाव है। जीत कर ममता वहीं की वहीं रहेंगी। लेकिन अगर मोदी जीत गए तो ममता तो छोड़िए कांग्रेस लेफ्ट के लिए बना बनाया माहौल फिर खराब हो जाएगा।

## डीएम के न पहुंचने पर भड़के किसान, केवीके से लेकर डीएम कार्यालय तक जोरदार प्रदर्शन

अखंड भारत संदेश

**सुल्तानपुर। दिनांक** 18 मार्च 2026 को आयोजित किसान दिवस कार्यक्रम में जिले के मुखिया डीएम के न पहुंचने पर किसानों में भारी आक्रोश देखने को मिला। नाराज किसानों ने किसान दिवस का जोरदार बहिष्कार करते हुए कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) के बाहर धरने पर बैठकर प्रशासन के खिलाफ मुदार्बाद के नारे लगाए।



कुछ देर धरना देने के बाद आक्रोशित किसान डीएम कार्यालय की ओर कूच कर गए। वहां पहुंचकर किसानों ने डीएम कार्यालय के सामने ही धरना शुरू कर दिया और जमकर नारेबाजी की। स्थिति को गंभीर होता देख मामले को संज्ञान में लेते हुए जिलाधिकारी कुमार हर्ष स्वयं बाहर आए और किसानों से बातचीत की। डीएम ने किसानों को आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना जाएगा और अगले दिन सुबह 11:00 बजे बैठक कर समाधान का प्रयास किया जाएगा। डीएम के आश्वासन के बाद किसानों ने धरना समाप्त कर दिया और तय किया कि वे कल निर्धारित समय पर अपनी समस्याएं प्रशासन के समक्ष रखेंगे। इस दौरान जिला अध्यक्ष किसान कांग्रेस ओम प्रकाश सिंह, जिला अध्यक्ष हृदय राम वर्मा, पूर्व ब्लॉक प्रमुख जगदीश चौरसिया, जगदीश सिंह, रामप्रकाश सिंह उर्फ गुड्डू सिंह, अफसर अली, विजयपाल, राम भारत गॉड, वेद प्रकाश सिंह, राम , किरत मिश्रा जिला अध्यक्ष अंबावता छोटे लाल यादव कृष्णकांत पाठक जिला मीडिया प्रभारी कृष्ण कुमार यादव शरद श्रीवास्तव सलाउद्दीन हाशमी सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## प्रधान डाकघर में बम होने की अफवाह से मचा हड़कंप

अखंड भारत संदेश

**सुलतानपुर** । उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जब प्रधान डाकघर में बम रखे होने की अफवाह फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस-प्रशासन तुरंत हरकत में आ गया और पूरे क्षेत्र को सुरक्षा घेरे में ले लिया गया। मौके पर क्षेत्राधिकारी नगर सौरभ सामंत, नगर कोतवाल संदीप राय समेत भारी पुलिस बल पहुंचा। साथ ही डॉग स्क्वायड और एलआईयू स्थानीय खुफिया यूनिट की टीमों को भी मौके पर बुलाया गया, जिन्होंने सघन जांच शुरू की। प्रधान डाकघर परिसर को सुरक्षा की दृष्टि से खाली करा लिया गया और आने-जाने वालों की तलाशी ली जा रही है। पुलिस द्वारा हर संदिग्ध वस्तु की बारीकी से जांच की जा रही है।



फिलहाल मौके पर प्रारंभिक जांच की गयी, प्रारंभिक जांच में किसी भी तरह की संदिग्ध वस्तु मिलने की पुष्टि नहीं हुई है।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि यह अफवाह भी हो सकती है, लेकिन सुरक्षा के दृष्टिगत कोई भी लापरवाही नहीं बरती जा रही है।

पुलिस प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी संदिग्ध सूचना की तत्काल जानकारी पुलिस को दें जिससे किसी भी अनहोनी से बचा जा सके।

## स्कूली बच्चों की घोर लापरवाही, मौत को दे रहे दावत

अखंड भारत संदेश

**सुल्तानपुर । शहर** के ओमनगर क्षेत्र में बुधवार सुबह नियमों की खुली धज्जियां उड़ाती एक बेहद चिंताजनक तस्वीर सामने आई। बोर्ड परीक्षा देने जा रहे छः छात्र एक ही मोटरसाइकिल पर सवार होकर सड़कों पर दौड़ते नजर आए।यह नजारा सिर्फ लापरवाही नहीं, बल्कि सीधे-सीधे जान से खिलवाड़ है। एक बाइक पर दो से अधिक सवारी बैठना कानूनन अपराध है, ऐसे में छः छात्रों का सवार होना किसी बड़े हादसे को न्योता देने जैसा है।चौंकाने वाली बात यह रही कि इनमें से किसी ने भी हेलमेट नहीं पहना था। यदि जरा सा भी संतुलन बिगड़ता, तो गंभीर दुर्घटना से इंकार नहीं किया जा सकता था।स्थानीय लोगों ने इस घटना पर नाराजगी जताते हुए कहा कि परीक्षा के नाम पर इस तरह की मनमानी बर्दाश्त नहीं की जानी चाहिए।



अभिभावकों की भी जिम्मेदारी बनती है कि वे बच्चों को सुरक्षित तरीके से परीक्षा केंद्र तक पहुंचाएं।प्रशासन और यातायात विभाग के लिए यह घटना एक चेतावनी है। ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई और निगरानी बेहद जरूरी है, ताकि भविष्य में इस तरह की खतरनाक लापरवाही पर रोक लगाई जा सके।

# भाकियू ने जिलाधिकारी को दी किसान समस्याओं की जानकारी

**अखंड भारत संदेश**




**चित्रकूट ।** जिलाधिकारी पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में किसान दिवस कलेक्ट्रेट सभागार सोनेपुर में सम्पन्न हुआ। किसानों की अध्यक्षता भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष राम सिंह राही ने की। उन्होंने किसानों की समस्याओं से संबंधित जिलाधिकारी को पांच सूत्रीय मांगों पर ज्ञापन दिया। किसान जिलाध्यक्ष ने कहा कि गर्मी का समय शुरू हो गया है, जिले में पेयजल का संकट अभी से दिखने लगा है और जल जीवन मिशन हर घर जल योजना सफल नहीं हो रही है। जल संकट से निपटने के लिए हैंडपंप एवं खराब पड़े हैंड पंपों को री-बोर कराते हुए पेयजल समस्याओं से निपटा जा सकता है। जनपद में रबी की फसल तैयार है, तिलहन एवं दलहन खरीद के लिए खरीद केंद्र को प्रत्येक ब्लॉक एवं तहसील स्तर पर खोले जाएं, जिससे किसानों को समर्थन मूल्य का लाभ मिल सके।

भारतीय किसान यूनियन के जिला महामंत्री अरुण कुमार पाण्डेय ने कहा कि गर्मी में जायद की फसलों की तैयारी पूर्ण हो रही है, किसानों को भरोसा दिलाया जाए कि गौशाला से जानवरों को नहीं छोड़ा जाएगा। यदि ऐसा हुआ तो किसानों की फसल एवं लागत दोनों का नुकसान होगा। साथ ही उन्होंने कहा सहकारी समितियों में डीएपी खाद की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाए, भारतीय किसान यूनियन द्वारा लगातार कृषि विभाग से जिले में फसल बीमा योजना के लाभार्थियों की सूची सार्वजनिक करने को कहा जा रहा है, लेकिन बीमा कंपनी एवं कृषि विभाग सूची उपलब्ध कराने व सूची को सार्वजनिक कराने से कतरा रहा है, जिससे प्रतीत होता है कि बीमा कंपनी द्वारा किसानों के साथ पक्षपात किया गया है। कंठीपुर के किसान रामप्रकाश ने बताया कि जलजीवन मिशन द्वारा बनाई जा रही सड़क मानक अनुसार नहीं बनाई जा रही है। ब्लॉक अध्यक्ष जसवंत सिंह चैहान ने बताया कि ग्राम पंचायत सगवारा लोक निर्माण विभाग द्वारा सीसी रोड बनाई जा रही है जिसमें 3.75 मीटर चैड़ी रोड को मात्र 3 मीटर बनाया जा रहा है। किसानों ने जिलाधिकारी पुलकित गर्ग से उचित कार्यवाही कर मानक अनुसार कार्य कराए जाने का अनुरोध किया।

यूनियन के जिला उपाध्यक्ष रमेश सिंह फौजी, युवा बिंग जिलाध्यक्ष अर्जुन सिंह, युवा बिंग तहसील अध्यक्ष डुप्ले पटेल, छेदीलाल सिंह, गोरेलाल सिंह, योगेंद्र सिंह, जगमोहन, रामशरण राजपूत, ज्ञान सिंह, राजकुमार पटेल, शैलेन्द्र सिंह, नरेश सिंह, इंद्रजीत सिंह, अजीत कुमार शुक्ला, अनिल सिंह, विनय कुमार, अवधबिहारी सिंह, संदीप पटेल, शिव भवन वर्मा, नीतेश सिंह, उपकृषि निदेशक राजकुमार, समस्त कृषि अधिकारी एवं समस्त यूनियन सदस्यों सहित यूनियन के मीडिया प्रभारी देवेन्द्र सिंह मौजूद रहे।

# 25 मार्च तक हर हाल में कोषागार में प्रस्तुत कर दें बिल

**चित्रकूट ।** जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने बताया कि प्रदेश वित्त (लेखा) अनुभाग द्वारा प्रदेश के कोषागारों में वर्तमान में लागू ऑनलाइन बिल प्रस्तुतीकरण एवं ई-कुबेर प्रणाली के दृष्टिगत कोषागारों से समस्त देयकों का समय के अंतर्गत भुगतान सुनिश्चित हो सके, इस सम्बन्ध में निर्देश दिए गए हैं, कि सभी आहरण वितरण अधिकारियों द्वारा कोषागारों में समस्त बिल निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार 25 मार्च तक अवश्य प्रस्तुत कर दिये जाएं, जिससे कि प्रस्तुत बिलों की आवश्यक चेकिंग के बाद कोषागारों द्वारा बिल पासिंग तथा ई-पेमेण्ट के माध्यम से 31 मार्च तक भुगतान के लिए ऑथराईजेशन किया जा सके, क्योंकि कोषागारों द्वारा 31 मार्च को शाम 5 बजे तक ही ट्रांजेक्शन ऑथराईज किए जाएंगे, जिससे भारतीय रिजर्व बैंक के सर्वर पर ई-पेमेण्ट फाइलों को ससमय अपलोड किया जा सके। प्रस्तर-3 के अनुसार यदि किसी कारणवश 25 मार्च तक बिल कोषागार में प्रस्तुत नहीं किए जा सके हैं, तो 31 मार्च को आहरण एवं वितरण अधिकारियों द्वारा कोषागारों में बिल प्रस्तुत करने तथा कोषागारों द्वारा बिलों का पारण किए जाने के लिए समय सीमा निर्धारित की जाती है, जिसमें आहरण एवं वितरण अधिकारियों द्वारा कोषागारों में बिल प्रस्तुत किए जाने कि निर्धारित समय-सीमा 3 बजे तक, एवं कोषागारों द्वारा ट्रांजेक्शन अप्रूवल शाम 5 बजे तक रहेगा।

प्रस्तर-5 में के अनुसार इसका अनुपालन न करने तथा सामयिक आहरण के अभाव में किसी धनराशि के व्यपगत हो जाने पर सम्बन्धित अधिकारी उत्तरदायी होंगे। जनपद के समस्त आहरण वितरण अधिकारियों को निर्देशित किया जाता है कि उपर्युक्त शासनादेश का कड़ाई से अनुपालन करते हुए कोषागार में समयान्तर्गत बिल प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें, जिससे प्रस्तुत बिलों की आवश्यक चेकिंग के बाद बिलों की पासिंग तथा ई-पेमेण्ट के माध्यम से 31 मार्च तक भुगतान निर्धारित समयावधि में हो सके।

## कौशल कॉल सेन्टर से मिलेंगी योजनाओं की जानकारी- डीएम

**चित्रकूट ।** जिलाधिकारी पुलकित गर्ग द्वारा अवगत कराया कि उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन मुख्यालय में बुधवार को कौशल कॉल सेन्टर का उद्?घाटन विभागीय मंत्री द्वारा किया गया है। उक्त कॉल सेन्टर का उद्देश्य आम जनमानस को मिशन द्वारा संचालित समस्त योजनाओं की जानकारी प्रदान करना तथा किसी प्रकार की शिकायत या सुझाव को प्राप्त करना है। उपरोक्त के क्रम में यह आवश्यक है कि कौशल कॉल सेन्टर का जनपद स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, जिससे आम जनमानस को मिशन की गतिविधियों की जानकारी प्राप्त हो सके। इसके लिए निर्देशित किया जाता है कि तहसील स्तर पर उप जिलाधिकारी के माध्यम से तथा विकास खण्ड स्तर पर खण्ड विकास अधिकारी के माध्यम से कौशल कॉल सेन्टर का व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाना सुनिश्चित करें।

# 48 ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधानों को कराया गया एक्सपोजर विजिट

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट ।** जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जिलाधिकारी द्वारा ग्राम समूह पेयजल योजना के तहत ग्राम अगरहुण्डा स्थित 29 एम.एल.डी. क्षमता के वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट के निरीक्षण के दौरान दिए गए निर्देशों के क्रम में बुधवार को रैपुरा ग्राम समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत विकास खण्ड मानिकपुर के 48 ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधानों को एक्सपोजर विजिट कराया गया।

एक्सपोजर विजिट के दौरान ग्राम प्रधानों को पेयजल शोधन की सम्पूर्ण प्रक्रिया, विभिन्न ट्रीटमेन्ट स्ट्रक्चर्स एवं योजना की कार्यप्रणाली के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी। ग्राम प्रधानगणों को अवगत कराया गया कि रैपुरा ग्राम समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत 78 ग्रामों में 28925 घरों को गृह संयोजनों के माध्यम से पेयजल आपूर्ति किया जाना प्रस्तावित है। योजना के अंतर्गत गुन्ता बांध से कच्चा पानी लेकर अगरहुण्डा स्थित 29 एम.एल.डी. वाटर ट्रीटमेन्ट प्लान्ट में स्थापित विभिन्न यूनिटों से प्रोसेस कराते हुए शुद्ध पेयजल क्लियर वाटर रिजर्वायर में एकत्र होता है। योजनान्तर्गत 882-00 कि.मी. पाइप लाइन बिछाकर विभिन्न 11 नग सी.डब्लू.आर. एवं 25 नग ओवर हेड टैंकों पर पम्पिंग के माध्यम से भेजा जाता है, जिसके बाद ओवर हेड टैंक से सम्बन्धित ग्रामों में पेयजल आपूर्ति की जाती है। वर्तमान में 61 ग्रामों में पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ हो गई है, शेष ग्रामों में टेस्टिंग व कमिशनिंग का कार्य प्रगति पर है, टेस्टिंग व कमिशनिंग के अवशेष कार्यों को पूर्ण कराकर सभी ग्रामों में 30 अप्रैल तक पेयजल आपूर्ति किया जाना लक्षित है। साथ ही अवगत कराया गया कि पेयजल शोधन की प्रक्रिया अत्यन्त जटिल एवं तकनीकी होती है तथा विभिन्न चरणों से होकर शुद्ध जल ग्रामवासियों के घरों तक पहुंचाया जाता है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य यह है कि सम्बंधित ग्राम प्रधानों के माध्यम से ग्राम स्तर पर जल संरक्षण एवं जल का अनावश्यक अपव्यय न किया जाए इसके लिए जागरूकता बढाई जा सके।

विजिट के दौरान स्वप्निल कुमार यादव, अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे), अरविन्द कुमार मिश्रा, ब्लाक प्रमुख मानिकपुर, पवन कुमार सिंह, खण्ड विकास अधिकारी मानिकपुर, सुनील शुक्ला प्रधान संघ मानिकपुर के अध्यक्ष योजनान्तर्गत समस्त ग्रामों के ग्राम प्रधानगण, उत्तर प्रदेश जल निगम के सहायक अभियन्ता शशिकान्त मौर्य, जूनियर इंजीनियर विजय शंकर यादव, सत्येन्द्र राजभर, एस. मौर्या एवं सम्बन्धित ग्रामों के ग्राम पंचायत सचिव मौजूद रहे।

# यूपी सरकार के 9 साल पूरे, क्षेत्र पंचायत बैठक संपन्न : मऊ ब्लॉक सभागार में सरकारी योजनाओं पर हुई चर्चा

**अखंड भारत संदेश**




**मऊ/चित्रकूट ।** मऊ ब्लॉक परिषद सभागार में क्षेत्र पंचायत की बैठक संपन्न हुई। इस दौरान प्रदेश सरकार के नौ साल पूरे होने पर विभिन्न सरकारी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में ब्लॉक प्रमुख सुशीला देवी ने सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। उप जिलाधिकारी राम ऋषि रमन ने प्रधानमंत्री आवास, वृद्धा पेंशन, विकलांग पेंशन, शिक्षा और आयुष्मान कार्ड जैसी प्रमुख योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया।

खंड शिक्षा अधिकारी कृष्ण दत्त पांडे ने सभी अभिभावकों से अपने बच्चों को स्कूल भेजने का आग्रह किया। खंड विकास अधिकारी ओम प्रकाश यादव ने बताया कि ग्रामीण अपनी समस्याओं को पंचायत भवन में ऑनलाइन दर्ज करा सकते हैं। उन्होंने वृद्धा और विकलांग पेंशन, सामूहिक विवाह तथा आयुष्मान कार्ड जैसी योजनाओं के लिए भी पंचायत भवन में ही आवेदन करने की जानकारी दी। स्वास्थ्य विभाग से डॉ. प्रखंड निगम ने स्वास्थ्य संबंधी जानकारी और बचाव के उपाय बताए। पशु विभाग के अधिकारी रवि शंकर गौतम ने गौशाला और पशुओं से संबंधित विभिन्न योजनाओं पर प्रकाश डाला। कृषि विभाग के एसडीओ चरण सिंह और सीडीपीओ विभाग के कर्मचारी भी मौजूद रहे और संबंधित जानकारियां साझा कीं।

बैठक में नए कार्यों के प्रस्ताव रखे गए और लंबित कार्यों को पूरा करने के निर्देश दिए गए। कार्ययोजना भी तैयार की गई। इस अवसर पर बीडीसी सदस्य, ग्राम प्रधान, ब्लॉक प्रमुख सुशीला देवी, महिला स्वयं सहायता समूह की सदस्य, प्रधान संघ के अध्यक्ष प्रभात कुमार पांडेय, सहायक विकास अधिकारी दुर्गेश पांडेय समाज कल्याण एसडीओ दिनेश कुमार ग्राम पंचायत अधिकारी सहित क्षेत्र के अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

## अमावस्या मेले को लेकर कर्वी में यातायात व्यवस्था में बदलाव, प्रशासन ने जारी की गाइडलाइन , भारी वाहनों पर पूर्ण प्रतिबंध लागू

**चित्रकूट।** चैत्र मास अमावस्या मेले को लेकर चित्रकूट प्रशासन ने सुरक्षा और सुगम यातायात के लिए कड़ा निर्णय लिया है। 18 मार्च की सुबह 6 बजे से 19 मार्च की रात 12 बजे तक कर्वी नगर में भारी और मध्यम मालवाहनों का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा, हालांकि आपातकालीन और आवश्यक वस्तुओं के वाहनों को छूट दी गई है। इतना ही नहीं, 20 मार्च से अगले 30 दिनों तक भी शहर में निर्धारित समय के अनुसार इन वाहनों की एंट्री पर रोक जारी रहेगी। लोढ़वारा मोड़, रेहुटिया, खोह तिराहा, शेषनपुरवा और बेड़ी पुलिया जैसे प्रमुख मार्गों पर सुबह से रात तक सख्त नो-एंट्री लागू रहेगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि नो-एंट्री क्षेत्र में पहले से मौजूद भारी वाहन सुबह 6:30 बजे तक हर हाल में बाहर निकल जाएं। प्रयागराज, बांदा और सतना की ओर जाने वाले वाहनों के लिए वैकल्पिक डायवर्जन मार्ग तय किए गए हैं, जिससे शहर में जाम और दुर्घटनाओं की आशंका को रोका जा सके। वहीं दोपहिया और हल्के वाहनों के लिए भी विशेष मार्ग निर्धारित किए गए हैं। प्रशासन का यह कदम जहां श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करेगा, वहीं शहरवासियों को भी ट्रैफिक अनुशासन का पालन करना होगा, ताकि आस्था के इस मेले में व्यवस्था और सुरक्षा दोनों बनी रहे।

## चित्रकूट में 10 ग्राम प्रधान सम्मानितःखादी ग्रामोद्योग योजनाओं को बढ़ावा देने पर सीडीओ ने किया पुरस्कृत

**चित्रकूट।** जिले में मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) डीपी पाल ने खादी ग्रामोद्योग विकास प्रोत्साहन नीति के तहत 10 ग्राम प्रधानों को सम्मानित किया। यह सम्मान वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए दिया गया है। इन ग्राम प्रधानों को खादी ग्रामोद्योग बोर्ड की योजनाओं को अपनी ग्राम सभाओं में अधिकतम लोगों तक पहुंचाने और उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए चुना गया था। उन्होंने ग्रामीण रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सम्मानित होने वाले ग्राम प्रधानों में विकासखंड कर्वी से अमानपुर की कुसुम निषाद और खोही की भोली देवी शामिल हैं। विकासखंड पहाड़ी से ओरा के फूलचंद और कपना इटौरा की माया देवी को सम्मानित किया गया। रामनगर विकासखंड से घुनुवा के रामसूरत और भभेट अंबेडकर कॉलोनी की उषा देवी को भी सम्मान मिला। इसके अतिरिक्त, विकासखंड मऊ से निधि की मनभावन और अहिरी की सीता रानी को सम्मानित किया गया। विकासखंड मानिकपुर से खरौंध के लवकुश और रामपुर तरौंहा के मिथिलेश भी सम्मानित होने वालों में शामिल थे। प्रत्येक ग्राम प्रधान को प्रोत्साहन स्वरूप 2000 रुपये, एक प्रशस्ति पत्र और एक अंग वस्त्र प्रदान किया गया।

## समेकित शिक्षा का मिशन- चित्रकूट में दिव्यांग बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ने की पहल

**चित्रकूट।** जिले में समावेशी शिक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत 06 से 14 वर्ष आयु वर्ग के दिव्यांग बच्चों के शैक्षिक पुनर्वास को लेकर 5 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राज्य परियोजना कार्यालय लखनऊ के निर्देश पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बीके शर्मा के निर्देशन में खंड शिक्षा अधिकारी मानिकपुर मिथिलेश कुमार एवं जिला समन्वयक समेकित शिक्षा श्याम सुन्दर की मौजूदगी में 128 सहायक अध्यापकों और नोडल शिक्षकों को दो बैचों में प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण में शिक्षकों को न केवल दिव्यांग बच्चों की शैक्षिक आवश्यकताओं को समझने के गुर सिखाए गए, बल्कि उन्हें सामान्य बच्चों के साथ मुख्यधारा में जोड़ने की व्यवहारिक रणनीतियों से भी अवगत कराया गया। विशेषज्ञों द्वारा दिए गए मार्गदर्शन ने शिक्षकों में नई सोच और संवेदनशीलता का संचार किया। इस पहल ने स्पष्ट किया कि अब शिक्षा केवल किताबों तक सीमित नहीं, बल्कि हर बच्चे तक समान अवसर पहुंचाने का संकल्प बन चुकी है।

# गाजे बाजे के साथ निकाली गई कलश यात्रा

## कलश यात्रा के साथ 9 दिवसीय श्रीरामकथा का शुभारंभ

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** सन्त रणछोड़दास महाराज के कर कमलों से जानकीकुंड में स्थापित रघुबीर मन्दिर ट्रस्ट बड़ी गुफा में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी चैत्र नवरात्रि का उत्सव रामनवमी पर बड़े ही भक्ति भाव पूर्वक एवं हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। इस वर्ष वृंदावन के मलूक पीठ के पीठाधीश्वर एवं रेवासा राजस्थान पीठ के पीठाधीश्वर राजेंद्र दास महराज प्रभु राम की पावन कथा का गान करेंगे। इस अवसर पर ट्रस्टी इलेश जैन एवं महिला समिति की अध्यक्षा ऊषा जैन ने बताया कि, इस वर्ष कथा श्रवण करने एवं उत्सव में सम्मिलित होने देश के विभिन्न प्रान्तों से गुरुभाई बहनों एवं राम कथा रसिक प्रेमियों का आना शुरू हो गया है। इस वर्ष के नवदिवसीय कथा का प्रारम्भ चैत्र कृष्ण अमावस्या बुधवार को कलश यात्रा के साथ प्रारम्भ हो गया, जिसमें गाजे बाजे हाथी, घोड़े ,बग्घी के साथ मंगल कलश के साथ माताएं, साधु संत एवं सदगुरु परिवार के सभी सदस्यों की अगवानी में रामायण की पोथी के साथ सदगुरु नेत्र चिकित्सालय के प्रार्थना भवन से रघुवीर मंदिर होते हुए विद्याधाम प्रांगण तक भव्य मंगल कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा की शुरूआत गुरु पूजन के साथ हुई ट्रस्ट के अध्यक्ष विशद भाई मफत लाल की धर्म पत्नी एवं ट्रस्ट की ट्रस्टी रूपल मफत ने गुरुपूजन किया। इसके बाद कलश यात्रा की शुरूआत हुई। इसके बाद 19 मार्च से 27 अप्रैल तक प्रतिदिन प्रातः 7.00 बजे से रामचरितमानस का नवान्ह पारायण सुरेन्द्र शास्त्री रघुवीर मंदिर में करेंगे एवं पूज्य मलूक पीठाधीश्वर राजेंद्र दास महाराज की कथा विद्याधाम विद्यालय के प्रांगण में अपराह्न 3.30 से 6.30 तक प्रतिदिन होगी। साथ ही गौ सेवा केन्द्र की संचालिका ऊषा जैन ने बताया कि पञ्चमी को सायँ गोधूलि बेला में गौ सेवा केंद्र के वार्षिकोत्सव के निमित्त 56 भोग का गौ अन्नकूट एवं आरती का आयोजन किया जाएगा। रामनवमी के दिन प्रातः 11 बजे से मन्दिर में बधाई एवं दोपहर ठीक 12 बजे भगवान का जन्मोत्सव मनाया जाएगा।

# जनगणना को लेकर पुनः हुआ अधिसूचना का प्रकाशन

**चित्रकूट।** उत्तर प्रदेश शासन के सामान्य प्रशासन अनुभाग द्वारा भारत सरकार, गृह मंत्रालय की अधिसूचना के क्रम में भारत की आगामी जनगणना के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी जारी की गई है। इस संबंध में भारत सरकार द्वारा जारी अधिसूचना 22 जनवरी 2026 को उत्तर प्रदेश के सरकारी गजट में पुनः प्रकाशित किया गया है। जारी अधिसूचना के अनुसार जनगणना अधिनियम 1948 तथा जनगणना नियमावली 1990 के प्रावधानों के अंतर्गत जनगणना अधिकारियों द्वारा अपने-अपने नियुक्त स्थानीय क्षेत्रों में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना की कार्यवाही निर्धारित अनुसूचियों के माध्यम से संपादित की जाएगी। इस दौरान जनगणना कार्य से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर नागरिकों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की जाएगी।

जनगणना के अंतर्गत भवन संख्या, मकान की संरचना से संबंधित प्रमुख सामग्री, मकान का उपयोग एवं स्थिति, परिवार के सदस्यों की संख्या, परिवार के मुखिया का विवरण, सामाजिक वर्ग से संबंधित जानकारी, मकान के स्वामित्व की स्थिति, उपलब्ध कमरों की संख्या, पेयजल एवं प्रकाश के स्रोत, शौचालय एवं स्नानगृह की उपलब्धता, रसोईघर एवं एलपीजी व पीएनजी कनेक्शन, खाना पकाने के लिए प्रयुक्त ईंधन, संचार एवं परिवहन के साधन, इंटरनेट सुविधा सहित अन्य आवश्यक जानकारियां एकत्र की जाएंगी। इसके अतिरिक्त जनगणना संबंधी सूचना के उद्देश्य से नागरिकों से मोबाइल नंबर भी प्राप्त किया जा सकेगा। शासन द्वारा आमजन से अपील की गई है कि वे जनगणना अधिकारियों को सही एवं पूर्ण जानकारी प्रदान कर जनगणना कार्य को सफल बनाने में सहयोग करें।

# अमेरिका ईरान इजराइल युद्ध में 'सजिल मिसाइल' की एंट्री !

**ईरान**

**इजराइल** और अमेरिका से जारी जंग में ईरान ने सबसे घातक हथियार का इस्तेमाल किया है। तेहरान से आईआरजीसी ने इजराइल पर सजिल मिसाइल से ताबड़तोड़ अटैक किया है। जो आधुनिक बैलेस्टिक मिसाइलों में से सबसे घातक माना जाता है। ऐसे में ईरान की तरफ से इजराइल पर किए गए इस घातक प्रहार से तबाही अब और बढ़ सकती है। जानकारी के मुताबिक ये मिसाइल ईरान से सिर्फ 7 मिनट में इजराइल की तेल अभी पहुंच सकती है। ऐसे में एयर डिफेंस को भी इसे रोक पाना मुश्किल है। बता दें सजिल मिसाइल सॉलिड फ्यूल से ऑपरेट होती है जो 2000 किमी तक हमला करने में सक्षम है।

700 किग्रा पेलोड अपने साथ ले जा सकती है। जिसकी 6000 प्रति घंटे के हिसाब से स्पीड मापी जाती है और साथ ही मिसाइल हाई ऑल्टीट्यूड पर भी दिशा



बदलने में सक्षम है। ईरान से छिड़े युद्ध में जहां एक तरफ अमेरिका ताबड़तोड़ टॉम हॉक्स मिसाइल दाग रहा है जो दुनिया के सबसे घातक मिसाइलों में से एक है। ऐसे में ईरान की तरफ से जंग में सेटल मिसाइल के अटैक से खतरा और बढ़ सकता है। अमेरिका-इजराइल के संयुक्त हमले के दो सप्ताह बाद भी ईरान ने जवाबी हमले के रूप में इजराइल के अलावा पड़ोसी देशों में मौजूद अमेरिकी ठिकानों और तेल अवसंरचना को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की। इजरायल ने लेबनान की राजधानी बेरूत में हिजबुल्ला के ठिकानों पर जमकर बमबारी की। इजरायल ने तेहरान पर भी नए सिरे से हमले शुरू किए, वहीं दुबई को अपने हवाई अड्डे को अस्थायी रूप से बंद करने के लिए मजबूर होना पड़ा क्योंकि एक ईरानी ड्रोन ने ईंधन टैंक को निशाना बनाया था।

ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजरानी यातायात को भी प्रभावी रूप से रोक दिया है, जिसके माध्यम से दुनिया के 20 प्रतिशत तेल का परिवहन होता है। इसकी वजह से वैश्विक ऊर्जा संकट की आशंकाएं बढ़ रही हैं और अमेरिका पर दबाव बढ़ रहा है क्योंकि उपभोक्ता पहले से ही पेट्रोल पंपों पर महंगाई का सामना कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत सोमवार को 100 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल से ऊपर स्थिर रही। शुरूआती कारोबार में यह 104 अमेरिकी डॉलर पर था, जो 28 फरवरी को अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर हमले के बाद से लगभग 45 प्रतिशत की वृद्धि दशार्ता है। संघर्ष के दौरान इसकी कीमत लगभग 120 अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गई थी। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को कहा कि उन्होंने लगभग सात देशों से युद्धपोत भेजने की मांग की है, ताकि होर्मुज जलडमरूमध्य को खुला रखा जा सके।

बहरहाल, ईरान युद्ध के बीच तेल की कीमतों में तेजी के बावजूद उनकी अपील पर अभी तक किसी देश ने ठोस प्रतिबद्धता नहीं जतायी है। ट्रंप की रिपब्लिकन पार्टी को इस बात की चिंता सता रही है कि अमेरिकी उपभोक्ताओं के लिए बढ़ती कीमतें इस शरद ऋतु में होने वाले चुनावों में उसकी संभावनाओं को तिरोहित कर सकती हैं।

## अमेरिकी हवाई हमला से दहला ईरान, चाबहार पोर्ट के पास सैन्य ठिकानों पर किया गया बड़ा हमला



**अमेरिका**

**वॉयस** ऑफ अमेरिका के हवाले से बताया गया है कि सोमवार को अमेरिका द्वारा किए गए नए हवाई हमलों के दौरान ईरान के चाबहार मुक्त व्यापार क्षेत्र के पास भीषण विस्फोटों की आवाजें सुनाई दीं। खबरों के मुताबिक, हवाई हमलों में ईरान के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया।

यह पता नहीं चल पाया है कि इन हवाई हमलों में कोई हताहत हुआ है या नहीं। यह मुक्त व्यापार क्षेत्र ईरान के दक्षिण-पूर्वी सिस्तान और बलूचिस्तान प्रांत में पाकिस्तान की सीमा के पास स्थित है। विदेशी निवेश को आकर्षित करने और पारंपरिक तथा भीड़भाड़ वाले व्यापार क्षेत्रों से बचने के उद्देश्य से 1992 में स्थापित चाबहार मुक्त व्यापार क्षेत्र ईरान में एक प्रमुख औद्योगिक और पारगमन केंद्र के रूप में कार्य करता है। यह ईरान का एकमात्र समुद्री बंदरगाह भी है जिसकी हिंद महासागर तक सीधी पहुंच है। यह व्यापार क्षेत्र उज्बेकिस्तान और तुर्कमेनिस्तान जैसे कई मध्य एशियाई देशों के लिए पारगमन गलियारा प्रदान करता है और अफगानिस्तान तक भी पहुंच प्रदान करता है।

चाबहार के पास अमेरिका द्वारा हमला किए जाने का यह पहला मौका नहीं है। 28 फरवरी को, अमेरिका और इजरायल के संयुक्त हवाई हमले के पहले ही दिन, प्रांत में स्थित सैन्य ठिकानों पर हमला हुआ था। इस हमले में ईरान भर में सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया गया था और तत्कालीन सर्वोच्च नेता, अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या कर दी गई थी। ये हमले मध्य पूर्व में बढ़ते संघर्ष के बीच हुए। सोमवार को दुबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास एक ड्रोन हमले में ईंधन टैंक क्षतिग्रस्त हो गया, जिसके बाद भीषण आग लग गई। मध्य पूर्व में चल रहे अमेरिका-इजराइल-ईरान युद्ध के मद्देनजर एहतियात के तौर पर हवाई संचालन रोक दिया गया।

दुबई अधिकारियों ने बताया कि आग पर काबू पाने के लिए तुरंत नागरिक सुरक्षा दल तैनात किए गए थे।

## मध्य पूर्व संकट के बीच बड़ी राहत



**ईरान**

**बंदरगाह,** जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय ने मध्य पूर्व में तनाव और ईरान द्वारा होर्मुज जलडमरूमध्य की नाकाबंदी के बीच भारतीय जहाजों की स्थिति पर अद्यतन जानकारी जारी की है। मंत्रालय के अनुसार, भारतीय मालवाहक जहाजों से संबंधित समुद्री परिचालन स्थिर बना हुआ है और अब तक माल उतारने में कोई देरी नहीं हुई है। अधिकारियों ने यह भी पुष्टि की है कि पिछले 24 घंटों में कोई घटना दर्ज नहीं की गई है और सभी नाविक सुरक्षित हैं। मंत्रालय ने बताया कि मौजूदा स्थिति को देखते हुए नवी मुंबई स्थित जवाहरलाल नेहरू बंदरगाह (जेएलएन बंदरगाह) में माल के लिए अस्थायी भंडारण सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। माल ढुलाई में सहायता के लिए बंदरगाह ने अपने यहां से आने वाले माल पर 15 दिनों के लिए भंडारण शुल्क में 100 प्रतिशत छूट की घोषणा की है।

जहाजों की आवाजाही के बारे में जानकारी देते हुए मंत्रालय ने बताया कि शिवालिक नामक जहाज होर्मुज जलडमरूमध्य को पार कर चुका है और आज शाम करीब 5 बजे भारत पहुंचने की उम्मीद है। एक अन्य जहाज, जग लाडकी, जो संयुक्त अरब अमीरात से कच्चा तेल लेकर रवाना हुआ था, सुरक्षित रूप से भारत की ओर बढ़ रहा है और कल मुंद्रा बंदरगाह पर पहुंचने की उम्मीद है। अधिकारियों ने यह भी बताया कि वर्तमान में 22 मालवाहक जहाज होर्मुज जलडमरूमध्य के पश्चिम में तैनात हैं। इस बीच, जहाजरानी महानिदेशालय ने पिछले 25 घंटों में 33 नाविकों की स्वदेश वापसी में सहायता की है।

## नेतन्याहू का कॉफी शॉप वाला वीडियो है डीपफेक का कमाल? ग्रोक के दावे से हड़कंप

**इजरायल**

**इजरायली** प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू द्वारा अपनी मृत्यु की अफवाहों को खारिज करने के लिए एक कॉफी शॉप से साझा किया गया एक नया वीडियो सोशल मीडिया पर काफी चर्चा में है। अब ग्रोक के दावे ने नया विवाद खड़ा कर दिया है। ग्रोक की तरफ से वीडियो को लेकर दावा किया गया है कि ये आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) जेनरेटेड है। यह वीडियो ईरान में हुए हमले में उनकी मृत्यु की खबरों के इंटरनेट



पर फैलने के बाद शेयर किया गया था। वीडियो में नेतन्याहू ने अपनी मौत की खबरों का मजाक उड़ाते हुए कहते नजर आ रहे हैं कि मैं कॉफी के लिए मर रहा हूं। हालांकि, ग्रोक ने दावा किया कि वीडियो असली नहीं है और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से जेनरेटेड डीपफेक क्लिप है। इस दावे ने उनके ठिकाने और कुशलक्षेम को लेकर अटकलों को और हवा दी है।

ग्रोक के स्क्रीनशॉट हुए वायरल

बहस तब और तेज हो गई जब सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर मौजूद एआई चैटबॉट ग्रोक से एक यूजर ने इस वीडियो की प्रमाणिकता के बारे में पूछा।

## हम नहीं देंगे साथ... ब्रिटेन-ऑस्ट्रेलिया-जापान सबने एक-एक कर किया मना

**ब्रिटेन**

**युद्ध** तीसरे हफ्ते में प्रवेश कर चुका है और जमीन पर क्या हालात हैं इसका सही-सही अंदाजा लगाना मुश्किल है। ट्रंप ने उन देशों से युद्धपोत भेजने की अपील की है जिनकी तेल और गैस की सप्लाई होमूस के कारण रुक गई है। अब्राहम लिंकन और फोर्ड जैसे भीमकाय बेड़े वाला अमेरिका अकेले दम पर होर्मुज पार नहीं करा पा रहा है। 7 मार्च को ट्रंप ने ब्रिटेन का मजाक उड़ाया। जब ब्रिटेन के प्रधानमंत्री स्टारमर ने ट्वीट किया कि एचएमएस ड्रैगन और आरएफए लाइम बे नाम के दो युद्धपोत भेज रहे हैं। तब ट्रंप ने लिखा हमें ऐसे लोगों की जरूरत नहीं जो युद्ध जीतने के बाद उसमें शामिल हो। ट्रंप ने साफ-साफ मना कर दिया हमें जरूरत नहीं और हम इस बात को याद रखेंगे। एक सप्ताह के भीतर ट्रंप उसी ब्रिटेन से होर्मुज के लिए युद्धपोत मांग रहे हैं। गार्डियन अखबार ने खबर छापी है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री स्टारमर ट्रंप की अपील पर होर्मुज में अपना युद्धपोत नहीं भेजेंगे। पूरे इलाके को युद्ध में धकेल देने के बाद ट्रंप कह रहे हैं शायद अमेरिका को वहां होना ही नहीं चाहिए क्योंकि हमारे पास बहुत तेल हैं। 14 मार्च को ट्रंप ने अपने प्लेटफार्म ट्रुथ सोशल पर अपनी तरफ से लिख दिया कि होमूस बंद करने से प्रभावित देश अमेरिका के साथ अपने युद्धपोत भेजेंगे। हमने पहले ही ईरान की 100% सैन्य क्षमताओं को ध्वस्त कर दिया। लेकिन वो अभी भी होर्मुज पर ड्रोन या कोई माइन या मिसाइल छोड़ सकता है।



उम्मीद है चीन, फ्रांस, जापान, दक्षिण कोरिया, ब्रिटेन और दूसरे देश इस इलाके में अपने युद्धपोत भेजेंगे। बाद में बिना किसी देश का नाम लेते हुए ट्रंप ने अपने विमान एयरफोर्स वन पर कहा, "मैंने सात देशों से मांग की है कि होर्मुज की सुरक्षा के लिए बने गठबंधन में शामिल हो जाइए और अपनी टेरिटरी की रक्षा कीजिए। दो हफ्ते से ट्रंप कई बार दावा कर चुके हैं। ईरान को हरा दिया। इसके बाद भी दुश्मन के समंदर में पांव रखने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे। दो दिनों से ट्रंप अपील कर रहे हैं। अभी तक किसी देश ने अपने युद्धपोत भेजने का वादा नहीं किया।

जापान ने किया साफ मना

जापान डोनाल्ड ट्रंप के अनुरोध को ठुकरा चुका है। जापान का कहना है कि वह समुद्री सुरक्षा अभियानों पर 'विचार नहीं कर रहा है'

जबकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दूसरे देशों से होर्मुज जलडमरूमध्य की सुरक्षा में मदद के लिए युद्धपोत भेजने का आह्वान किया था।

## चीन को मिल गया मौका, ताइवान की घेराबंदी? ट्रंप हैरान!

**अमेरिका**

**मिडिल** ईस्ट में अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते युद्ध ने दुनिया की राजनीति को हिला कर रख दिया है। लेकिन इस युद्ध के बीच एक और बड़ा सवाल तेजी से उठ रहा है। क्या चीन इस मौके का फायदा उठाकर ताइवान पर हमला कर सकता है? जब भी अमेरिका किसी बड़े युद्ध में उलझा है, चीन ने कई बार रणनीतिक मौके तलाशने की कोशिश की। लेकिन इस बार कहानी थोड़ी अलग दिखाई दे रही है। दरअसल अमेरिका का ध्यान भले ही मध्य पूर्व की ओर चला गया हो, लेकिन चीन ने ताइवान के आसपास अपनी सैन्य गतिविधियां बढ़ाने की बजाय उल्टा कम कर दिया।



दरअसल, सोशल मीडिया पर स्ट्रेटेजिक एक्सपर्ट्स के बीच इन दिनों एक बड़ी बहस चल रही है। बहुत से लोग यह सवाल पूछ रहे हैं कि अगर अमेरिका अपनी सैन्य ताकत का बड़ा हिस्सा मध्य पूर्व में लगा देता है तो क्या चीन ताइवान के खिलाफ कोई भी बड़ा कदम उठा सकता है? इस सवाल के पीछे इतिहास का एक उदाहरण भी मौजूद है। दरअसल 1958 में चीन के नेता माओ ने किनमेन और मार्क्सू द्वीपों पर गोलाबारी की थी। यह द्वीप चीन के तट के बेहद करीब है। लेकिन आज भी ताइवान के नियंत्रण में है। उस समय अमेरिका लेबनान में सैन्य अभियान चला रहा था। माओ ने उस समय ताइवान और लेबनान को दो फंदे बताए थे। यानी ऐसे मोर्चे जो अमेरिका को अलग-अलग दिशाओं में उलझा सकते थे।

बता दें इसके बावजूद 2026 की स्थिति 1958 से काफी अलग दिखाई दे रही है। लेकिन ईरान के साथ अमेरिका और इजराइल के बढ़ते टकराव के बावजूद चीन ने ताइवान के आसपास सैन्य गतिविधियों को तेज करने की बजाय और भी ज्यादा कम कर दिया है। ताइवान के एयर डिफेंस जोन में मार्च महीने में अब तक सिर्फ दो चीनी लड़ाकू विमान देखे गए हैं। हाल ही के सालों में यह सबसे कम घुसपैठ का रिकॉर्ड माना जा रहा है।

## दुनिया की तेल सप्लाई खतरे में

**संयुक्त अरब**

**संयुक्त** अरब अमीरात के प्रमुख बंदरगाह फुजैराह पर ड्रोन से हमला हुआ है। यह होर्मुज जलडमरूमध्य के बाहर देश के एकमात्र निर्यात मार्ग को खतरे में डालने वाले हमलों की श्रृंखला में नवीनतम घटना है। फुजैराह मीडिया कार्यालय ने सोमवार को बताया कि ड्रोन हमले के कारण इलाके में स्थित पेट्रोकेमिकल्स कॉम्प्लेक्स में आग लग गई। मामले से परिचित सूत्रों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि क्षति का आकलन किए जाने तक एहतियात के तौर पर तेल लोडिंग रोक दी गई है। उन्होंने कहा कि उन्हें मीडिया से बात करने का





अधिकार नहीं है। शनिवार को हुए पिछले ड्रोन हमले में आग लगने के बाद सप्ताहांत में बंदरगाह पर लोडिंग फिर से शुरू हो गई थी।

क्षेत्रीय तनाव बढ़ने के बीच यूएई और सऊदी अरब के नेताओं ने क्षेत्रीय तनावों पर चर्चा की

सैन्य कार्रवाई तेज होने के मद्देनजर मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान और मोहम्मद बिन सलमान ने फोन पर बातचीत कर क्षेत्रीय घटनाक्रमों की समीक्षा की। गल्फ न्यूज के अनुसार, दोनों नेताओं ने क्षेत्रीय और वैश्विक सुरक्षा और स्थिरता के लिए इस तरह के तनाव से उत्पन्न गंभीर खतरों पर चर्चा की।


**अखंड भारत संदेश**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा, प्रयागराज से मुद्रित एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित

सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025

प्रबन्धक
अनूप मिश्रा

ऑफिस मो.:
9565333000

Email:
akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादो का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा


## ईरान में तबाही के बीच बगदाद से लेबनान तक तेज हुए मिसाइल और ड्रोन हमले

**इजराइल**

**पश्चिम** एशिया इस समय बारूद के ढेर पर बैठा है। अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच भड़कती जंग अब पूरे इलाके को अपनी चपेट में लेती जा रही है। हम आपको बता दें कि ताजा घटनाक्रम में अमेरिकी जेट विमानों ने ईरान के चाबहार मुक्त व्यापार क्षेत्र के पास सैन्य ठिकानों पर जबरदस्त हमला किया। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार हमले के बाद इलाके में जोरदार धमाकों की आवाजें सुनाई दीं और पूरा इलाका दहल उठा। उल्लेखनीय है कि यह क्षेत्र ईरान के सिस्तान बलूचिस्तान प्रांत में पाकिस्तान की सीमा के नजदीक स्थित है और रणनीतिक नजरिये से बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है।

इधर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सहयोगी देशों पर दबाव तेज कर दिया है कि वे होरमुज जलडमरूमध्य को दोबारा खोलने के लिए सैन्य और कूटनीतिक समर्थन दें। उल्लेखनीय है कि यह वही समुद्री मार्ग है जहां से दुनिया की तेल आपूर्ति का बहुत बड़ा हिस्सा गुजरता है। ट्रंप ने साफ चेतावनी दी है कि अगर सहयोगी देश इस जलमार्ग को सुरक्षित करने में मदद नहीं करते तो भविष्य में नाटो की विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल खड़े हो सकते हैं। इसी मुद्दे पर ट्रंप ने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर से भी बातचीत की और वैश्विक व्यापार को पटरी पर लाने के लिए जलमार्ग खोलने की जरूरत पर जोर दिया।

इस बीच, इजराइल और अमेरिका ने ईरान के अंदर हमलों का दायरा और तेज कर दिया है। तेहरान, हमदान और इस्फहान



जैसे प्रमुख शहरों में नए हमले किए गए हैं। इजरायली सेना के प्रवक्ता एफी डेफ्रिन ने दावा किया है कि ईरान के भीतर अब भी हजारों सैन्य ठिकाने ऐसे हैं जिन्हें निशाना बनाया जा सकता है। उनका कहना है कि अभियान अभी खत्म होने से बहुत दूर है और जरूरत पड़ी तो हमले और तेज होंगे। दूसरी ओर ईरान ने युद्धविराम की खबरों को सिरे से खारिज कर दिया है। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने साफ कहा कि तेहरान ने अमेरिका से किसी भी तरह के युद्धविराम की मांग नहीं की है। उनका कहना है कि जब तक हमलों का खतरा बना रहेगा तब तक बातचीत का कोई औचित्य नहीं है। ईरान की आधिकारिक समाचार एजेंसी ने भी कहा है कि युद्ध का अंत तभी स्वीकार होगा जब वह पूरी तरह निर्णायक और स्थायी हो।

उधर, जंग का असर अब पूरे पश्चिम एशिया में फैलता दिखाई दे रहा है। इराक की राजधानी बगदाद में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को रॉकेट और ड्रोन से निशाना बनाया गया। यहां अमेरिका का कूटनीतिक मिशन मौजूद है। वहीं बहरीन, कुवैत, कतर और सऊदी अरब ने दावा किया है कि उनके एअर डिफेंस सिस्टम ने कई ड्रोन और मिसाइलों को हवा में ही मार गिराया। इससे साफ संकेत मिल रहा है कि संघर्ष अब क्षेत्रीय टकराव का रूप लेता जा रहा है।

लेबनान में भी हालात बेहद तनावपूर्ण हैं। इजराइल ने दक्षिणी लेबनान के कई कस्बों पर नए हवाई हमले किए हैं और सीमा की ओर टैंक तथा सैनिकों की तैनाती बढ़ा दी है। रिपोर्ट के मुताबिक अब तक लेबनान में करीब आठ सौ पचास लोगों की जान जा चुकी है। इससे सीमा पर व्यापक युद्ध की आशंका और गहरा गई है।

वहीं इजराइली सेना का दावा है कि उसने अब तक ईरान पर करीब सात हजार छह सौ हमले किए हैं और ईरान की 85 प्रतिशत वायु रक्षा क्षमता को ध्वस्त कर दिया है।